हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित




Page 11 खेल

**कपिल देव और एमएस धोनी की विरासत रोहित शर्मा ने आगे बढ़ाया : गावस्कर**



Page 10 देश

**हरियाणा में जाट वोट बैंक पर सबकी नजर ! सतीश पूनिया लगा पाएंगे सेंध?**


शुक्ल पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 08 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 208 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73, 800 | ₹94,800 |



## आज का इतिहास

- **1497 :** 170 सदस्यीय दल के साथ समुद्र के रास्ते भारत पहुंचने के लिए वास्कोडीगामा यूरोप से रवाना हुए थे।
- **1758 :** फ्रांसीसी और भारतीय युद्ध-फ्रांसीसी सेनाओं ने ब्रिटिश कोलोना के लेक कॉलप्लेन के तट पर ब्रिटिश एटफर्ट कारिलन को हराया।

## पटना में निकली भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा

**पटना(नि.सं.)।** पटना में इस्कॉन मंदिर की ओर से भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने इसकी शुरुआत की है। पट खुलते ही डिप्टी सीएम ने पहले आरती की। इसके बाद सड़क पर झाड़ू लगाया। पूरा वातावरण हरे राम, हरे कृष्णा और जय जगन्नाथ की बोल से गूंज उठा है।

राज्य की धरोहर माने जाने वाली इमारतों का किया जाएगा रख-रखाव

# सरकारी भवनों के रखरखाव के लिए पॉलिसी ड्राफ्ट तैयार, मंत्रिमंडल को भेजने की तैयारी

- निर्माण एजेंसियों को करना होगा पांच साल रखरखाव
- इंजीनियरों की टीम बनाकर भवन रखरखाव नीति पर कार्य प्रारंभ
- एजेंसी के अधिकारी समय-समय पर भवन की गुणवत्ता का आकलन करेंगे



निज संवाददाता | पटना

राज्य की सड़कों की रखरखाव नीति के अनुरूप राज्य सरकार सरकारी भवनों, राज्य की वैसे इमारत जो धरोहर मानी जाती हैं उनकी रखरखाव नीति लाने वाली है। भवन निर्माण विभाग ने नीति का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। नीति के तहत सरकारी भवन परिसर की बेहतर ढंग से साफ-सफाई, पेड़-पौधों का ठीक ढंग से रखरखाव सहित भवनों की सुरक्षा के साथ-साथ सभी चीजें व्यवस्थित रखना भी शामिल होगा। राज्य सरकार ने करीब एक वर्ष पहले ही भवन निर्माण विभाग को सरकारी व ऐतिहासिक भवनों के रखरखाव की नीति बनाने के निर्देश दिए थे। आदेश के बाद सरकार ने इंजीनियरों की टीम बनाकर भवन रखरखाव नीति पर कार्य प्रारंभ किया। करीब एक वर्ष चले मंथन के बाद अब विभाग ने सरकारी भवनों, ऐतिहासिक इमारतों की रखरखाव नीति का प्रारूप तैयार कर लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकारी और ऐतिहासिक भवनों की रखरखाव नीति में जो प्राविधान किए गए हैं उसके अनुसार जो भी सरकारी भवन हैं उनके परिसर की प्रतिदिन पर्याप्त साफ-सफाई, परिसर में लगे पेड़-पौधों का रखरखाव, भवनों की सुरक्षा के साथ परिसर की अन्य चीजों को व्यवस्थित करना शामिल किया गया है।

नई नीति में यह प्रविधान भी किए गए हैं कि जिन एजेंसी को नए भवनों के निर्माण का जिम्मा दिया जाएगा उसे टेंडर निकालते वक्त ही अगले पांच वर्षो के लिए भवनों के रखरखाव की जिम्मेदारी का वहन भी करना होगा। इस पर होने वाले व्यय का वहन भी निर्माण एजेंसी ही करेगी। एजेंसी के अधिकारी समय-समय पर भवन की गुणवत्ता का आकलन करेंगे और अपनी रिपोर्ट सरकार को देंगे। इसके अतिरिक्त भवन निर्माण विभाग के अधिकृत इंजीनियर भी यथा संभव भवनों की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए अधिकृत होंगे। सूत्र बताते हैं कि नीति का प्रारूप तैयार होने के बाद विभाग अब प्रारूप मंत्रिमंडल के ध्यानार्थ भेजने की तैयारी में है। मंत्रिमंडल की सहमति के बाद नीति प्रभावी की जाएगी।

## सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य सुधीर मिश्रा किये गये सम्मानित



**औरंगाबाद(का.सं.)।** पटना में आयोजित नवबिहार टाइम्स के 35वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा को शिक्षा क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के कई मंत्री, जैसे डॉ. प्रेम कुमार, नितिन नवीन, महेश्वर हजारी, और पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह भी उपस्थित थे। डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा बिहार के शिक्षा क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति माने जाते हैं। उन्होंने सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में अपने सतत प्रयासों से उत्कृष्टता की स्थापना की है। उनका योगदान छात्रों के शैक्षिक उत्थान में महत्वपूर्ण रहा है और उन्होंने कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। डॉ. मिश्रा को उनके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई बार सम्मानित किया गया है। उन्होंने अपनी व्यापक ज्ञान और शैक्षिक क्षमताओं से बिहार के शिक्षा क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इस मौके पर डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने अपने समर्थकों और सिन्हा कॉलेज के सभी सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि उनके लिए यह एक गर्व का पल है। उन्होंने भविष्य में भी शिक्षा क्षेत्र में और अधिक से अधिक योगदान करने का आश्वासन दिया।

# चार छात्राएं डूबीं, तीन की मौत, एक लापता

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



सासाराम में तीन छात्राओं की नहर में डूबने से मौत हो गई। एक छात्रा की तलाश की जा रही है। चारों छात्राएं शनिवार को स्कूल से लौटने के वक्त नहर में पैर धोने गईं थीं। इसी दौरान एक छात्रा का पैर फिसल गया। उसे बचाने में बाकी तीन सहेलियां भी नहर के गहरे पानी में चली गईं। रविवार को 16 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने तीन छात्राओं का शव नहर से निकाला है। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लालगंज कुराईच नहर में धुवां गांव के पास की है।

मृतकों की पहचान धुवां गांव के मुन्ना यादव की बेटी विपाशा कुमारी(11), बिट्टू कुमारी (12) और धनजी प्रसाद की बेटी रिमझिम कुमारी (12) के रूप में हुई है। विपाशा और बिट्टू दोनों बहनें हैं। विपाशा छठवीं, बिट्टू कुमारी और रिमझिम सांतवी क्लास की स्टूडेंट थी। जबकि पूर्णवासी यादव की बेटी पूजा कुमारी (13) की तलाश की जा रही है। मौके पर मौजूद जिला पार्षद नेहा नटराज ने बताया कि शनिवार को महंदीगंज मध्य स्कूल से धुवां गांव की चार छात्रा पढ़कर अपने गांव लौट रही थी। इस दौरान बीच नहर में पुल पर हाथ पैर धोने लगीं, पैर फिसलने की वजह से एक लड़की डूबने लगी। तीनों लड़कियों ने उसे बचाने की कोशिश की। लेकिन वो भी बारी-बारी से डूब गईं।

मोहद्दीगंज मध्य विद्यालय के हेडमास्टर दीप नारायण सिंह ने बताया कि शनिवार को सवा तीन बजे स्कूल की छुट्टी हुई थी, उसके बाद चारों बच्चियां अपने गांव लौट रही थी, रास्तें में पैर साफ के दौरान यह हादसा हुआ। सासाराम मुफ्फसिल थानाध्यक्ष ने बताया कि चार बच्चियां नहर में डूबी थी। जिनमें से तीन का शव बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। चौथी बच्ची की तलाश जारी है।

## तीन मंजिली इमारत गिरने से तीन की मौत



निज संवाददाता | देवघर (झारखंड)

देवघर शहर में रविवार (7 जुलाई) को सुबह-सुबह बड़ा हादसा हो गया। सीता होटल के पास 3 मंजिली इमारत गिर गई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। करीब आठ घंटे बाद रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हुआ। मृतकों के नाम मनीष दत्त द्वारी, सुनील कुमार (38) और सुनील की पत्नी सोनी देवी शामिल हैं। 4 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। सभी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। 3 बच्चों को स्थानीय लोगों की मदद से पहले ही निकाल लिया गया था। जेसीबी और मजदूरों को बुलाकर गिरी हुई इमारत का मलबा हटवाया जा रहा है। पहला रेस्क्यू सुबह 8:30 बजे हुआ। एनडीआरएफ टीम ने अनुपमा देवी को बाहर निकाला। दूसरा रेस्क्यू 9:35 बजे हुआ। अनुपमा के पति मनीष दत्त द्वारी को निकालकर एनडीआरएफ टीम ने सदर अस्पताल भेजा। ऑनड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीता होटल के समीप बमबम बाबा पथ हंसकुप मुहल्ले में जिस वक्त हादसा हुआ, भवन में 3 परिवार की 3 महिला समेत 9 लोग अंदर थे।


शिक्षा परिशिष्ट की प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं

BIHAR INSTITUTE OF LAW

Ashiana More, Raja Bazar, Pillar No. 36, Bailey Road, Patna - 8000014

BAR COUNCIL OF INDIA

Affiliated By Patliputra University, PATNA and Recognised By The Bar Council of India, NEW DELHI & Govt. of Bihar

Exclusive Law Educational Campus in the State of Bihar with latest facilities.



Arun Shrivastava
Director (Academic)
Bihar Institute of Law

ADMISSION OPEN FOR

LL.M — 2 Years Course | LL.B — 3 Years Course | BA.LL.B — 5 Years Course

ADMISSION TAKEN AFTER ENTRANCE TEST



- Admission Process is going on for above courses.
- Admission Form available on college Counter & Website.

STUDENT Credit Card Accepted here







Special Features

Running in the Guidance of Sri Arun Shrivastava, Director

- Well Qualified Principal
- Best Professors in law subjects (Ph.D. & NET Qualified)
- Complete A/C Class Room
- Well Maintained A/C Library
- Update Law Journal, Text/Reference Books
- Boy's/Girls Separate Room
- Best Moot Court Room
- Free legal Aid/First Aid Clinic
- NSS wing.
- Well Maintained Office with Cultured employee
- Wi-Fi Campus & total Computerised office
- Separate Block for LL.M
- Well maintain conference Hall, Seminar Hall
- 24x7 Legal Library will be function shortly.

Exclusive Fully Air-condition with Wi-Fi LAW EDUCATIONAL Campus in Bihar.



Farhat Jabeen
Pro. Incharge

"Knowledge of Law For All"
A Legal Education That Works
Admission registration FORM available from JANUARY & Entrance Test will be held in MAY last week in every year

बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ़ लॉ का नारा है। कानून जानने का अधिकार हमारा है।

www.biharinstituteoflaw.com | bilpatna@gmail.com

9525650318 | 7079750318 | 9934627940

Follow us on FB : Bil Patna | Instagram: thebilpatna



DR.AMRITA
Principal

## संक्षिप्त समाचार

### वेतन भुगतान को 31 करोड़ जारी

**गया।** समग्र शिक्षा अंतर्गत कार्यरत गया जिले के प्रारंभिक शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए विभाग ने 31 करोड़ 44 लाख रुपए जारी किए हैं। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक ने इस बाबत डीईओ व डीपीओ स्थापना को निर्देश जारी किए हैं। राशि की समीक्षा कर वेतन भुगतान करने का आदेश दिया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि वितरण कार्य में किसी तरह की अनियमितता ना हो।

### गया-बोधगया के महत्व को देख शीघ्र शुरू होगी रेंटल कार सुविधा

**बोधगया।** एग्रीगेटर सर्विसेज उपलब्ध कराने वाली कंपनी के प्रतिनिधियों जैसे ओला, उबर, रैपिडो, सवारी सहित अन्य के साथ परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने शनिवार को बैठक की। सचिव, परिवहन विभाग, बिहार ने आईआईएम बोधगया में परिवहन कार्यालय गया के कार्यों की समीक्षा के दौरान इन सभी एग्रीगेटर प्रतिनिधियों को पुनः निर्देशित किया कि जल्द से जल्द टैक्सी सुविधा उपलब्ध कराए। सचिव ने मीटिंग के दौरान चिंता जताते हुए कहा कि गया-बोधगया जैसे विश्वस्तरीय तीर्थस्थल व पर्यटन स्थल क्षेत्र में भी तक ऑनलाइन कार रेंटल सेवा शुरू नहीं किया जा सका है। जबकि सुरक्षित व सहुलियत यात्रा के लिए ऑनलाइन कार रेंटल सेवा काफी महत्वपूर्ण है।

### श्रद्धांजलि सह पौधारोपण कार्यक्रम हुआ

**बिहारशरीफ।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपा महानगर उत्तरी के अध्यक्ष अमरेश कुमार के नेतृत्व में शहर के वार्ड संख्या 7 आशानगर मुहल्ला में मां संतोषी मंदिर के निकट भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सह पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "एक पेड़ मां के नाम' के आह्वान पर कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर के नजदीक नदी घाट पर पौधारोपण किया गया। जिला मंत्री रंजू कुमारी, डा. आशुतोष कुमार, अमरेश कुमार, विश्वनाथ कुमार, गौरी देवी, तेतरी देवी, राजनंदिनी कुमारी, अनिल कुमार मुन्ना, संजय कुमार, प्रेम नाथ रजक, उमेश कुमार, मनोज कुमार माली, रामा रजक, प्रकाश रजक, राहुल रजक, छोटे रजक, अरूण रजक, सोनू रजक, उषा देवी, मनोरमा देवी, मीना देवी, वीणा देवी, सोनी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, शांति देवी, सुषमा देवी उपस्थित थीं।

### गया में दफादार-चौकीदार पंचायत का एक दिवसीय धरना




**गया।** गया में बिहार राज्य दफादार चौकीदार पंचायत की प्रमंडलीय इकाई ने एक दिवसीय धरना दिया साथ उन्होंने जुलूस निकाल कर अपनी मांग के समर्थन में आवाज बुलंद की। धरना में शामिल दफादार चौकीदार पंचायत सदस्यों का कहना है कि दफादर चौकीदार को सेवानिवृत्ति के बाद उनके आश्रितों में से एक को नौकरी दिए जाने का प्रावधान था जो कि खत्म कर दिया गया था। बाद में वर्तमान सरकार के मुखिया ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले के आश्रितों को एक नौकरी देने की व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था कुछ दिनों तक चली लेकिन अब उस पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। ऐसे में दफादार चौकीदार पंचायत राज्य की सरकार से मांग करती है कि सारे आदेशों को शिथिल करते हुए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की सुविधा बहाल की जाए और आश्रित को नौकरी दी जाए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पूरे बिहार में करीब 6 हजार आवेदन आश्रितों के पेंडिंग हैं। उनका शीघ्र निस्तारण भी किया जाए। ये उनके आवेदन हैं जिनके अभिभावक ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी और उनके आश्रितों ने नौकरी के लिए आवेदन दिया था। 6000 आवेदन में से बड़ी संख्या में आवेदकों की प्रक्रिया लगभग पूरी भी की जा चुकी है उनका भी निस्तारण तेजी से किया जाए। इसके अलावा अरवल जिला प्रशासन की ओर से दफादार चौकीदार की नियुक्ति निकाले जाने को निरस्त करने का आदेश दिए जाने की मांग सरकार से वफादार चौकीदार पंचायत ने की है। इस मौके पर प्रमंडलीय अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार श्रवण कुमार धर्मेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रहरी क्लब नशेड़ियों की पहचान करेगा

**हरनौत।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, बराह में शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुनील कुमार मेहता ने की। बैठक के दौरान अभिभावकों को विद्यालय के विकासात्मक कार्यों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि अपने बच्चों का एक ही विद्यालय में नामांकन रखें। इससे उनका सही शैक्षिक विकास होगा। साथ ही सरकार की लाभकारी व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। उन्होंने सभी छात्रों का आधार कार्ड बनवाने व उसे बैंक खाते आदि से लिंक करवाने की बात कही। ताकि भविष्य में छात्र किसी योजना से वंचित नहीं हो सकें। अभिभावकों को विद्यालय के प्रहरी क्लब, ईको क्लब, बाल संसद व मीना मंच के सदस्यों से मिलाया गया। उनके कार्यों की जानकारी दी गई। एचएम श्री मेहता ने बताया कि प्रहरी क्लब का हाल ही में गठन किया गया है। इस क्लब के सदस्य छात्र यह सुनिश्चित करेंगे कि स्कूल का कोई छात्र नशा आदि तो नहीं करता है। गलत कार्यों में संलिप्त होने पर तत्काल उसकी जानकारी संबंधित अभिभावकों की दी जायेगी। ताकि समय रहते छात्रों की गलत आदतों को सुधारा जा सके। इसके अलावा ईको क्लब के सदस्य स्कूल परिसर में पोषण वाटिका व पेड़-पौधों की निगरानी करते हैं। साथ ही स्कूल के आसपास की बसावट में पेड़-पौधे लगाने का अभियान भी चलाते हैं। बैठक में संजीव देव, श्वेता दीप्ति, सरिता कुमारी, शक्ति सावंत, फूला कुमारी व अन्य मौजूद थे।

### मांगों को लेकर चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिया धरना

**बिहारशरीफ।** बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य कर्मियों ने 17 सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को सीएस के समक्ष धरना - प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता कर रहे संघ के जिलाध्यक्ष नदीम ने कहा कि बिहार में आबादी के अनुसार स्वास्थ्य संस्थानों का घोर अभाव है। इसके बावजूद चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी बेहतर काम कर रहे हैं। संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, जच्चा बच्चा के मृत्यु दर में कमी लाना सहित कई क्षेत्रों में प्रगति हुई है। इसके बाद भी हमलोगों की समस्या को दूर करने के लिए सरकार कोई विचार नहीं कर रही है। संघ के जिला महामंत्री संजय कुमार ने कहा कि संघ की मांगों में वेतन भुगतान के लिए समय पर पर्याप्त आवंटन , राज्य संवर्ग के कर्मियों को प्रोन्नति का लाभ , जिला संवर्ग के प्रोन्नति प्राप्त कर्मियों को वास्तविक लाभ , एनएचएम के कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का आदेश वापस लेने समेत 17 मांगे शामिल है। अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में अरविन्द कुमार, बृजनंदन प्रसाद, रितेश कुमार, सनोज कुमार, सुषमा कुमारी, मीना कुमारी, जयोत्स्ना कुमारी, नीलम कुमारी, शैला कुमारी, गिरजा देवी, मो. आजम, अभिषेक राज, अनुपमा कुमारी, चंदा कुमारी आदि लोग शामिल थे।

# झमाझम बारिश से नदियों की बुझने लगी प्यास, नालंदा के सकरी, जिराइन के बाद पंचाने नदी में भी आया पानी

निज संवाददाता। नालंदा

## अब तेज होगी धनरोपनी की रफ्तार



आधा आषाढ़ बीता तो नालंदा की नदियों की प्यास बुझने लगी है। पिछले छह दिनों से जिले में रुक रुककर बारिश हो रही है। इससे सूखी नदियों में पानी आना शुरू हो गया है। जिले के पूरबी इलाके से गुजरने वाली सकरी और जिराइन नदियों में धार बहने लगी है। तो जिला मुख्यालय के बगल से होकर गुजरने वाली पंचाने नदी में भी पानी आ गया है। उम्मीद यह भी लगायी जा रही है कि जिस रफ्तार से इन नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है उससे जल्द ही गोइठवा व अन्य सहायक नदियों में भी धार बहनी शुरू हो जाएगी। पंचाने नदी में पानी का बहाव काफी तेज है। कयास लगाये जा रहे हैं कि रविवार की सुबह तक रहुई इलाके में भी पानी पहुंच जाएगा। नदियों में पानी आने से एक तरफ किसानों को बड़ी राहत मिली है तो दूसरी तरफ गिरते भू-जलस्तर पर रोक लगने की उम्मीद बढ़ गयी है।

**अब भी 37 नदियां प्यासी:** नालंदा में छोटी-बड़ी 40 नदियां हैं। अबतक तीन में ही पानी आया है। शेष नदियों को पानी का इंतजार है। प्रायः नदियों का जलस्त्रोत झारखंड के कोडरमा से जुड़ा है। कोडरमा और उसके जंगल क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है तो जिले की नदियां उफनाती हैं। सकरी नदी में झारखंड से ही पानी आता है। यह नदी अस्थावां इलाके में आकर जिराइन नदी में मिल जाती है। आगे चलकर सरमेरा इलाके में धनायन में मिल जाती है। पश्चिमी इलाके की मुख्य और सबसे बड़ी लोकाइन नदी है। इसमें जहानाबाद से होकर गुजरने वाली फल्गु नदी से पानी आता है। फल्गु का जलस्त्रोत भी झारखंड से ही जुड़ा है। लोकाइन में पानी आता है तो इसकी सहायक नदियां भूतई, मुहाने, धोवा व अन्य नदियों में धार बहती है।

**10 प्रखंडों के किसानों को मिली बड़ी राहतः** नदियों में पानी आने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। जिराइन और सकरी नदियों में धार बहने से अस्थावां, कतरीसराय, बिंद, बिहारशरीफ तो शेखपुरा जिले के बरबीघा और शेखोपुरसराय के किसानों को खेतों की सिंचाई करने में सहूलियत होगी। जबकि, पंचाने नदी में पानी आने से गिरियक, सिलाव, बिहारशरीफ और रहुई प्रखंडों के किसानों को धनरोपनी करने में काफी मदद मिलेगी। कृषि विभाग द्वारा इसबार एक लाख 33 हजार हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य रखा गया है। अबतक करीब 712 हेक्टेयर में रोपनी हुई है।

**लोकाइन में आएगा पानी तो पश्चिमी इलाका होगा खुशहालः** लोकाइन में पानी आता है तो जिले के पश्चिमी इलाके हिलसा, एकंगरसराय, करायपरसुराय आदि प्रखंडों के किसानों को खेतों की सिंचाई करना आसान हो जाएगा। हालांकि, अभी उदेरा स्थान बराज से लोकाइन में पानी नहीं छोड़ा गया है। राहत यह कि फल्गु नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में उम्मीद है कि जल्द बाराज से पानी छोड़ा जा सकता है।

## गया में दो चोर और एक ज्वेलर्स गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



गया में बीती 4 जुलाई की रात चंडौती थाना क्षेत्र के अलीगंज रोड नंबर 3 में लाखों रुपए की हुई चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीन में से दो चोर हैं और एक चोरी के जेवरात खरीदने वाला है। चोरों ने 12 लाख रुपए से अधिक के गहने चुरा लिए थे। वारदात के वक्त घर पर कोई नहीं था। वह पटना इलाज के लिए गए हुए थे। चोरी की यह वारदात एएच खान के छोटे भाई के घर में हुई थी। एएच खान जिले प्रतिष्ठित होम्योपैथिक डॉक्टर हैं। चोरी की वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी जो पुलिस के लिए कारगर साबित हुई।

**क्या बोले DSP:** डीएसपी खुर्शीद आलम ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद एसएसपी आशीष भारती के आदेश पर विशेष टीम गठित की गई थी। टीम का नेतृत्व डीएसपी विधि व्यवस्था खुर्शीद आलम कर रहे थे। खुर्शीद आलम ने बताया कि चोरी की वारदात से जुड़े उस सीसीटीवी फुटेज की गहनता से पड़ताल की गई। पड़ताल में एक चोर की शिनाख्त की गई। साथ चोर के मूवमेंट से जुड़ी चीजों की तकनीकी जांच की गई। जांच में चोर बिरजू बांसफोड़ की भूमिका संदिग्ध मिली। इस पर उसे पकड़ा गया और चोरी का कुछ सामान भी बरामद किया।

## कारगिल युद्ध के नायक कैप्टन विक्रम बत्रा का बलिदान दर्शाया, शॉर्ट स्टोरी देख अफसरों का बढ़ा हौसला

निज संवाददाता। गया




♦ कार्यक्रम में शहीद के पिता-भाई भी शामिल हुए


गया में परमवीर चक्र से सम्मानित कारगिल युद्ध के नायक कैप्टन विक्रम बत्रा की शहादत की ओटीए में 25वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर कैप्टन विक्रम बत्रा की शहादत को बड़े गर्व से याद किया गया। साथ ही कारगिल युद्ध के दौरान बत्रा के सर्वोच्च बलिदान को एक शॉर्ट स्टोरी के रूप में दर्शाया गया। जिसे देख सुनकर लोगों की न केवल आंखें नम हुई बल्कि छाती भी गर्व से चौड़ी हो गई। विक्रम बत्रा के अद्भुत शौर्य व पराक्रम को प्रस्तुत कर ओटीए में ट्रेनिंग ले रहे भावी अफसरों का हौसला अफजाई किया। इस महतवपूर्ण अवसर पर शहीद विक्रम बत्रा के पिता, भाई और 1971 भारत पाकिस्तान युद्ध के शहीद अरुण खेत्रपाल के भाई मुकेश खेत्रपाल भी शरीक हुए।

**7 जुलाई को वे शहीद हुए थेः** गौरतलब है कि विक्रम बत्रा 6 जुलाई को कारगिल युद्ध में देश के लिए लड़ रहे थे और 7 जुलाई को शहीद हो गए थे। उनके इस योगदान पराक्रम पर कई फिल्म बनाई गई है जो देश के लिए आने वाली युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन चुनिंदा फिल्मों को ओटीए में ट्रेनिंग ले रहे सेना के भावी अफसरों को 2 जुलाई से लेकर 4 जुलाई तक एक एक कर दिखाया गया। इस मौके पर उनके पिता गिरधारी लाल बत्रा ने बताया कि वह काफी मेहनती और संघर्षील व्यक्तित्व के थे। हमेशा वीर योद्धाओं की कहानी सुनकर ही सोते थे। उनके जुड़वा भाई विशाल बत्रा ने बताया कि मेरा भाई हमेशा जेंटलमैन और काफी साहस के साथ मेहनती थे। वे हमेशा देश सेवा की बातें करते थे। वह न केवल हमें बल्कि पूरे देश को गौरवांवित कर चले गए। ओटीए के कमांडेंट पीएस मिन्हास ने कहा कि 6 जुलाई बहुत ही गर्व का दिन है। इस मौके पर उनके पिता और उनके भाई आए हुए हैं। यह एक सुनहरा और गर्व का पल है। हम आशा करते हैं कि आने वाले दिनों में विक्रम बत्रा जैसे कई युवा देश के लिए अपना नाम रोशन करेंगे।

## गया में नाबालिग के साथ दो दिनों तक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार, तीसरे दिन पीड़िता को डरा-धमकाकर भेजा घर

### आरोपी पक्ष ने समझौते का भी किया प्रयास

निज संवाददाता। गया



गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से दो दिनों तक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि ईंट-भट्ठे के पास एक झोपड़ी में दो दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म की गई। नाबालिग को तीसरे दिन छोड़ा गया। इसके बाद परिजनों ने शनिवार दोपहर इमामगंज थाने में आवेदन दिया है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**क्या बोले DSP:** इमामगंज DSP अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में पिछले 1 जुलाई की रात एक बाइक पर सवार दो लोग नाबालिग को घर से उठाकर अपने साथ ले गए थे। उन्होंने बताया कि अपराधियों ने थाना क्षेत्र के बसेता ईंट-भट्ठा के नजदीक नाबालिग के साथ दो दिनों तक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। तीसरे दिन बदमाशों ने डरा-धमकाकर नाबालिग को घर भेज दिया। घटना के बाद नाबालिग ने परिजनों को आपबीती सुनाई। उसके बाद दोनों के बीच समझौते की बात चलने लगी। किसी वजह से समझौता नहीं होने पर नाबालिग के परिजनों ने शनिवार को थानाध्यक्ष अमित कुमार को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई।

**FSL की टीम ने कलेक्ट किया सैंपलः** वहीं पुलिस ने मैंरा गांव के रहने वाले आरोपी पप्पू सिंह का मोबाइल ट्रेस किया, तो बांके बाजार तक उसका लोकेशन मिला। इसके बाद आरोपी का मोबाइल बंद मिलने लगा। इस बीच पुलिस अपने स्तर से जांच में जुटी रही। इसी बीच गया के रामपुर थाना के सहयोग से सिकड़िया मोड़ के निकट से पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने जूर्म कबूल लिया है। DSP ने बताया कि इस मामले में पीड़िता की मां ने दो लोगों को नामजद और एक अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## बी.एम.एस. के कार्यकर्ताओं की बैठक

### 28 को होगा जिला सम्मेलन




**गया :** स्थानीय टिल्हा धर्मशाला के प्रांगण में रविवार को भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष अग्निदेव प्रसाद सिंह ने की। बैठक में आगामी 28 जुलाई को जिला सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय वित्त सचिव सह गया जिला प्रभारी मुकेश कुमार सिन्हा के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष सिया शरण प्रसाद, पूर्व जिला मंत्री बिनेशर पंडित व विपिन कुमार, पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद, संजय प्रसाद, अर्जुन यादव, पप्पू सिंह, रामध्यान सिंह, धर्मेंद्र कुमार त्रिवेदी, संतोष कुमार, इकराम सिंह, दिनेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला संयोजक शकील अहमद खान ने किया।

## बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा का 89वां जन्मदिवस

निज संवाददाता। गया



गया में भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि बोधगया स्थित तिब्बती मोनेस्ट्री में परम पावन दलाईलामा का 89 वां जन्मदिवस मनाया गया। इस दौरान 25 पाउंड का केक भी काटा गया। जन्म दिवस को लेकर बौद्ध गुरुओं और अन्यायियों में खासा उत्साह देखा गया। इस मौके पर विभिन्न देशों के बौद्ध धर्मगुरु व श्रद्धालु शामिल हुए और दलाईलामा की लंबी आयु की निमित विशेष पूजा अर्चना की।पूजा अर्चना पूरे विधि विधान से किया गया। इस दौरन केवल धर्म गुरु ही पाठ कर रहे थे। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एसएम भी शरीक हुए।

**दलाई लामा का 89 वां जन्मदिनः** उन्होंने कहा कि यह एक शुभ अवसर है। तिब्बत मोनेस्ट्री के प्रभारी बौद्ध भिक्षु भंते आमजी बाबा ने कहा कि हमलोग धर्मगुरु दलाई लामा का 89 वां जन्मदिन मना रहे हैं। इसे लेकर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्रीलंका, लाओस, बांग्लादेश, थाईलैंड, म्यांमार, भूटान सहित कई देशों के बौद्ध धर्मगुरु और श्रद्धालु शामिल हुए हैं। बौद्ध धर्म गुरुओं द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गई थी।

धर्मगुरु का जन्म दिवस न केवल हमारे लिए बल्कि बौद्ध धर्म मे श्रद्धा रखने वालों के लिए बहुत ही विशेष है। हमलोगों ने दलाईलामा की लंबी आयु के लिए भगवान बुद्ध से विशेष पूजा अर्चना भी की है। ताकि धर्मगुरु दलाईलामा लम्बे समय तक पूरे विश्व को शांति व दूसरे के हित से जुड़े सन्देश को देते रहें। पूरा विश्व उनका जन्मदिन मना रहा है।

## नालंदा में स्वास्थ्य कर्मियों का प्रदर्शन

निज संवाददाता। नालंदा



♦ सिविल सर्जन कार्यालय के सामने दिया धरना, 17 सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

बिहार चिकित्सा और जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ नालंदा के बैनर तले शनिवार को एप के माध्यम से तीन वक्त अटेंडेंस बनाने , बकाया वेतन की भुगतान समेत 17 सूत्री मांग को लेकर स्वास्थ कर्मियों ने प्रदर्शन करते हुए सीएस कार्यालय के पास धरना दिया। धरना के बाद अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सीएस को सौंपा। धरना की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष नदीम, जिला मंत्री संजय कुमार ने कहा कि बिहार में चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी ,जनसंख्या के अनुसार स्वास्थ्य संस्थानों के घोर अभाव के बावजूद कर्मचारियों के लगातार प्रयास के फलस्वरूप संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, जच्चा बच्चा के मृत्यु दर के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वाबजूद स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत राज्यसंवर्ग, जिला संवर्ग, संविदा कर्मियों, स्कीम वर्कर्स एवं आउटसोर्स कर्मियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है।

**सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापनः** संघ की मांग है कि वेतन भुगतान हेतु ससमय पर्याप्त आवंटन उपलब्ध कराया जाय, राज्यसंवर्ग के कर्मियों को प्रोन्नति का लाभ दिया जाय, जिला संवर्ग के प्रोन्नति प्राप्त कर्मियों को वास्तविक लाभ दिया जाय, उच्च न्यायालय पटना के फैसले के आलोक में एसीपी हेतु विभागीय परीक्षा की बाध्यता पर रोक संबंधी विभागीय आदेश अविलंब निर्गत किया जाय,एन एच एम के कर्मचारियों को स्मार्टफोन से उपस्थिति दर्ज करने का आदेश बापस लिया जाय, पुरानी पेंशन योजना लागू की जाय, आठवां वेतन पुनरीक्षण समिति का गठन किया जाय, संविदा कर्मियों ,865 अर्बन एएनएम , स्कीम वर्कर्स (आशा ,ममता ,कुरियर) 102 एंबुलेंस चालक एवं टेक्नीशियन ,डाटा एंट्री ऑपरेटर की सेवा नियमित करते हुये समायोजित किया जाय , न्यूनतम वैधानिक मजदूरी का भुगतान किया जाय,ठेकेदारो द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मियो को किये जा रहे भयादोहन पर रोक लगाई जाय सहित 17 सूत्री मांग पत्र शामिल है। समस्याओ का अविलंब समाधान नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में अरविन्द कुमार,वृजनंदन प्रसाद, रितेश कुमार, सनोज कुमार, शुषमा कुमारी, अफसाना अंजुम , मीना कुमारी,जयोत्सना कुमारी,नीलम कुमारी,शैला कुमारी, गिरजा देवी,मो आजम ,अभिषेक राज, अनुपमा कुमारी,चंदा कुमारी व अन्य कर्मी मौजूद थे ।

# ड्रेसर समेत चिकित्सकों की कमी के बीच कागजों पर संचालित हो रहा ट्रामा सेंटर




निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** अनुमण्डलीय अस्पताल बीते कई वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के आभाव से जूझ रहा है।जबकि बीते कुछ माह से इस अस्पताल को कागजों पर ट्रामा सेंटर युक्त अस्पताल घोषित है। अस्पताल में ड्रेसर समेत महिला चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी है। अस्पताल में बगैर रेडियोलोजिस्ट के नाम मात्र का एक एक्सरे मशीन एवं टेक्नीशियन की मदद से संचालित किया जा रहा है। वहीं अस्पताल में अल्ट्रासाउंड एवं ब्लड बैंक की व्यवस्था नदारद है।बगैर एक्सरे रिपोर्ट के मरीजों के टूटे-फूटे हड्डियों को देखकर चिकित्सक मरीज को रेफर कर देते हैं। लाखों रुपये खर्च किये जाने के बाद बना पीकू रूम में भी धूल की परतें जमी पड़ी है। साथ ही जिले के एकमात्र एनआरसी में भी भारी अनियमितता है। वहीं पैथोलॉजी में भी मात्र 10 से 11 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है। जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही फार्मासिस्ट एवं लैब टेक्निशियन अपने-अपने कक्ष को ओपीडी के समय ही खोलते हैं और बन्द करते हैं। जिससे इमरजेंसी में आनेवाले मरीजों को दवाई, सुई, जांच आदि के लिए बाजार जाना पड़ता है। जिसके कारण मरीजों एवं उनके परिजनों को मानसिक, शारिरिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सदर अस्पताल में इस तरह के बिल्डिंग नहीं है, फिर भी वहां ज्यादा सुविधाएं हैं। जबकि रजौली अस्पताल में बिल्डिंग है, किन्तु बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी है। अनुमंडलीय अस्पताल में बीते दो-तीन वर्षों से एनजीओ की मदद से एक्सरे मशीन एवं टेक्नीशियन द्वारा अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद मरीजों का एक्सरे किया जाता है। एक्सरे के बाद चिकित्सक बिना एक्सरे रिपोर्ट के धूप अथवा लाइट की मदद से एक्सरे फ़िल्म को देखकर अनुमान लगाते हैं एवं मरीज को अनुमान के आधार पर ही दवाई आदि देकर छुटकारा पा लेते हैं।जबकि रजौली से घाटी क्षेत्र एवं फोरलेन सड़क के आसपास प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में सामान्य एवं गम्भीर रूप से घायल मरीज इमरजेंसी में पहुंचते हैं। वहीं अस्पताल के चिकित्सक बताते हैं कि प्रतिदिन 200 से 300 मरीज अस्पताल में ओपीडी में इलाज हेतु आते हैं। जिसमें दर्जनों मरीजों को एक्सरे भी करवाने को निर्देशित किया जाता है। किंतु रेडियोलॉजिस्ट नहीं रहने के कारण सिर्फ एक्सरे फ़िल्म को देखकर अनुमान से दवाई आदि लिखी जाती है। वहीं हड्डियां टूटी हुई होने की स्थिति में प्राथमिक इलाज के बाद मरीजों को सीधे नवादा सदर अस्पताल अथवा पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। अस्पताल में शुरुआत से अल्ट्रासाउंड की कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं ट्रामा सेंटर घोषित किये जाने के बाद भी अब तक अस्पताल को अल्ट्रासाउंड नहीं मिल सका है। इसके अलावे अस्पताल में ब्लड बैंक भी नहीं है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। तिलैया घाटी क्षेत्र से लेकर लालू मोड़ तक प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होते रहती है। इसमें कई लोगों को अत्यधिक रक्तस्राव हो जाता है और उन्हें त्वरित ब्लड की जरूरत होती है। किंतु अनुमंडलीय अस्पताल में सिर्फ कटे-फटे पर पट्टी आदि बांधकर जल्दीबाजी में उन्हें रेफर किया जाता है। कुछ लोगों का कहना है कि अनुमंडलीय अस्पताल में सिर्फ सर्दी, खांसी, बुखार आदि का ही ठीक-ठाक ढंग से इलाज हो पाता है। वहीं सिर में अधिक चोट रहने के बाद सिटी स्कैन की कोई व्यवस्था अस्पताल में नदारद है। अस्पताल में लाखों रुपये खर्च किये जाने के बाद छोटे बच्चों के लिए पीकू वार्ड की व्यवस्था की गई। जिसमें चिकित्सक एवं जीएनएम की प्रतिनियुक्ति की जानी सुनिश्चित थी। किन्तु कुव्यवस्था के कारण पीकू बन्द पड़ा है एवं अस्पताल में आने वाले पीड़ित छोटे बच्चों को पीकू में भर्ती न करके सामान्य वार्डों में ही छोड़ दिया जाता है। वहीं जिले के एकमात्र एनआरसी होने के बावजूद कुपोषित बच्चे अस्पताल परिसर नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि जिले में कुपोषित बच्चे नहीं है, किन्तु कर्मियों के संवेदनशील नहीं होने के कारण एनआरसी भी कागजों पर संचालित किए जा रहे हैं। अस्पताल में स्थित पैथोलॉजी में 10 से 11 जांच की सुविधा है। जिसमें हीमोग्लोबिन, सुगर, मलेरिया, टायफायड, डेंगू, ब्लड ग्रुप, पेशाब आदि शामिल हैं। वहीं सोमवार को विभिन्न जगहों से आये लगभग 15 मरीजों ने पैथोलॉजी में जांच करवाया। वहीं इलाज के दौरान चिकित्सकों को कुछ ऐसी जांच की भी आवश्यकता होती है, जो कि अस्पताल में हो पाना सम्भव नहीं है। ऐसी स्थिति में चिकित्सक अपने स्वविवेक का प्रयोग करते हुए जांच हेतु बाजार के पैथोलॉजी से जांच करवाने कहते हैं। जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है। इस बाबत पर प्रभारी डीएस डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधन का नियमानुकूल प्रयोग कर मरीजों की देखभाल की जाती है। वहीं अस्पताल में चिकित्सक समेत कई अन्य कमियां जिसको लेकर विभागीय पत्राचार भी किया गया है। उन्होंने जल्द ही अनुमंडलीय अस्तपताल में बुनियादी सुविधाएं होने की बात कही है।

- **मुख्य बिंदु**

1. **बुनियादी सुविधाओं का अभावः** रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में ड्रेसर, महिला चिकित्सक और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी है।
2. **ट्रामा सेंटरः** कागजों पर ट्रामा सेंटर घोषित, लेकिन आवश्यक सुविधाएं नहीं।
3. **रेडियोलोजिस्ट की कमीः** रेडियोलोजिस्ट के बिना एक्सरे मशीन का संचालन।
4. **अल्ट्रासाउंड और ब्लड बैंकः** अल्ट्रासाउंड और ब्लड बैंक की सुविधा नहीं।
5. **पीकू वार्डः** लाखों रुपये खर्च के बावजूद पीकू वार्ड धूल की परतों में।
6. **एनआरसी की अनियमितताः** जिले के एकमात्र एनआरसी में भारी अनियमितता।
7. **पैथोलॉजी सेवाएंः** मात्र 10-11 प्रकार की जांच की सुविधा।
8. **ओपीडी समय में सेवाएंः** फार्मासिस्ट और लैब टेक्निशियन ओपीडी के समय ही सेवाएं देते हैं।
9. **सड़क दुर्घटनाएंः** प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीज अस्पताल पहुंचते हैं।
10. **रेफरल प्रणालीः** हड्डी टूटने पर नवादा सदर अस्पताल या पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर किया जाता है।
11. **चिकित्सा सुविधाएंः** सर्दी, खांसी, बुखार आदि का ठीक से इलाज होता है, लेकिन सिर की चोट के लिए सिटी स्कैन की व्यवस्था नहीं।
12. **प्रभारी डीएस का बयानः** अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों का नियमानुकूल प्रयोग और विभागीय पत्राचार द्वारा समस्याओं का समाधान।

# बड़े भाई ही निकला अपने भाई की पत्नी का हत्यारा

निज संवाददाता

**नवादा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र, नवादा में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। महिला के जेठ राजेश प्रसाद, पे०-स्व० भगवान सिंह, सा०-दौलतपुर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा के बयान पर केस दर्ज किया गया एवं कांड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। इस संबंध में घटना की गंभीरता को देखते हुए एस०डी०पी०ओ० सदर 02 हिसुआ के नेतृत्व में एस०आई०टी० का गठन किया गया। तकनीकी एवं मानवीय आसूचना के आधार पर एस०आई०टी० द्वारा अनवरत प्रयास कर इस घटना का सफल उभेदन कर लिया गया है। घटना का मुख्य कारण वर्ष 2014 से चला आ रहा भूमि विवाद है। वर्ष 2014 में ग्राम-दौलतपुर, थाना-वारिसलीगंज के देवेन्द्र लाल अपनी 07 डिशमिल जमीन अपने ही गाँव के राजेन्द्र सिंह को रजिस्ट्री करने जा रहे थे, तो इस क्रम में उनका अपहरण कर लिया गया था जिसमें इस कांड के वादी राजेश प्रसाद और उनके भाई विवेक सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। भूमि संबंधी यह विवाद वहीं समाप्त नहीं हुआ और वर्ष 2017 में उक्त जमीन के क्रेता राजेन्द्र सिंह के पुत्र अनिल सिंह पर गॉव की ही एक नाबालिग बच्ची से बलात्कार का आरोप लगा जिसमें उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने प्रेस वार्ता कर बताया की भगवान सिंह के पुत्र विवेक सिंह के नेतृत्व में बलात्कार के पीड़ित पक्ष द्वारा अनिल सिंह की पत्नी को डायन घोषित कर सार्वजनिक रूप से गाँव में घुमाया गया। जिस संबंध में वारिसलीगंज थाना में कांड दर्ज हुआ था। इस घटना की प्रतिक्रिया में वर्ष 2018 में अनिल सिंह के पुत्र गुड्डू कुमार द्वारा अन्य लोगों के सहयोग से विवेक सिंह की हत्या कर दी गयी, जिस मामले में गाँव के ग्यारह लोगों को अनुसंधानोपरांत आरोपित किया गया। इसी क्रम में वर्ष 2023 में रिटायर्ड लिपिक उपेन्द्र सिंह की हत्या गोली मारकर कर दी गयी थी जिसमें अनिल सिंह के पुत्र सुधांशु उर्फ लाला एवं एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस क्रम में आपसी वैमनस्य को समाप्त करने के लिए उक्त घटनाओं में शामिल / प्रभावित पक्षों द्वारा समझौता किया गया जिसमें उक्त विवादित जमीन मृतक विवेक सिंह की विधवा ममता देवी को दिनांक-29.06.2024 को रजिस्ट्री कर दिया गया। दिनांक-01.07.2024 को संध्या 7:30 बजे के लगभग जब ममता देवी अपने जेठ राजेश प्रसाद के साथ मोटरसाईकिल से अपने गाँव जा रही थी तो उनकी हत्या कर दी गयी। कांड के अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आयी कि यह घटना राजेश प्रसाद द्वारा अपने सहयोगी मनोज सिंह की मदद से की गयी क्योंकि वे समझौते से नाखुश थे एवं चाहते थे कि उक्त जमीन उनके नाम से रजिस्ट्री की जाए।षड्यंत्र की योजना में इन दोनों के अतिरिक्त रौशन कुमार उर्फ चिरकुट, जो मनोज सिंह का भांजा है, भी शामिल था तथा घटना में प्रयुक्त अग्नेयास्त्र उसी ने उपलब्ध कराया था। ज्ञात हो कि रौशन कुमार उर्फ चिरकुट वर्ष 2021 में नवादा शहर में हुयी एक हत्या के मामले में पूर्व में जेल में था एवं हाल ही में छूटकर आया है। मनोज सिंह भी अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा हाल ही में नगर थाना के गोनावां में फायरिंग की घटना में जेल से छूटकर आया है। इस घटना से करीब 10-12 दिन पूर्व में भी ममता देवी की हत्या मार्ग में ही करने का प्रयास किया गया था जब वे अपने गांव ऑटो से जा रही थी।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने शिक्षिका को सौपा मोबाइल

निज संवाददाता



**नरहट (नवादा)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोये हुए मोबाइल फोन को पुलिस के द्वारा खोज कर लौटाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में बरामद मोबाइल फोन को सत्यापन के बाद धारक कुमारी निभा मल्होत्रा मध्य विद्यालय बरौली को प्राप्त कराया गया। खोया हुआ मोबाइल मिलते ही शिक्षिका के चेहरे पर मुस्कान आ गई। शिक्षिका ने बताया कि 4 जुलाई को विद्यालय के पास से ही मेरा मोबाइल गुम हो गया था। काफी खोजबीन के बाद नही मिलने पर थाने में आवेदन दिया था। बहुत ही कम समय में पुलिस द्वारा मोबाइल को बरामद कर सौपने के लिए शिक्षिका ने थानाध्यक्ष को धन्यवाद दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जिला के डीआईओ टीम एवं थानाध्यक्ष के सहयोग से खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद किया जा रहा है। बरामद मोबाइल को सत्यापन के बाद धारक को प्राप्त कराया जा रहा है। इसके पूर्व भी ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोये हुए मोबाइल को बरामद कर धारक को प्राप्त कराया गया है। मोबाइल मिलने के बाद शिक्षिका में खुशी देखी गई।

## महुआ शराब के साथ एक महिला गिरफ्तार, भेजी गई जेल

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के जोगियामारन पंचायत के बखोरी गांव से पीएसआई रौशन कुमार ने चार लीटर महुआ शराब के साथ एक महिला शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों की सहायता से शराब निर्माण, बिक्री, परिवहन एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाता है। थानाध्यक्ष ने कहा कि बखोरी गांव में शराब बिक्री की गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित पीएसआई रौशन कुमार को पुलिस बलों के साथ बखोरी गांव भेजा गया। इस दौरान पुलिस ने बखोरी गांव निवासी स्व रंजीत चौधरी की पत्नी गीता देवी को चार लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# दो सूटकेस में भरे बियर के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार, भेजे गए जेल

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** बिहार-झारखण्ड सीमावर्ती स्थित समेकित जांच चौकी से उत्पाद एएसआई बिशु हेम्ब्रम ने श्री नामक यात्री बस से शनिवार की देर संध्या दो सूटकेसों में बन्द रहे कुल 96 केन बियर बरामद किया। साथ ही बियर लेकर सफर कर रहे दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों की मदद से वाहनों की सघन जांच किया जाता है। जांच के दौरान झारखण्ड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की जांच आठ-आठ घण्टों के तीन शिफ्टों में की जाती है। शनिवार की संध्या वाहन जांच के दौरान श्री नामक यात्री बस संख्या बीआर27पी0745 से दो सूटकेसों में भरे पड़े बियर को जप्त किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि एक सूटकेस से किंग्सफिशर के 500 एमएल वाले 60 केन बियर एवं दूसरे सूटकेस से 36 केन बियर बरामद किया गया।जप्त बियर की कुल मात्रा 48 लीटर है। साथ ही दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबाजों की पहचान भोजपुर जिले के बड़हारा थानाक्षेत्र के फूहा गांव निवासी हरि नारायण सिंह के पुत्र रौशन कुमार सिंह एवं संताप सिंह के पुत्र धीरज सिंह के रूप में हुई है। धंधेबाजों ने कहा कि वे बियर को झारखण्ड से खरीदकर घर लेकर जा रहे थे। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जप्त बियर एवं गिरफ्तार धंधेबाजों को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। रविवार को दोनों गिरफ्तार लोगों को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं विभिन्न वाहनों से कुल 17 लोगों के ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच किये जाने के बाद उनके शराब पीये होने की पुष्टि हुई। सभी शराब पीने वाले लोगों को रविवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां सभी द्वारा जुर्माना राशि जमा किये जाने के बाद उन्हें मुक्त कर दिया गया। इस मौके पर उत्पाद एएसआई अमित कुमार, उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# पांच माह बीतने के बाद भी नहीं हुआ ओड़ो गांव के तालाब का परिसीमन

- **ओड़ो गांव स्थित तालाब का परिसीमन पांच माह बाद भी नहीं हुआ।**
- **जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (नवादा) ने नारदीगंज सीओ को पत्र प्रेषित किया था।**

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के ओड़ो गांव स्थित तालाब का पांच माह बीतने के बाद भी परिसीमन नहीं हुआ है, जिससे परेशानी बढ़ी हुई है। इस बाबत जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (नवादा) ने नारदीगंज सीओ को ओड़ो तालाब के परिसीमन करने के लिए पत्र प्रेषित किया था। उन्होंने अपने कार्यालय पत्रांक 114/पांच फरवरी 2024 के माध्यम से भेजा गया था। इस सम्बंध में उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि नारदीगंज अंचल स्थित ओड़ो गांव में पोखर है। जिसका खाता संख्या 717 खेसरा संख्या 3162,3163 (सीएस)/4556 (सीआर) रकबा 14.12 एकड़ है। कहा गया है कि जलकर अधिनियम 2006,2007,2010 और 2018 है। जिसके आलोक में मत्स्य कार्यालय, नवादा के द्वारा वर्ष 2023-2024 से 2027-2028 तक बन्दोबस्ती की गई है। इसके लिए नवादा सदर प्रखंड के केंदुआ निवासी दीपक कुमार के द्वारा अभ्यावेदन के द्वारा नोडल पदाधिकारी, नवादा जिला जन शिकायत कोषांग नवादा का पत्रांक 1379 जन शिकायत को सात दिसंबर 2023 के द्वारा अभ्यावेदन में ओड़ो तालाब का अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया गया है। इस पोखर का परिसीमन करते हुए वर्णित तथ्यों पर जांचकर कृत कार्रवाई से जिला मत्स्य कार्यालय को अवगत कराने की बात कही गई थी। आवेदक दीपक कुमार का कहना है लेकिन नारदीगंज के तत्कालीन सीओ अमिता सिन्हा व तत्कालीन राजस्व अधिकारी अर्चना कुमारी ने तालाब का परिसीमन नहीं करने हालात जस की तस बनी हुई है। कहा गया कि इस तालाब का परिसीमन होना अत्यंत आवश्यक है।

## सर्पदंश से बालक की मौत

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थानाक्षेत्र में सर्पदंश से एक बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नारदीगंज पंचायत के नारदीगंज कॉलेज के निकट अनुसूचित टोला बलवा पर निवासी कैला मांझी के चार वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार है। घटना शनिवार के देर रात्रि की बताई जा रही है। स्वजन ने बताया मृतक अपने माता पिता के साथ घर में फर्श पर सोया हुआ था। रात्रि के ग्यारह बजे के लगभग सोए अवस्था में उसे डंक मार दिया। सर्पदंश के बाद वह बालक चीखने लगा। तब उसके माता पिता भी जाग गए। बच्चा ने बताया कि हमको कुछ काट लिया है। तब उसके पिता ने लाइट जला कर देखा तो करैत सांप दिखाई दिया। सांप पर नजर पड़ते ही मृतक के पिता ने पहले उसको मार दिया।उसके बाद बच्चे को उपचार के लिए लेकर सीएचसी नारदीगंज पहुंचा। जहां कार्यरत चिकित्सक ने बच्चे का उपचार शुरू किया।

# छात्र व छात्राओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की बाल इकाई एकलव्य बालसंस्कारशाला, नारदीगंज (नवादा) के द्वारा प्रत्येक रविवार के पौधरोपण कार्यक्रम का 211 वां सप्ताह पूरा किया। यह कार्यक्रम एकलव्य बाल संस्कार शाला सह एकलव्य चिल्ड्रेन स्कूल, नारदीगंज के संचालक सिंटू कुमार उर्फ चंदन के द्वारा चलाया जा रहा है। उन्होंने ने कहा यह सप्ताह विशेष रहा, क्योंकि पौधारोपण कार्यक्रम का चार वर्ष सात जुलाई 2024 को पूरे हो गये हैं। उन्होंने कहा इस अवसर पर रविवार को नारदीगंज स्थित मॉडर्न कैरियर लॉन्चर के निदेशक नीरज पांडे के जन्मदिवस पर उनके शिक्षण संस्थान में कुल 200 पौधों का वितरण कर उसको संरक्षण करने का संकल्प दिलाया गया। कहा गया आज के दौर में मौसम का प्रकोप भीषण गर्मी से निजात पाने और हमारे आसपास के वातावरण को हरा भरा रखना होगा तभी हमलोग आनेवाली पीढ़ी को एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण दे सकते हैं, और पर्यावरण संरक्षण भी होगी। कहा गया चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कोचिंग संस्थान में दो सौ और इसके अलावा तीन सौ पौधों को रोपण करने के लिए वितरित किया गया। कुल पांच सौ पौधा का वितरण हुआ है। कार्यक्रम में सागवान, महोगनी, जामुन, गमहार, अमरूद, प्लेंटोफॉर्म, शीशम, आंवला समेत अन्य पौधों को लगाया गया। इस दौरान रामे, नारदीगंज गोत्रायन, दरियापुर आदि गांवों में लगाया गया है।

# विधायक मोहम्मद कामरान समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया कलश यात्रा में हिस्सा

निज संवाददाता



**कौआकोल (नवादा)।** नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड के दरावां पंचायत के अफरडीह गांव में एक नवनिर्मित मंदिर में भगवान हनुमान जी के प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञशाला के शुभारंभ को लेकर 24 घण्टा का श्रीराम धुन का आयोजन किया गया। जिसको लेकर विशाल कलश यात्रा भी निकाली गई। आयोजनकर्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री हनुमान जी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं का जत्था चार बस एवं दो चारपहिया वाहन से कलश लेकर मुंगेर जिला के कष्टहरणी घाट पहुंचे। वहां विधिवत कलश में जलभराई कार्य किया गया। वहां से पुनः श्रद्धालुओं का जत्था पकरीबरावां-सिकंदरा पथ पर परसामा मोड़ के पास उतर गए। जहां से अफरडीह गांव अवस्थित बजरंगबली के मंदिर तक आने के लिए पैदल कलश यात्रा की शुरुआत हुई। जहां से कलश यात्रा में गोविंदपुर विधायक मोहम्मद कामरान समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल विधायक कामरान कंधे पर भगवा गमछा एवं सर पर तिलक लगाए पूरे उत्साह में नजर आए। पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान की भूमिका अफरडीह गांव के मनोज महतो ने जबकि पुरोहित की भूमिका लक्खीसराय के विद्वान ब्राह्मण प्रवीण पांडेय ने निभाई। पुरोहित के द्वारा विधिवत कलश स्थापित कर 24 घण्टीय श्रीराम धुन की शुरुआत की गई। सोमवार को हवन व पूर्णाहुति के साथ ही प्रसाद वितरण कार्यक्रम निर्धारित है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीण सुबोध सिंह, अरविंद कुमार, नवीन कुमार, बीपीन कुमार आदि प्रमुख भूमिका निभाई। मौके पर प्रखण्ड राजद अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बाथरूम के तहखाने से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त

**नवादा (नि.सं.)।** जिले में इन दिनों शराब तस्कर सक्रिय हैं। शराब तस्कर शातिराना अंदाज में शराब की तस्करी कर रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक घर से विदेशी ब्रांड की भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त किया है। शराब तस्करों ने घर के बाथरूम की दीवार में तहखाना बनाकर रखा था। पुलिस पहुंचने से पहले तस्करों को ख़बर हो गई और वे मौका पाकर भागने में सफल हो गए। ड्राई स्टेट वाले बिहार में भारी मात्रा में शराब बरामदः- तस्करों ने घर के बाथरूम की दीवार में बने तहखाने से 63 बोतल पश्चिम बंगाल निर्मित विदेशी शराब बरामद किया। सभी बोतलों पर सिर्फ पश्चिम बंगाल में बिक्री के लिए लिखा था। हिसुआ थाना पुलिस के मुताबिक पांचू मोहल्ला के सुढी टोला के रामेश्वर साव के बेटे सोनू कुमार के घर में शराब की खेप होने की सूचना मुखबिर ने दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष द्वारा टीम तैयार की गई और शराब कारोबारी के घर दबिश दी।

# जिले में पहली बार बॉक्सिंग चैंपियन का शुभारम्भ

निज संवाददाता




**नवादा।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार बॉक्सिंग संघ के संयुक्त तत्वाधान में नगर के हरिशचंद्र स्टेडियम के इनडोर भवन में फर्स्ट जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. एकलव्य भगत, सचिव दिलीप कुमार और विक्रम कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। जिला अध्यक्ष डॉ. एकलव्य भगत ने बताया कि जिला में पहली बार बॉक्सिंग चैंपियन संगठन का निर्माण हुआ है। इस संगठन के माध्यम से पहली बार बॉक्सिंग चैंपियन करवाई जा रही है। इसके माध्यम से जो बच्चे सफल होंगे, उन्हें राज्य स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि छात्रों के परिजनों का काफी सहयोग मिल रहा है। इस दौरान मौजु छात्र-छात्राओं ने कहा कि नवादा में पहली बार बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। हम लोगों को काफी खुशी हो रही है कि पहली बार मुझे जिले में बॉक्सिंग चैंपियन खेलने का मौका मिला है और आगे राज्य स्तर पर भी खेलने का मौका मिलेगा। मौके पर कई स्कूलों के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मातृ शक्ति संगठन ने गृहमंत्री को लिखा पत्र

**आरा**। पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ अत्याचार को लेकर मातृ शक्ति संगठन ने गृहमंत्री अमीत शाह के नाम प्रेषित एक पत्र को जिलाधिकारी भोजपुर को सौंपा गया। संयोजिका ओम ज्योति भगत के नेतृत्व में दिए गए पत्र में पश्चिम बंगाल के अंतर्गत संदेशखाली, कुच बिहार और उत्तर दिनाजपुर चोपर की घटना का उल्लेख किया गया है। ऐसी घटना की महिला संगठन ने कड़ी निन्दा की है। संयोजिका ने कहा पश्चिम बंगाल में एक महिला मुख्य मंत्री ममता बनर्जी के रहते हुए वहां विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के साथ अत्याचार शर्मनाक है। महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार और अपमान से महिलाएं व्यथित है। मातृ शक्ति संगठन बिहार द्वारा ज्ञापन सौंप कर मांग की है की पूरे मामले में हस्तक्षेप कर न्यायिक जांच कराया जाय। मौके पर ओम ज्योति भगत, शालिनी सिंह, चिंता जी, जानकी, प्रीति शर्मा, ममता सिंह, मंजू सिंह, संगीता थी।

### मां काली मंदिर जीर्णोद्धार के लिए निकाली गई कलश यात्रा

**आरा**। बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के पोरहा गांव में पुराने मां काली मंदिर का जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। यह यात्रा पोरहा से होते हुए कान्हा छपरा, परशुरामपुर, मौजमपुरहोकर महुली गंगा घाट पहुंचा। गंगा घाट पर मंत्रोच्चारण के साथ पूजन के पश्चात कलश में गंगा जल लेकर श्रद्धालु पुनः काली मंदिर पहुंचे। कलश यात्रा में महिला व पुरुष श्रद्धालु आकर्षक परिधानों में भक्तिपूर्ण माहौल में शामिल थे। बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी रघुपति यादव ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र में शांति वातावरण कायम रहता है।

### आरा जिले में खुलेगा प्रशिक्षण केन्द्र

**आरा**। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, द्वारा भोजपुर जिला में आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र खोला जायेगा। आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से जिले में नवोदित एवं युवा कलाकारों को सुयोग्य शिक्षकों द्वारा शास्त्रीय नृत्य, संगीत, वाद्ययंत्र एवं अन्य संबंधित विषयों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। भोजपुर जिला में आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र खोलने के लिए जिला मुख्यालय के प्रमुख क्षेत्र में 3000 (तीन हजार) वर्गफीट का मकान की आवश्यकता है। इसके लिए जगह का चयन किया जा रहा है। जगह का चयन शहर व मुख्यालय क्षेत्र के आस-पास किया जा रहा है। आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र के लिए दो या तीन कमरों के साथ हवादार हॉल वाले मकान की तलाश की जा रही है। इसकी लिए विभाग द्वारा प्रतिमाह किराया 20 रुपये प्रति वर्गफीट की दर से 60,000 रुपये अधिकतम राशि निर्धारित की गई है। भवन प्रमंडल, भोजपुर के कार्यपालक अभियंता, द्वारा जांचोपरांत भवन का चयन होने पर प्रमाण पत्र के पश्चात ही आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र खोलने के लिए आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### कार्यपालक अभियंता व सिंचाई सह यांत्रिक प्रमंडल का वेतन रुका

**बक्सर**। शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने गंगा नहर प्रमंडल अंतर्गत निकृष पम्प योजना के निर्माण कार्य के प्रगति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि निकृष योजना (सिविल) का कार्य पुनरीक्षित तिथि 30 अक्टूबर 2022 को ही पूर्ण होना था। किंतु अभी भी सिविल कार्य पूर्ण नहीं हुआ है एवं मैकेनिक कार्य भी अप्रैल 2024 तक पूर्ण हो जानी चाहिए थी जो अब तक पूर्ण नहीं हुआ है। विस्तारित तिथि तक भी उक्त योजनाओं का कार्य पूर्ण नहीं करने पर डीएम ने नाराजगी जताई। डीएम ने कहा कि कार्यपालक अभियंता, गंगा पम्प नहर कार्य प्रमंडल चौसा एवं कार्यपालक अभियंता, सिंचाई सह यांत्रिक प्रमंडल वालमी के द्वारा किए जा रहे कार्यो में लापरवाही, कार्य में उदासीनता को परिलक्षित करता है। स्पष्ट है कि उक्त दोनो पदाधिकारियों द्वारा अपने कार्यो में रूचि नहीं ली जा रही है। जिसके कारण इतनी महत्वाकांक्षी योजना का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नहीं हो सका।

### विवाद में युवकों को लाठी-डंडे से पीटा

**बक्सर**। राजपुर थाना क्षेत्र के रामपुर देवल मोड़ के समीप जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में तीन युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गए। जख्मियों को चौसी सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। रामपुर गांव के जयनाथ राय अपने भतीजा राज प्रकाश राय और पुत्र प्रशांत राय, प्रवीण राय एवं ज्योति राय के साथ वाराणसी से आंख का इलाज कराकर लौटे थे। देवल मोड़ के समीप स्थित अंडा फार्म पर खड़े थे। तभी जमीन विवाद को लेकर सागरा गांव के कुछ लोग लाठी-डंडे और हरवे-हथियार के साथ पहुंच गए।

### बक्सर में सुधाकर सिंह का किया गया स्वागत

**बक्सर**। सांसद सुधाकर सिंह के बक्सर आगमन पर शनिवार को कांग्रेस जनों ने उनके आवास पर पहुंच पुष्प-माला भेट कर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस के वरीय नेताओं ने सांसद से किसानों के मुद्दे पर चर्चा की। साथ ही बक्सर में जल जमाव, बक्सर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन की व्यवस्था करने समेत अन्य मुद्दा की ओर उनका ध्यान आकर्षित कराया। सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि बक्सर के विकास के प्रति हम प्रतिबद्ध हैं। किसानों के हर मुद्दों पर उनके साथ खड़ा रहने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जब तक किसान खुशहाल नहीं होंगे देश खुशहाल नहीं हो सकता।

### छात्रा का मोबाइल झपट भाग रहा उचक्का धराया

**बक्सर**। शहर के एमवी कॉलेज के समीप छात्रा का मोबाइल झपट कर भाग रहे उचक्के को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उचक्के से पूछताछ के बाद पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। उचक्के को पुलिस रविवार को जेल भेजेगी। शनिवार को नई बाजार की रहने वाली अंजली कुमारी एमवी कॉलेज जा रही थी। छात्रा श्मशान मोड़ से पैदल ही जा रही थी। नौलखा मंदिर के समीप बाइक सवार उचक्के ने छात्रा का मोबाइल झपट लिया। मोबाइल झपटने के बाद छात्रा ने हल्ला करना शुरु किया। हल्ला सुन रास्ते से गुजर रहे डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। डायल 112 की टीम ने छात्रा से घटना की जानकारी लेकर उचक्के के भागने की दिशा में अपनी बाइक दौड़ा दी। डायल 112 की टीम ने उचक्के को कॉलेज गेट के समीप से पकड़ लिया। पकड़ा गया उचक्का चरित्रवन के रहने वाले अरुण बिहारी पांडेय का पुत्र बबुआ पांडेय उर्फ ऋषिकेश पांडेय है। पुलिस ने उचक्के के पास से झपटा हुआ मोबाइल बरामद कर लिया। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार उचक्के से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि शहर में उचक्कों की सक्रियता काफी बढ़ गई है। उचक्के राह चलते लोगों का मोबाइल और महिलाओं के चेन छिनकर आसानी से फरार हो जा रहे हैं। पुलिस गिरफ्तार उचक्कों से अगर सही तरीके से पूछताछ के बाद उचक्कों को सहायता करने वाले दुकानदारों पर नकेल कसें तो घटना में काफी कमी लाई जा सकती है।

### पूर्व मंत्री अंबिका शरण सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई दौड़ प्रतियोगिता

**आरा**। स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व मंत्री स्व अम्बिका शरण सिंह की 47वीं पुण्यतिथि पर धमार गांव में दौड़ प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता मां धमार देवी से 3 किलोमीटर की दौड़ हुई। जिसमें दौलतपुर गंज के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले राहुल यादव को 3000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार शुक्लपुरा के वीरु पासवान को 2000 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार सहार प्रखंड के पेरहाप के जय प्रकाश को 1000 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन अम्बिका शरण सिंह विश्वबंधुत्व फाउंडेशन ने किया। मौके पर रविन्द्र सिंह, अवधेश सिंह, अमित सिंह, धनेश सिंह, संतोष कुमार, देवशंकर पांडे समेत कई लोग उपस्थित थे। अन्य प्रतिभागियों में अनिकेत कुमार,ज्योति प्रकाश, मनीष कुमार, रमन सिंह, अतिश कुमार, विकास कुमार, अविनाश सिंह समेत कई थे।

# विशेष छापेमारी अभियान में 40 की गिरफ्तारी

## सात अवैध शराब भट्टियों को तोड़ा, हत्या के प्रयास में 1 सहित अन्य मामले में कार्रवाई

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव के आदेश पर कांड में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 40 पकड़े गए हैं। इसमें एससी-एसटी एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 1, वारंट में 18 और शराब में 17 धराए हैं। अभियान के दौरान सात अवैध शराब भट्टियों को तोड़ा गया। करीब 245 लीटर देसी शराब और 120 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

**950 लीटर शराब नष्ट की:** करीब 950 लीटर शराब नष्ट की गई। करीब 29 वारंटों का निष्पादन किया गया। करीब 2 सौ से अधिक वाहनों की जांच की गई। 81 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। टाउन थाना पुलिस ने शंकर नगर, गौसगंज के पास से एक ऑटो को जब्त कर दो सौ लीटर शराब बरामद की है। साथ ही दो धंधेबाज राज कुमार और रामजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों बिंद टोली के निवासी हैं।

**धरहरा के पास भी कार्रवाई, धंधेबाज फरार:** धरहरा के पास से बाइक और पांच लीटर शराब बरामद की गई है। धंधेबाज फरार हो गया। बहोरनपुर ओपी पुलिस ने एक कार को जब्त कर 120 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। पीरो थाना पुलिस ने एससी-एसटी कांड में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। संदेश थाना पुलिस पुलिस ने अवैध खनन में दो बालू लोडर को जब्त करते हुए प्राथमिकी की है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अवैध बालू लदा एक ट्रक और दो बालू लोडर को जब्त किया गया है।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र हुए जख्मी, दोनों आरा आ रहे थे

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में आरा-नेशनल हाईवे पर जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मिल्की गांव के समीप शनिवार को सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में बक्सर जिला के सेमरी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी 73 वर्षीय मो. वजीर अंसारी और उनका 40 वर्षीय पुत्र मो. सलीम अंसारी शामिल है। मो. सलीम अंसारी ने बताया कि शनिवार की सुबह बाइक से अपने पिता के साथ मो. वजीर अंसारी के साथ किसी काम से आरा आ रहे थे। उसी दौरान मिल्की गांव के समीप बाइक से गाय टकरा गई। जिससे दोनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने आरा सदर अस्पताल पहुंचाया।

**रेलवे ट्रैक पर गिरने से युवक घायल:** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के पूर्वी साइड अप लाइन पर शनिवार को रेलवे ट्रैक पर गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद जीआरपी पुलिस ने उसे इलाज के लिए अरशद अस्पताल लाया गया। वहीं, सूचना पाकर घायल युवक के परिजन बिहार सदर अस्पताल पहुंचे।

**पूर्वी गुमटी के समीप अप लाइन पर हुआ जख्मी:** घायल युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भूसौला गांव निवासी हरेंद्र दास का 34 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार दास है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह अपने गांव से किसी काम को लेकर बिहार मिल की ओर जा रहा था। उसी दौरान पूर्वी गुमटी के समीप अप लाइन पर वह गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद जीआरपी पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

# ट्रेन से कटकर मजदूर की हुई मौत

निज संवाददाता। आरा



दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर जमीरा हॉल्ट के पश्चिम साइड स्थित डाउन लाइन पर शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से की युवक की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सूचना आरा रेल पुलिस को दी। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को आरा रेल थाना ले आई। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी योगेश्वर राय का 23 वर्षीय पुत्र सोमनाथ राय है। पेशे से मजदूर था। मृतक के चाचा विक्रमा राय ने बताया कि वह आरा गया था। लौटने के क्रम में वह ट्रेन से वापस जब गांव लौट रहा था। इसी बीच यह घटना हुई। एक स्थानीय ग्रामीण ने सूचना दी कि एक आदमी जमीर हॉल्ट पर कट गया है। सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे और शव को देख उसकी पहचान की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाया।

**दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया:** घटना की सूचना पाकर जिप सदस्य धनंजय यादव आरा सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई वह पांच बहन में छोटा था। उसके परिवार में पत्नी पम्मी कुमारी, एक पुत्र अनित व एक पुत्री रितु है।

# हत्याकांड के बाद गांव में गोरखा बटालियन की तैनाती, थाना स्तर से भी हो रही मॉनिटरिंग

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के केशोपुर-बकरी गांव में बिरंटन राम की हत्या और पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ की घटना के बाद पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। विधि-व्यवस्था के मद्देनजर गांव में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के गोरखा बटालियन की तैनाती कर दी गई है। गांव के सामुदायिक भवन में एक अफसर और पांच जवानों को अगले आदेश तक के लिए रखा गया है। इसके अलावा थाना स्तर से भी मॉनिटरिंग की जा रही है। हत्या-मुठभेड़ की घटना में अभी तक सिर्फ एक आरोपित की गिरफ्तारी हुई है।

**बिरंटन राम की हत्या की गई थी:** अन्य शूटर समेत आरोपित फरार है। मालूम हो कि चार जुलाई की दोपहर गांव के सामुदायिक भवन के पास स्थित बगीचा में बैठे बिरंटन राम की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। जबकि, नीतीश कुमार और विकास कुमार की पिटाई कर दी गई थी। भाग रहे अपराधियों की पुलिस के साथ मुठभेड़ भी हुई थी। इसे लेकर कर मृतक के भाई नीतीश कुमार के बयान पर हुई प्राथमिकी में करीब 23 नामजद समेत अज्ञात को आरोपित किया गया है।

**एक आरोपी का पुलिस अभिरक्षा में चल रहा इलाज:** उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के बयान हुई दूसरी प्राथमिकी में पटना जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र के अनंतपुरा गांव निवासी सोनू सन्नी उर्फ आलोक बाबा और पटना जिले के पिपलामा थाना के बरखूउदारचक गांव निवासी अमन कुमार शर्मा को नामजद किया गया है। इसमें अमन शर्मा पटना के जटा सिंह गैंग का शूटर बताया जाता है। जिसके आधार पर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पटना के नौबतपुर थाना के अनंतपुरा निवासी आलोक बाबा नामक अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिसको पैर में गोली लगी है। पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज सदर अस्पताल,आरा में चल रहा है।

♦ भागने के दौरान अपराधियों की पुलिस से हुई थी मुठभेड़

**गोलीबारी की सूचना पर पुलिस पहुंची:** हत्या की घटना के तीसरे दिन शनिवार को पुनः फायरिंग की सूचना पर संबंधित थाना की पुलिस को दौड़ लगानी पड़ी। थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव समेत अन्य अफसर वहां पहुंच गए। हालांकि, जांच में गोलीबारी की पुष्टि नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना पर टीम गई थी लेकिन, जांच में गोलीबारी की घटना की पुष्टि नहीं हो सकी। लगातार निगरानी रखी जा रही है। गिरफ्तारी को छापेमारी जारी है।

# बारिश से खोखली हुई नैनीजोर ब्रह्मपुर सड़क

निज संवाददाता। ब्रह्मपुर



ब्रह्मपुर नैनीजोर मुख्य सड़क मार्ग भारी बारिश के तेज पानी के बहाव से कारण सड़क के कई जगहों पर बने भयंकर जान लेवा गड्ढे हो गए है।धर्मांगतपुर पेट्रोल पंप से महज पचास मीटर दूर दो भागों में सड़क बट गई है। गुजरने वाली बसें कारों से लेकर फोर व्हीलर ट्रैक्टर जैसे वाहनों का आवागमन हुआ बंद हो गया है।यात्रियों तथा पैदल चलने वालों से लेकर साईकिल तक से चलने को जोखिम भरी जिंदगी के साथ आवागमन करने को मजबूर है। यह सड़क वर्षों से जर्जर अवस्था में है। सड़क मार्ग के रास्ते आए दिन बड़े बड़े अधिकारियों कर्मचारियों की वाहन गुजरती है।इस नजारे को देखते हुए सफर करते है लेकिन आज तक जर्जर सड़क की सुधी नहीं ली। बताते चलें कि भारी वारिस होने के कारण ब्रह्मपुर नैनीजोर मुख्य सड़क मार्ग हमारा पेट्रोल पंप धर्मांगतपुर के समीप बारिश के तेज पानी के बहाव से अंदर ही अंदर खोखला बन बहाव में बह कर दो भागों में बट गई है। जिसके कारण यात्रियों को लेकर जाने वाली बसों से लेकर अन्य वाहनों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित होते हुए बंद हो गया है। वहीं बसों द्वारा यात्रा करने वाले यात्रियों को ब्रह्मपुर से नैनीजोर पहुंचने तथा नैनीजोर ब्रह्मपुर पहुंचने वाले यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करते हुए नैनीजोर से करीब तीन किलोमीटर पैदल चलते हुए मजबूरी के साथ आवागमन करना पड़ रहा है। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि सुबह नैनीजोर से बसों पर सवार होकर ब्रह्मपुर अपने निजी कामों को निपटाने गए हुए थे लेकिन भारी वारिस होने से सड़क मार्ग दो भागों बट गई है।जिसके कारण बसे नैनीजोर नहीं पहुंच कर मंजिल पहुंचने से पहले ही रुक जा रही है। जिसके कारण मजबूरी में पैदल घर जाना पड़ रहा।

# डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन



निज संवाददाता। आरा

अयोध्यापुरी में दिव्य स्मृति वेलनेस व डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन एसीएमओ डॉ केएन सिन्हा ने किया। एसीएमओ डॉ केएन सिन्हा ने कहा कि यह क्लिनिक आधुनिक के दौर के हिसाब से खोली गयी है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस क्लिनिक में स्वच्छता व डेंटल उपकरणों के हाइजीन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डॉ दिव्या ने कहा कि यहां बेहद ही साफ-सुथरे स्वच्छ वातावरण में अत्याधुनिक एवं नूतन उपकरणों द्वारा डॉक्टर के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में इलाज किया जाएगा। अब दांत के इलाज के लिए आरा से बाहर नहीं जाना होगा।

# याद किए गए श्यामा प्रसाद मुखर्जी



निज संवाददाता। बक्सर

भाजपा ओबीसी मोर्चा बक्सर के जिला पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष विवेक चौधरी के नेतृत्व में बगीचा उत्सव हुई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 123वीं जयंती के अवसर पर किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित व नमन कर किया गया। मौके पर एनडीए के लोकसभा प्रत्याशी व भाजपा बिहार के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सशक्त भारतवर्ष के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके आदर्श व सिद्धांत देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर की तरफ कदम बढ़ा दिया है।

नया भारत विकास की रफ्तार पकड़ चुकी है। आज गरीबों को उनका हक मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकले। केंद्र की सरकार ने देश में ओबीसी को संवैधानिक दर्जा दिया। इस आयोग का पहला अध्यक्ष श्रीभगवान लाल साहनी बने। केंद्र में राज भूषण निषाद को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री बनाया। वहीं बिहार में हरि साहनी को मंत्री बनाया गया।

# शिलान्यास के दो वर्ष बाद भी नहीं बना पुस्तकालय

निज संवाददाता। गड़हनी



प्रखंड कार्यालय गड़हनी रोड में विधायक निधि के 35 लाख रुपए की लागत से मॉडल पुस्तकालय बनाने के लिए दो वर्ष पहले शिलान्यास हुआ था। लेकिन आज तक पुस्तकालय नहीं बना। अगिआंव के पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने अंचलाधिकारी से एनओसी मिलने के बाद नवम्बर 2022 में पुस्तकालय का शिलान्यास किया था। पुस्तकालय बनाने को लेकर स्थल पर काम भी लग गया था। स्थल पर मिट्टी भी भर दी थी। सिर्फ निर्माण कार्य होना था। लेकिन नहीं हुआ। जबकि वर्ष 2022 में विधायक की पहल पर अंचल अधिकारी उदय कांत चौधरी के द्वारा स्थल का एनओसी दिया गया था। जो जमीन 115 फीट लंबा और 85 फीट चौड़ी है। इसमें पुस्तकालय में 40 फीट लंबा और 20 फीट चौड़ा में एक स्टडी रूम, 20 फीट लंबा व 12 फीट चौड़ा में बुक स्टोर रूम और 12 फीट लंबा व 10 फीट चौड़ा में एक ऑफिस बनाने का प्रस्ताव था। साथ ही पुस्तकालय में चार शौचालय, जिसमे 3 इंडियन व एक इंग्लिश शौचालय बनाये जाने को ले इस्टीमेट बना था। विधायक ने कहा था कि पुस्तकालय बिहार का एक अलग पुस्तकालय गड़हनी में बनेगा। जो मॉडल पुस्तकालय होगा। निर्माण में 35 लाख रुपए से भी ज्यादा की जरूरत पड़ने पर भी राशि लगाया जाएगा। इसमें देश के सभी इतिहासकार का बुक बच्चों को उपलब्ध होगा। लेकिन विधायक का सपना धरी का धरी रह गई।

**दस्तावेज उपलब्ध कराएं, होगी जांच:** अंचलाधिकारी दीपा कुमारी ने बताया कि मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। हमारे पास अभी कोई नहीं आया था। विधायक प्रतिनिधि संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराएं, इस इस पर जांच होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कई पीड़ित परिवारों से मिल विधायक ने जताई संवेदना



**कौआकोल।** गोविंदपुर विधायक मोहम्मद कामरान ने रविवार को अपने विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड पहुंचकर विभिन्न घटनाओं में मौत के शिकार हुए मृतक के स्वजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया। राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मंझिला पंचायत अंतर्गत गादी मंझिला गांव में तालाब में डूबकर मौत के शिकार हुए सरयुग मांझी,ट्रैक्टर पलटने से सड़क दुर्घटना में मृतक भलुआही गांव निवासी जयराम यादव,वज्रपात से मौत के शिकार हुए लोहसिंघानी गांव निवासी विशुनदेव यादव तथा विद्युत स्पर्शाघात से मौत के शिकार हुए खड़सारी पंचायत के रुस्तमपुर गांव निवासी विक्की मण्डल के स्वजनों से मिलकर विधायक मोहम्मद कामरान ने संवेदना जताई एवं उनके आंसू पोछें। विधायक ने इस दरम्यान पीड़ित परिवारों को निजी तौर पर आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान किया। विधायक ने कहा कि गोविंदपुर के जनता मालिकों के दुःख-सुख में वे हमेशा साथ हैं। मौके पर प्रखण्ड राजद अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव समेत अन्य राजद कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं इस दौरान विधायक ने अम्बा मोड़ से अफरडीह गांव जोड़ने वाली पक्की सड़क का उद्घाटन भी किया।

### वज्रपात से युवक की मौत

**पकरी बरमा।** थाना क्षेत्रके उकोरा पंचायत अंतर्गत बरेबा पर गांव के निवासी स्वर्गीय भगवती यादव का 28 वर्षीय पुत्र राजेश यादव का मौत शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से हो गई । जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय राजेश जानवर चराने के लिए घर से गांव के बघार में गया था तभी अचानक बारिश होने लगे इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरा जिससे बघार में ही राजेश का मौत हो गया देर शाम तक जब राजेश घर वापस नहीं आया और जानवर घर आ गया तो घंटो देर तक राजेश का लौटाने का इंतजार परिवार वालों ने करते रहा जब नहीं लौटा तो खोजबीन करने के बाद देखा की गांव के बधार में ही युवक राजेश मृत् पड़ा है ग्रामीण के सहयोग से मृत् युवक को घर लाया इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दिया गया जिसके बाद थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजा । मौत की खबर के बाद एमएलसी प्रतिनिधि दिनेश यादव एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव दुलार शाह पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह धर्मदेव यादव सहित कई लोगों ने मृतक के घर पहुंच कर उनके परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए धैर्यज बनाए रखने का सांत्वना दिया वही शोकाकुल परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है।

### अभिभावक बच्चों को नियमित रूप से भेजें स्कूल

**टेटिया बंबर।** न्या मध्य विद्यालय टेटिया में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक समित मानकर ने की। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भोगेंद्र कामती उपस्थित रहे। मौके पर अभिभावक को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक समित मानकर ने कहा कि सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक शिक्षा का लाभ गरीब परिवार के बच्चों को दिया जा सके। जिसको लेकर कमजोर बच्चों के लिए मिशन दक्ष भी चलाए जा रहे जिसका लाभ लेकर छात्र अपना सर्वांगीण विकास करें। उन्होंने कहा कि अगर विद्यालय से लगातार आपके बच्चे अनुपस्थित रहेंगे तो उनका नामांकन रद्द कर दिया जाएगा। इसलिए आप लोग अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भोगेंद्र कामती ने कहा कि सरकार के द्वारा छात्रों को कई लाभ दिए जा रहे हैं। अगर आप अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा देते हैं तो उसके लिए आप लोगों को अत्यधिक खर्च करनी पड़ती है।

### बिना विमर्श सीनेट चुनाव की तिथि बढ़ाई : देवराज

**मुंगेर।** शिक्षक एवं शिक्षकेतर समन्वय समिति से विमर्श के बिना ही सीनेट चुनाव की तिथि को मई से सितंबर विस्तारित कर दिया गया। पूर्व में 15 मई को चुनाव होना था। आचार संहिता के दायरे से बाहर रहने के बाद भी सीनेट चुनाव को बढ़ाया गया। यह बातें शनिवार को समन्वय समिति के संयोजक देवराज सुमन ने कुलपति कार्यालय को जुलाई में सीनेट चुनाव कराने का मांग पत्र सौंपने के बाद कही। मौके पर हरिश्चंद्र शाही एवं गुंजेश कुमार सिंह मौजूद थे।

### शहर के आसपास रेलवे अंडरपास से पानी की निकासी के लिए वर्षों से नहीं हो रहा स्थायी समाधान

**भागलपुर।** शहर के आसपास रेलवे अंडरपास से पानी की निकासी के लिए स्थायी समाधान नहीं होने से हर साल बारिश में राहगीर परेशान रहते हैं। बारिश के बाद रेलवे अंडरपास में तो पानी निकासी के अभाव में लगभग तीन फीट से अधिक पानी भर जाता है। नतीजतन वाहनों को पार करने में काफी मुश्किल होती है। बारिश होने से परेशानी और बढ़ गई है। भीखनपुर बरहपुरा रेलवे अंडरपास, बौंसी रेलवे अंडरपास, नाथनगर रामपुरखुर्द रेलवे अंडरपास, शाहजंगी जानेवाले रेलवे अंडरपास व पुरानी सराय जानेवाले रेलवे अंडरपास में हर साल बारिश आते ही दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों की मुसीबत बढ़ जाती है। भीखनपुर के राजू खान, अब्दुल, रक्षित कुमार, लड्डू कुमार आदि ने बताया कि बरहपुरा रेलवे अंडरपास में पानी से भरा रहता है। इसका मुख्य कारण है कि नाले के पानी की निकासी की व्यवस्था सही से नहीं की गई है। इस ओर किसी भी जनप्रतिनिधि व प्रशासन का ध्यान नहीं है।

### एमडीएम की थाली में मड़आ और बाजारा खाकर बच्चे देंगे कुपोषण को मात, किसानों को खेती से मिलेगा आर्थिक लाभ

**भागलपुर।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), पूर्वी प्रक्षेत्र के वैज्ञानिक मोटे अनाज (मिलेट्स) पर शोध कर रहे हैं। इसमें चिना, कौनी बाजरा, मडुवा, कोदो, और कुटनी शामिल है। इन्हें लोकप्रिय बनाने, फूड हैबिट में शामिल करने, व खेती में कौन वेरायटी शामिल किया जाए ताकि उपज के लिए मुफीद हो। इन्हीं बातों को लेकर वैज्ञानिक शोध में लगे हैं। फसल को लगाने, प्रबंधन, और खरपतवार के उपाय और फसलचक्र में मिलेट्स को बढ़ावा देना भी शामिल है। इसके लिए दक्षिणी बिहार के जमुई, नवादा, लखीसराय सहित अन्य सूखा प्रभावित क्षेत्र रखे गए हैं, जहां बेहतर उपज के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, सूबे के गया और बक्सर में 40 से 50 एकड़ में आईसीएआर ने इसकी खेती का प्रस्ताव दिया था। जून माह में मुंगेर, बांका व भागलपुर क्षेत्र के 100 से अधिक किसान इसके लिए प्रशिक्षित किए जा चुके हैं।

### पैसेंजर ट्रेन को आते देख दौड़ी किशोरी, कटकर मौत

**मुंगेर।** जमालपुर-किऊल रेलखंड के बीच अदलपुर के पास शनिवार की दोपहर ट्रेन से कटकर किशोरी की मौत हो गई। ग्रामीणों की मानें तो मृतक किशोरी स्थानीय ही है, लेकिन परिजनों द्वारा शव की पहचान नहीं की गई थी। वहीं रेलवे ट्रैक पर उसका शव पड़ा रहने के कारण करीब 1 घंटा 10 मिनट तक अप रेलवे लाइन पर ट्रेन का परिचालन बाधित रहा। एक तरफ 13229 अप गोड्डा-राजेन्द्र नगर एक्सप्रेस ट्रेन दशरथपुर-धरहरा के बीच अदलपुर के पास रुकी रही तो वहीं दूसरी ओर 12367 अप विक्रमशिला एक्सप्रेस ट्रेन, 03483 न्यू दिल्ली स्पेशल ट्रेन दशरथपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी रही। बता दें कि घटना की सूचना मिलने के करीब एक घंटा बाद जमालपुर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को जमालपुर ले गई, जिसके बाद ट्रेन का परिचालन शुरू करवाया गया।

## डीएम ने अधिकारियों को किया सम्मानित

# लोकसभा चुनाव 2024 में बेहतर कार्य के लिए मिला सम्मान

निज संवाददाता। भागलपुर

टाउन हॉल में शनिवार को जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, सहायक समाहर्ता गरिमा लोहिया, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन के साथ साथ सभी वरीय पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय प्रखंड स्तरीय, पंचायत स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारी एवं में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर शांतिपूर्ण निष्पक्ष भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन संपन्न करने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।




**लू जैसे विकट परिस्थितियों में भी सराहनीय कामः** डीएम ने कहा कि गर्मी एवं लू जैसे विकट परिस्थितियों में आप लोगों ने सराहनीय कार्य किया है। आप लोग अगर मेहनत से कार्य नहीं करते तो शायद वोटिंग प्रतिशत इतना तक नहीं पहुंच पाता। उ आम चुनाव में हमारे सभी स्तर के पदाधिकारी कर्मियों ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ ही मीडिया के सभी बंधुओ ने एवं खास कर यहां की आम जनता ने काफी बेहतरीन तरीके से निष्पादन करने का प्रयास किया है। आप देख रहे होंगे कि इतनी तपती धरती में और इतनी तेज लू में भी हमारे समस्त अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल तथा सभी कर्मियों ने इस तरीके से चुनाव कराया है की कहीं भी कोई कैजुअल्टी नहीं हुई। कहीं भी किसी को परेशानी नहीं हुई। इस पूरे कार्य को संपन्न कराने में हमारे मीडिया बधुओं का अहम रोल रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किए हैं। इसके बाद हम क्राइम मीटिंग जो होती है उस में पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल एवं मीडिया बंधुओं को भी हम एक अलग से सभा बुलाकर सम्मानित करेंगे।

♦ पुलिस और मीडिया को भी मिलेगा सम्मान

### शिव मंदिर की स्थापना को लेकर निकाली कलश शोभा यात्रा



निज संवाददाता। भागलपुर

सबौर प्रखंड स्थित धनकर गांव में शिवलिंग की स्थापना को लेकर रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शिव मंदिर का शिलान्यास विगत 2012 में भाजपा नेता दीपक सिंह ने किया था। जिसको लेकर रविवार की धनकर गांव के मंदिर प्रांगण से गंगा घाट के लिए भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसका विधिवत उद्घाटन आयोजनकर्ता सह भाजपा नेता दीपक सिंह ने किया। मौके पर हजारों महिलाएं और बालिकाएं अपने सिर पर कलश रखकर गंगा घाट के लिए रवाना हुईं। वहीं, ग्रामीणों ने कहा कि आज इस पवित्र मंदिर में शिवलिंग की स्थापना होगी और कल अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

**भजन-कीर्तन भी होगाः** आयोजन कर्ता सह भाजपा नेता दीपक सिंह ने बताया कि धनकर स्थित भोला बाबा मंदिर का स्थापना होना है। जिसको लेकर कैलाश शोभायात्रा निकाली गई है। उन्होंने बताया कि बरारी गंगा घाट के लिए धनकर से शोभायात्रा निकालकर प्रस्थान करेंगे। उसके बाद गंगाजल भरकर वापस मंदिर पहुंचेंगे। जहां पर कीर्तन-भजन आयोजन के साथ मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

### 40.2 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर जिला अंतर्गत कोतवाली थाना क्षेत्र के लाल दरवाजा स्थित गंगानगर निवासी गौरी शंकर यादव के घर में छापेमारी कर पुलिस ने 40.2 किलो गांजा बरामद किया है। इसके साथ ही राजा कुमार और नीरज कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नीरज कुमार रिश्ते में राजा का मामा लगता है। जो कि खगड़िया जिला के परबत्ता थाना क्षेत्र अंतर्गत लगार गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी को गुप्त सूचना मिली कि गंगा नगर निवासी राजा के मामा नीरज यादव परबत्ता से भारी संख्या में गांजा लेकर आए है। सूचना पर कोतवाली थाना के एएसआई शब्बीर अहमद सशस्त्र बल के साथ गंगानगर पहुंचे। जंहा राजा के घर में छापेमारी की गई। इस बीच मामा-भांजा गांजा के कई पैकट को घर में इधर-उधर छिपा कर रखे थे। इसके बाद पुलिस के दबाव पर सभी गांजा के पैकेट को निकाला। सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस को सूचना मिली की गंगा नगर में एक घर में गांजा की खरीद बिक्री होती है। सूचना का सत्यापन कर पुलिस ने घर में छापेमारी कर 40.2 किलो गांजा बरामद किया गया। मामले में मामा भांजा को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ ने बताया की गिरफ्तार दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# हाथरस कांड को लेकर मुंगेर में प्रशासन अलर्ट, श्रावणी मेला में होगी खास तैयारी

## डीएम ने 26 किमी के कांवरिया पथ की ली जानकारी

निज संवाददाता। मुंगेर

यूपी के हाथरस में बड़ा हादसा होने के बाद अब बिहार सरकार विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को लेकर विशेष तैयारी कर रही है। इसे लेकर मुंगेर, बांका, भागलपुर के जिला प्रशासन को सतर्क रहने के साथ बेहतर तैयारी को लेकर आदेश दिया गया। मुंगेर डीएम अपने अमला अधिकारियों के साथ शनिवार को स्वयं जिला अंतर्गत पड़ने वाला 26 किलोमीटर कच्ची कांवरिया पथ का जायजा लिया। खासकर कांवरिया के शरण स्थली के पास सुरक्षा को लेकर खास प्रबंध रखने का आदेश तारापुर एसडीओ को दिया गया है। इसमें इस बार खास यह रहेगा कि जिस जगहों पर कांवरिया अधिक संख्या में ठहरेगा वैसे जगहों पर हवादार रखने के साथ उस जगहों पर मेडिकल टीम के अलावा पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा भीड़ को नियंत्रित करने के



लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती होगी। जबकि सीसीटीवी कैमरा से कांवरिया पर कंट्रोल रूम से निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए प्रत्येक दो किलोमीटर पर एसपी कैंप बनाया गया है। खासकर धर्मशाला, या जिस जगह पर निजी संस्था के द्वारा शिविर लगाकर कांवरिया के ठहरने की व्यवस्था की गई वैसे जगहों पर भी सुरक्षा को लेकर प्रशासन सभी तैयारियां रखोगी। जबकि आसपास के अनुमंडल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी अतिरिक्त बेड लगाने के साथ मेडिकल कीट रखने को लेकर आदेश दिया गया है। इन सभी जगहों पर एंबुलेंस, चिकित्सक, ऑक्सीजन सिलेंडर, के अलावा फायर ब्रिगेड की टीम अग्निशमन वाहन के साथ तैनात रहेंगे। इसके अलावा कांवरिया मार्ग की अपडेट जानकारी के लिए एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया जाएगा। बता दें कि 22 जुलाई से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की शुरुआत हो रही है जिसका समापन 19 अगस्त को होगा। श्रावणी मेला में देश के विभिन्न राज्यों के अलावा बिहार के कोने-कोने से लाखों की संख्या में रोजाना कांवरिया सुल्तानगंज से जल भरकर मुंगेर सीमा में 26 किलोमीटर कच्ची कांवरिया पथ पड़ता है जिसे लेकर कांवरिया को बेहतर सुविधा हो इसे लेकर प्रशासन के द्वारा तैयारी को लेकर लगभग एक माह से तैयारी की जा रही है। मुंगेर डीएम अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि श्रावणी मेला को लेकर जिला अंतर्गत 26 किलोमीटर पड़ने वाला कांवरिया पथ पर बेहतर सुविधा हो इसे लेकर धर्मशाला, कांवरिया पथ के अलावा सभी चीजों को लेकर हम लोग लगे हुए है। इस बार विशेष सतर्कता बरतते हुए जगह-जगह पर एसओपी बनाया गया है। सभी जगहों पर पुलिस के अलावा दंडाधिकारी की तैनाती होगी।

# भागलपुर में सड़क हादसे में नाबालिग की मौत, तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार को कुचला

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है हादसे में एक नाबालिक की मौत हो गई है। मामला सबौर थाना क्षेत्र के सबौर चौक का है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक रोज के तरह पढ़ने के लिए सबौर आते था। शनिवार को भी बाइक से आ रहा था इसी दौरान सबौर चौक के समीप तेज रफ्तार हाइवा ने उसे रौंद दिया। और करीब 50 मीटर दूर तक घसीटते भाग निकला। इसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से युवक को फौरन इलाज के लिए रेफरल अस्पताल सबौर में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



**पुलिस ने आरोपी को दबोचाः** मतक की पहचान मामालखा निवासी मदन मंडल के पुत्र गौरव कुमार(16) के रूप के की गई है। घटना के बाद मौके से समय रहते ट्रेक चालक ट्रक लेकर निकल गया जिसके बाद पुलिस ने उसे सबौर से पांच किलो मीटर दूर मामलखा के समीप धर दबोचा। परिजनों ने बताया की हर रोज के तरह गौरव पढ़ाई करने के लिए घर से सबौर बाइक से आता था। शनिवार को वह पढ़ने के लिए बाइक से सबौर आ ही रहे थे। तभी तेज रफ्तार हाईवे ने उसे रोंडते हुए निकल गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को 5 किलोमीटर दूर जाकर जप्त कर लिया है। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद यातायात घंटो बाधित रहा। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

♦ पुलिस ने आरोपी को दबोचा

### दूध गर्म करने के दौरान गैस में लगी आग

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के हबीबपुर थाना क्षेत्र में दूध गर्म करने के दौरान गैस में आग लग गई। इस हादसे में मां पूरी तरह झुलस गई जबकि 8 वर्षीय पुत्र आग के चपेट में आ गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि किचन में दूध गर्म कर रहा था। दूध गर्म होने के बाद जैसे ही गैस को बंद करने के लिए गई तो पाइप से गैस लीकेज हो गया जिसके कारण आग लग गई। घटना में घायल हबीबपुर थाना क्षेत्र निवासी अनिता कुमारी (30) और बेटा अंश कुमार (8) को परिजनों ने जख्मी हालत में मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है। इधर, घटना के बाद परिजनों ने आग पर किसी तरह काबू पाया।

**कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबूः** घायल महिला अनीता कुमारी ने बताया कि किचन में दूध गर्म करने के लिए दिए थे। दूध गर्म हुआ तो गैस को जैसे ही बंद



करने की कोशिश की तो गैस लीकेज हो गया। जिसके कारण आग लग गई हादसे में महिला समेत उनके पुत्र झुलस चुकी है। घटना की जानकारी के बाद परिजनों ने किसी तरह लोगों ने आग पर काबू पाया और घायलों को इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है। महिला ने आगे बताया कि आग लगने के बाद गैस ब्लास्ट हो गई। पूरा रूम आग की लपटे था। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया है।

### एंबुलेंस से भिड़ंत के बाद बिजली खंभे से टकराई कार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार की देर रात तातारपुर थाना क्षेत्र के अशानंदपुर के समीप एंबुलेंस और कार के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुई है। कार में सवार चार लोगों को आंशिक रूप से चोट लगी है। जबकि कार और एंबुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी। नाथनगर से भागलपुर की तरफ जा रही एम्बुलेंस में भागलपुर के तरफ से आ रही कार टक्कर हुई है। कार एंबुलेंस से टकराने के बाद बिजली खंभे में का टकरा गई। गनीमत रही कि इस हादसे में एंबुलेंस पर कोई मरीज सवार नहीं




था।

**अंधेरे की वजह से होते हादसेः** एंबुलेंस मरीज को पहुंचा कर नाथनगर से भागलपुर की तरफ जा रही थी। इधर, घटना की जानकारी के बाद दो दर्जन की संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने कार और एंबुलेंस को जब्त कर लिया। स्थानीय संजीव ने बताया कि कार और एंबुलेंस के बीच टक्कर का तेज आवाज सुनाई दी।

# स्कूल का छत गिरा, कोई हताहत नहीं, मुंगेर मध्य विद्यालय महेशपुर की घटना

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर सदर प्रखंड अंतर्गत तारापुर दियारा पंचायत पंचायत के उच्च माध्यमिक स्कूल महेशपुर में भारी बारिश के कारण स्कूल का पुराना जर्जर भवन का छत गिर गया। हालांकि, कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है। इसकी जानकारी विभाग को दे दी गयी है। फोन पर प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार द्वारा बताया गया कि दो-तीन साल पहले स्कूल की स्थिति जर्जर को देखते हुए हम लोग पठन-पाठन का कार्य दो कमरे में प्रारंभ कर दिए व संबंधित पदाधिकारी को इसकी



लिखित सूचना भी दी गई। हमारे यहां कमरे की संख्या बहुत कम है।

**भारी बारिश के कारण जर्जर भवन का छत गिरकर ध्वस्तः** एक बिल्डिंग पूरी तरह से जर्जर है, पर इस पर किसी प्रकार का कोई अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। भारी बारिश के कारण जर्जर भवन का छत गिरकर ध्वस्त हो गया। हम लोग डरे सहमे हैं। हमारे यहां प्लस टू तक स्कूल चल रही है, जिसमें मात्रा दो कमरे में ही स्कूल को संचालन किया जा रहा है। काफी कठिनाई के साथ हम लोग बच्चों को इस दो कमरे में पढ़ा रहे हैं। वहीं, ग्रामीणों ने बताया गया कि इस स्कूल के भवन के बारे में हम लोग लिखित सूचना मुंगेर के पूर्व जिलाधिकारी नवीन कुमार को भी दिए थे, पर इस पर अभी तक किसी प्रकार का उचित निर्णय नहीं लिया गया। इसके कारण आज जर्जर भवन का छत भी गिरा और काफी कठिनाई के साथ हमारे यहां के बच्चे इस दो कमरे में पढ़ाई करने को विवश हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना पुलिस अब व्हाट्सएप पर देगी की एफआईआर का अपडेट, थाने का चक्कर खत्म



**पटना, एजेंसी।** बिहार पुलिस में आये दिन नये नये बदलाव हो रहे हैं. एक ओर पुलिस हाइटेक हो रही है तो दूसरी ओर आम लोगों को भी गजेट्स के माध्यम से सहूलियत दे रही है. राजधानी पटना में पुलिस अब शिकायतकर्ताओं को व्हाट्सएप पर जांच का अपडेट देगी. शिकायत कराने के बाद पीड़ितों को थाने के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे. शिकायत दर्ज कराते समय शिकायतकर्ताओं से उनका व्हाट्सएप नंबर लिया जाएगा. सनहा अगर एफआईआर लायक नहीं लगता है, तो भी पुलिस को जांच रिपोर्ट आवेदक को उपलब्ध करानी होगी. इस संबंध में डीआईजी सह पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं. पटना एसएसपी ने एसपी सिटी और डीएसपी रैंक के पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध के मुद्दे पर बैठक की. एसएसपी राजीव मिश्रा ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि थाने में जानेवाले पीड़ितों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े. साथ ही समय पर उनकी समस्याओं का समाधान कर दिया जाए. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी भी पीड़ित की ओर से इस संबंध में कोई शिकायत मिलेगी तो संबंधित पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी. पटना के पुलिस कप्तान ने अफसरों को बीट पुलिसिंग पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए. इसके अलावा उन्होंने थानों की गश्ती व्यवस्था को और भी चुस्त-दुरुस्त करने को कहा है. उन्होंने निर्देश दिया कि रात के समय पुलिस गश्ती में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए. गश्ती की भी मॉनिटरिंग करने की जरूरत है.

### पहली बारिश में ही धंस गयी चार साल पहले बनी पुलिया, मोतिहारी में एक माह में दूसरा मामला



**मोतिहारी, एजेंसी।** मॉनूसन की पहली बारिश में ही चार से पहले बनी पुलिया धंस गयी. पूर्वी चंपारण जिले में हाल के दिनों में ऐसी यह दूसरी घटना है. मधुबन प्रखंड के लोहारगांवा गांव में बनी आरसीसी पुलिया शनिवार की देर शाम बारिश की वजह से ध्वस्त हो गई. इस पुलिया का निर्माण चार साल पहले ही हुआ था. हाल के दिनों में पूर्वी चंपारण जिले में पुल गिरने का यह दूसरा मामला है. वहीं, बिहार में बीते 20 दिनों के अंदर 13 पुल ध्वस्त हो चुके हैं. सरकार ने अब तक 17 इंजीनियरों को निलंबित भी कर दिया है. जानकारी के अनुसार मधुबन के लोहरगांवा में 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2019 में करीब 2 लाख रुपये की लागत से आरसीसी पुलिया का निर्माण किया गया था, जो शनिवार को गिर गया. पुलिया ध्वस्त होने से लोहारगांवा ग्राम के सहनी टोला एवं अनुसूचित जाति टोला का सड़क संपर्क टूट गया. इससे करीब 400 लोगों की आबादी प्रभावित हुई है. ग्रामीणों नेबताया कि योजना के अभी पांच साल भी पूरे नहीं हुए. पुलिया ध्वस्त होने से लोग पगडंडी होकर आवागमन कर रहे हैं. गांव में बाइक भी नहीं पहुंच पा रही है. मुखिया कृष्णा देवी ने बताया कि समयावधि पूरी होने पर पुलिया निर्माण के लिए योजना में लिया जाएगा. इससे पहले बीते 22 जून को पूर्वी चंपारण जिलेके ही घोड़ासहन के अमवा में करीब 1.69 करोड़ की लागत से बना पुल ढलाई के बाद ही ध्वस्त हो गया था. बीते 18 जून से लेकर अब तक बिहार में कुल 13 पुल गिर चुके हैं. अकेलेसारण और सीवान जिले में इसी हफ्ते एक के बाद एक 6 पुल गिर गए थे. बिहार सरकार द्वारा राज्यभर के पुलों का निरीक्षण भी कराया जा रहा है. सरकार का दावा है कि जांच में दोषी पाए जानेवाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और पुलों की लागत ठेकेदारों से वसूल की जाएगी.

# कोसी और गंडक बराज के सभी फाटक खोले गए, लाल बत्ती दे रही बाढ़ से तबाही के संकेत

**पटना, एजेंसी।** नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने बिहार के लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दी है. बिहार हर साल बाढ़ का दंश झेलता है. पहले उजड़ना और फिर बसना, बिहार के कई इलाकों के लोगों के लिए ये हर साल की कहानी है. इसबार भी अब बाढ़ की मार नजदीक दिख रही है. कोसी, गंडक समेत कई नदियों का जलस्तर जिस तरह बढ़ रहा है उससे लोगों की चिंता बढ़ी हुई है. कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस चुका है. लोग अपना घर-मकान छोड़कर सुरक्षित जगह की ओर पलायन करने लगे हैं. वहीं बराजों से अब और खतरनाक संकेत मिल रहे हैं. कोसी बराज और गंडक बराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं.

बिहार का सुपौल जिला कोसी नदी के रौद्र रूप को सहता है. कई गांव बाढ़ की चपेट में हर साल आते हैं. पिछले कुछ दिनों से नेपाल में हो रही बारिश ने कोसी नदी का जलस्तर बढ़ा दिया है. कोसी की सहायक नदियों का भी पानी बढ़ा है जिससे कोसी उफनाई हुई है. वहीं



वीरपुर बराज के 56 में 56 फाटक रविवार को खोल दिए गए. इस साल सबसे अधिक पानी यहां छोड़ा गया जिसके कारण बराज की लाल बत्ती भी जला दी गयी. ताजा जानकारी के अनुसार, रविवार को दोपहर 1 बजे के आंकड़े के मुताबिक, बराज से 3 लाख 86 हजार 735 क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका था. बताते चलें कि शनिवार को ही 36 फाटक खोलने पड़े थे. रविवार को बराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं.

बराज पर लाल बत्ती और लाल झंडे की कहानी कुछ ऐसी है कि ये वर्तमान स्थिति को बताता है और संभावित खतरे को लेकर लोगों को अलर्ट करता है. कोसी बराज पर पहले एक के बाद एक करके दो झंडे लगाए गए थे. अब लाल बत्ती जला दी गयी है. दरअसल, जब बराज पर 2 लाख क्यूसेक से अधिक पानी रिकॉर्ड किया जाता है तो दो झंडा लगाने की औपचारिकता पूरी की जाती है. नियम के अनुसार, बराज स्थित कंट्रोल रूम हर घंटे पर नदी के मापांक को प्रसारित करता है. नदी का जलस्तर जब बढ़ने लगता है तो आम लोगों को सतर्क करने के लिए सूचनार्थ यह झंडा लगाया जाता है. जब नदी का जलस्तर 1.5 लाख क्यूसेक पार करता है तो कोसी बराज पर एक झंडा लगाया जाता है. जब दो लाख क्यूसेक का लेवल पानी पार करता है तो बराज पर दोनो ओर झंडे टांगे जाते हैं. वहीं जब जलस्तर तीन लाख क्यूसेक को पार कर जाता है तो बराज पर लाल बत्ती जलाकर लोगों को हाई अलर्ट किया जाता है.

वहीं दूसरी ओर नेपाल में भारी बारिश और गंडक बराज से पानी डिस्चार्ज किये जाने से गंडक नदी उफान पर है. अगले 48 घंटे में नेपाल से करीब 5 लाख क्यूसेक पानी आने की संभावना है. गंडक नदी से इस वर्ष सर्वाधिक 3.14 लाख क्यूसेक डिस्चार्ज किया गया है. यहां तटबंध के अंदर बसे गांव पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है. पश्चिमी चंपारण के वाल्मीकिनगर में गंडक बराज के कार्यपालक अभियंता सियाराम पासवान ने बताया कि गंडक बराज के सभी 36 फाटक को खोल दिया गया. गंडक बराज पर तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को हाई अलर्ट कर दिया गया. पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज में नीचले इलाके के लोग अब सुरक्षित जगहों की ओर पलायन करने लगे हैं.

## चिराग पासवान मिले सीएम नीतीश कुमार से, नौकरी और गिरते पुल के मुद्दे पर हुई चर्चा

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की. उन्होंने सीएम नीतीश कुमार से मिलकर बिहार में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की. चिराग पासवान सरकारी नौकरी के मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की और आगामी नियुक्ति को लेकर किन किन विभागों में काम चल रहा है इसकी जानकारी ली. नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री बनने के बाद चिराग की सीएम नीतीश कुमार से यह पहली मुलाकात है.

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सीएम से मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया. इन दिनों बिहार में निर्माणाधीन पुल गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं, इसको लेकर भी सीएम के सामने उन्होंने अपनी चिंता व्यक्त की. बिहार में बीते 20 दिनों के भीतर बारिश की वजह से विभिन्न जिलों में 13 पुल ध्वस्त हो चुके हैं. यह मुद्दा बिहार ही नहीं बल्कि देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है. विपक्ष नीतीश और मोदी सरकार पर हमलावर है. वहीं, अब एनडीए के सहयोगी दल भी सीएम नीतीश पर कार्रवाई का दबाव बनाने लगे हैं. हालांकि, पिछले दिनों जल संसाधन और ग्रामीण कार्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए पुल गिरने के दोषी 17 इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया था.



इसके साथ ही चिराग पासवान ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के द्वारा 2014 में बिहार चौकीदार संवर्ग नियमावली बनाई थी. इसमें दफादार अथवा चौकीदारों के आश्रितों की बहाली का प्रावधान किया गया था. इस नियमावली के तहत साल 2023 तक आश्रितों की बहाली होती रही है. पहले से रिटार्यड और रिटायर होनेवाले चौकीदारों के आश्रितों की बहाली एवं स्वेच्छिक सेवानिवृत के शेष आश्रितों की नियुक्ति पत्र अभी तक जारी नहीं किए गए, जबकि एक-दो जिलों में सरकार ने नई बहाली की प्रकिया शुरू कर दी है, जो चिंताजनक विषय है. चिराग ने सीएम नीतीश कुमार से कहा कि उनकी पार्टी लोजपा रामविलास की मांग है कि इस प्रक्रिया को पूर्व की तरह फिर से बहाल कर दिया जाए. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने इन सभी मुद्दों पर संबंधित विभागों द्वारा जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया है.

## हिंदू होकर 14 साल में की 5 शादियां, चौथी पत्नी ने खोला पांचवीं शादी का राज

**आरा, एजेंसी।** बिहार में एक सीआरपीएफ जवान ने 14 वर्षों में 5 शादियां की. किसी पत्नी को सौतन होने की खबर थी, लेकिन पिछले दिनों एक पत्र ने उसका राज उजागर कर दिया. धर्मपत्नी के जीवित रहते हुए एक से अधिक विवाह करने का आरोप सिपाही हरेंद्र राम पर लगा है. सिपाही पर यह आरोप उसकी चौथी पत्नी ने लगाया है. चौथी पत्नी को जब अपने पति के इन कारनामों की भनक लगी तो उसने परिवार न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई. दर्ज शिकायत में कहा गया है कि हिंदू विवाह परंपरा और कानूनों का उल्लंघन करते हुए हरेंद्र ने इन शादियों के बारे में न तो अपनी पूर्व की पत्नियों को कोई जानकारी दी और न ही नियोक्ता को इसकी सूचना है. अदालत में दायर याचिका में हरेंद्र की चौथी पत्नी ने उसकी अब तक हुई सभी शादियों की जानकारी दी है. इसके हिसाब से उसने साल 2008 से लेकर 2021 के बीच यह पांच शादियां कीं. पहली शादी साल 2008, फिर 2010 में दूसरी शादी, साल 2014 में तीसरी और 2017 में चौथी शादी रचाने के बाद उसने अंतिम शादी 2021 में की. चौथी पत्नी ने सीआरपीएफ की बटालियन बी/09 को चिट्ठी लिखकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर हरेंद्र पर विभागीय जांच हो रही है. चिट्ठी के हिसाब से सिपाही हरेंद्र ने कानूनों का उल्लंघन किया है. इसके लिए उसे हिंदू विवाह अधिनियम- 1955, सिविल सेवा (आचरण) नियमावली- 1964 और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिनियम 1949 के तहत अपराधी माना गया है. हरेंद्र ने इन नियमों और अधिनियमों में दर्ज आदेशों और की अवज्ञाओं का उलंघन किया है.

जवान का कारनामा तब सामने आया, जब चौथी पत्नी की एक चिट्ठी सोशल मीडिया में वायरल होने लगी. इस चिट्ठी में जवान की करतूतों के बारे में बताया है कि कैसे उसने पहली पत्नी को धोखे में रखकर दूसरी, तीसरी और चौथी शादियां रचाईं. चौथी पत्नी ने पति की पांचवीं के बाद यह राज खोला है. शादी करने के कारण चर्चा में आए हरेंद्र राम का चिट्ठी में गांव या मोहल्ले का जिक्र नहीं किया गया है, लेकिन आरा कोर्ट के वकील इसे सही बता रहे हैं.

## अब ट्रेनों में टीटीई नहीं कर सकेंगे मनमानी, क्यूआरकोड से यात्री का काम ऐसे होगा आसान

**पटना, एजेंसी।** अब रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में टीटीई की मनमानी नहीं चलेगी. कोई टीटीई अगर निजी स्वार्थ के कारण किसी यात्री को जानबूझकर परेशान करते हैं. तो वे तुरंत पकड़े जायेंगे. रेलवे ने इस तरह की घटना व शिकायतों पर नियंत्रण करने के लिए ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स की शुरुआत की है. सोनपुर रेल मंडल की तरफ से शनिवार को मुजफ्फरपुर जंक्शन पर ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स से संबंधित एक क्यूआर कोड सभी जगहों पर लगा दिया है.

इसके जरिए टीटीई को अपनी ड्यूटी, टिकट जांच व जुर्माना वसूली आदि का पूरा ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करना है. उन्हें अपनी तस्वीर भी पोस्ट करनी है. इसके जरिए कम से कम दो दिन का ब्योरा अपलोड करना अनिवार्य किया गया है. सोनपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम रौशन कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट की तर्ज पर ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स चलाया जा रहा है. इसे लेकर एक विशेष क्यूआर कोड तैयार कराया गया है, जिसे मुजफ्फरपुर समेत सोनपुर रेल मंडल के अधीन सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर लगाया गया है. जहां बाकी है, उन स्टेशनों पर भी आने वाले दिनों में लगा दिया जाएगा. सीनियर डीसीएम ने बताया



कि क्यूआर कोड से रेलवे के अधिकारी के साथ आम यात्री भी टिकट चेकिंग की जानकारी और पूरा ब्योरा ले सकते हैं. क्यूआर कोड स्कैन करने पर पता चलेगा कि कौन टीटीई कहां, कितने यात्रियों को टिकट निर्गत किया. साथ ही किस स्टेशन पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है, उसकी भी जानकारी मिलेगी. टीटीई बड़े स्टेशनों पर टिकट चेकिंग तो करते हैं, लेकिन छोटे-छोटे स्टेशनों पर टिकट चेकिंग नहीं हो पाती, जिसका फायदा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री उठाते हैं. इससे रेलवे को राजस्व का नुकसान होता है. अब ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स से टीटीई को अपनी भौतिक स्थिति की जानकारी अपलोड करनी होगी, जिसकी निगरानी मुख्यालय से की जाएगी.

## बिहार के रोहतास और औरंगाबाद में ये बाइपास जानिए कबतक बनेंगे, मोहनिया-चौसा नेशनल हाइवे की भी आयी जानकारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में रोहतास जिला के दावथ और नासरीगंज सहित औरंगाबाद जिला के दाउदनगर में बाइपास बनाये जायेंगे. इसके साथ ही मोहनिया से चौसा एनएच का निर्माण होगा. इन सभी सड़कों का निर्माण 2025 तक पूरा होने की संभावना है. दावथ, नासरीगंज और दाउदनगर बाइपास का निर्माण एनएच-120 को कनेक्टिविटी देने के लिए किया जायेगा. फिलहाल इन सभी बाइपास के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है. इन सड़क प्रोजेक्ट का मकसद दावथ, नासरीगंज और दाउदनगर में लगने वाली जाम से छुटकारा दिलाना और लोगों को बेहतर यातायात सुविधा दिलाना है. बाइपास बनने से गाड़ियों का आवागमन शहरों के बाहर से होगा. इसके साथ ही भोजपुर-डुमरांव-दाउदनगर एनएच-120 पर लोगों को आवागमन में सुविधा होगी. इन बाइपास का निर्माण 2025 में पूरा होने की समयसीमा है. एनएच 319ए का निर्माण दो चरणों में होना है. इसमें पहले चरण में मोहनिया से चौसा तक करीब 45 किमी लंबाई में दो लेन की सड़क का



निर्माण हो रहा है. इसे 2025 तक पूरा होने की संभावना है. इसी एनएच के दूसरे खंड में चौसा से बक्सर के बीच फोरलेन सड़क का निर्माण होना है.

यह सड़क बक्सर शहर के दक्षिण से होते हुए लालगंज के सामने बक्सर-इटाढ़ी रोड को पार करते हुए कथकौली गांव के पास पटना-बक्सर एनएच 922 से मिल जाएगी. इसका निर्माण पूरा होने के बाद पटना, बिक्रमगंज, दिनारा, कोचस और मोहनिया की तरफ से आने-जाने वाले वाहन बिना बक्सर शहर में प्रवेश किए आगे का सफर तय कर सकेंगे. इससे बक्सर शहर में जाम की समस्या का समाधान हो सकेगा. मुजफ्फरपुर बाइपास का काम भी तेजी से करने का निर्देश दिया गया है. इस बाइपास का निर्माण कार्य इस साल ही पूरा हो जाने की संभावना है. इस बाइपास के बनने से मुजफ्फरपुर शहर पर से ट्रैफिक का दवाब कम होगा और पटना से नेपाल, पूर्णिया व गोपालगंज होकर यूपी जाने में भी सहूलियत होगी.

# वन मंत्रालय को बिहार में जमीन के बदले चाहिए जमीन, 50 हजार करोड़ की सड़क परियोजना अधर में



**पटना, एजेंसी।** वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से लगायी गयी नयी शर्त के कारण बिहार में 50 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाएं अटक गयी हैं. इन परियोजनाओं पर काम शुरू करने के लिए तत्काल 650 हेक्टेयर गैर वन भूमि की जरूरत है. जिसके लिए बड़े पैमाने पर वन भूमि की जरुरत है. वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने वन भूमि के उपयोग के बदले राज्य सरकार के सामने गैर वन भूमि देने की शर्त रख दी है. वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की इस शर्त के आगे बिहार सरकार बेवश है. इस शर्त ने राजमार्ग निर्माण की रफ्तार रोक दी है. वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से इस शर्त को रखे जाने के कारण बिहार में 50 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाएं अधर में लटक गई हैं. बिहार सरकार का कहना है कि बिहार जैसे सघन आबादी वाले राज्य में इस नियम का पालन होने पर सड़क निर्माण ही नहीं हो सकता है.

बिहार सरकार का कहना है कि इतनी जमीन मुहैया कराना उसके लिए संभव नहीं है. पहले सड़क निर्माण में वन भूमि का उपयोग किया जाता था, तो गैर वन भूमि देने की बाध्यता नहीं थी. पूर्व के नियमानुसार जितने पेड़ों की कटाई होती थी, उसकी दोगुनी संख्या में पेड़ लगाने के लिए पैसे देने पड़ते थे. इसके अलावा शुद्ध वर्तमान दर (नेट प्रेजेंट वैल्यू) के अनुसार सरकार को साढ़े छह लाख प्रति हेक्टेयर की दर से नकद राशि जमा करनी पड़ती थी, लेकिन अब केन्द्र सरकार के वन मंत्रालय ने इसमें एक नई शर्त जोड़ दी है. पेड़ लगाने का पैसा और नकद राशि के साथ ही यह नियम बना दिया गया कि जितनी वन भूमि का उपयोग होगा, उतनी (समतुल्य) जमीन सरकार को उपलब्ध करानी होगी, ताकि वहां हरित क्षेत्र विकसित किया जा सके. हालांकि इस शर्त का बिहार सरकार पहले ही विरोध कर चुकी है.

देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार में सड़क निर्माण के लिए पहले से ही जमीन मिलने में परेशानी हो रही है. ऐसे में वन भूमि के बदले गैर वन भूमि कहां से और कैसे दी जा सकती है. अगर इस शर्त का पालन किया जाए तो बिहार में सड़क निर्माण का काम अटक जाएगा. राज्य सरकार का यह भी कहना हैकि जिन सड़क परियोजनाओं को परिवेश पोर्टल पर नए नियम के लागू होने के पहले अपलोड कर दिया गया है, उस पर इस शर्त को लागू नहीं किया जाए, लेकिन वन विभाग केंद्र को भेजी गई तमाम सड़क परियोजनाओं पर इस नियम को लागू कर रहा है.

नई शर्त में राज्य की कई परियोजनाएं अटक गई है. वाराणसी-कोलकाता छह लेन एक्सप्रेस वेके लिए 140.71 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है. आरा-सासाराम के लिए 28.89 हेक्टेयर तो सरवन-चकाई के लिए 19.87 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है. एनएच 227ए मेहरौना घाट सेसीवान (रामजानकी मार्ग) के लिए 24.13 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है.

# 'पशुओं के लिये वरदान' अजोला

पशुपालकों की तरफ से हरे चारे की कमी व सस्ते बांट की कमी की समस्या प्रमुखता से उठायी जाती रही है। बरसात के मौसम के अलावा पशुओं को फसल अवशेष एवं भूसे पर पालना पड़ता है। जिससे पशु बढ़ोत्तरी, उत्पादन एवं प्रजनन क्षमता पर प्रतिकूल व विपरीत असर पड़ता है।



## अजोला के गुण

अजोला जल सतह पर मुक्त रूप से तैरने वाली जलीय फर्न है। यह छोटे–छोटे समूह में सघन हरित गुच्छ की तरह तैरती है। भारत में मुख्य रूप से अजोला की जाति अजोला पिन्नाटा पायी जाती है। यह काफी हद तक गर्मी सहन करने वाली किस्म है।

रिजका एवं संकर नेपियर की तुलना में अजोला से 4 से 5 गुणा उच्च गुणवत्ता युक्त प्रोटीन प्राप्त होती है। तथा इसका उत्पादन भी रिजका व नेपियर से 4 से 10 गुना तक अधिक उत्पादन देता है।

अजोला की पशु आहार के रूप में उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र,



धौलपुर ने सर्वप्रथम अजोला को कृषकों तक पहुंचाने व उपयोग कराने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर पर गत मार्च में एक एजोला प्रदर्शन इकाई स्थापित की है। केन्द्र पर स्थापित की गई इकाई से किसानों को प्रशिक्षण के माध्यम से प्रेरित करके जिला धौलपुर के ग्रामों में अजोला इकाई स्थापना हेतु किसानों को केन्द्र द्वारा निःशुल्क अजोला बीज प्रदान किये गये।

केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक शिवमूरत मीणा के अथक प्रयास के कारण मात्र दो महीने के अल्पकाल में जिला धौलपुर के गांव खेरली, पंचगांव, सरकनखेडा, बाड़ी, धौलपुर शहर, विरौदा, पिदावली व रूपसपुर में किसानों ने अजोला इकाई की स्थापना करके आज पशुओं को हरे चारे के रूप में अजोला खिला रहे हैं। अजोला को वृहत स्तर पर प्रसार के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर ने अन्य कृषि विज्ञान केंद्र, करौली, यू.पी. का आगरा व एम.पी. के भिंड, ग्वालियर व मुरैना आदि को भी अजोला इकाई स्थापना हेतु तकनीकी जानकारी प्रदान की है।

## अजोला का रखरखाव व सावधानियां

- क्यारी में जल स्तर को 1.0 सेमी तक बनाये रखें.
- प्रत्येक तीन माह पश्चात अजोला को हटाकर पानी व मिट्टी बदलें तथा नई क्यारी के रूप में दोबारा पुन: संवर्धन करें.
- अजोला को अच्छी बढ़वार हेतु 20–35 सेन्टीग्रेड तापमान उपयुक्त रहता है।
- शीतऋतु में तापक्रम 6.0 सेंटीग्रेड से नीचे आने पर अजोला क्यारी को प्लास्टिक मल्च अथवा पुरानी बोरी के टाट अथवा चद्दर से रात्रि में ढंक दें।



अजोला उत्पादन इकाई स्थापना में क्यारी निर्माण, सिलपुटिनशीट, छायादार नायलोन, जाली एवं अजोला बीज की लागत पशुपालक को प्रतिवर्ष नहीं देनी पड़ती है। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए अजोला उत्पादन लागत लगभग 1.00 रु. किलो से कम आंकी गयी है।

## अजोला पानी से फूल व सब्जी की खेती में लाभ

अजोला क्यारी से हटाने पानी को सब्जियों की खेती में काम में लेने से यह एक वृद्धि नियामक कार्य करता है, जिससे सब्जियों एवं फूलों के उत्पादन में वृद्धि होती है। अजोला एक उत्तम जैविक एवं हरी खाद के रूप में कार्य करता है।

कृषि विज्ञान केंद्र, धौलपुर पशुपालकों को सलाह देता है कि अजोला उत्पादन की तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के लिय केंद्र से संपर्क करें तथा अजोला पर प्रशिक्षण प्राप्त कर पशुओं के लिये अजोला इकाई स्थापित करें।

## अजोला की विशेषता

- यह जल में तीव्रगति से बढ़वार करती है।
- यह प्रोटीन आवश्यक अमीनो अम्ल, विटामिन 'ए' विटामिन बी–12 तथा बीटा कैरोटीन, कैल्शियम, फैरस, कापर एवं मैग्नीशियम से भरपूर है। इसमें गुणवत्तायुक्त प्रोटीन व निम्न लिखित तत्व होने के कारण मवेशी इसे आसानी से पचा लेते हैं।
- शुष्क वजन के आधार पर पोषक तत्वों की उपलब्धता इस प्रकार है–

प्रोटीन–20–30 प्रतिशत
वसा – 20–30 प्रतिशत
खनिज तत्व–50–70 प्रतिशत
रेशा – 10–13 प्रतिशत
बायो–एक्टिव व बायो–पॉलीमर– पर्याप्त मात्रा

- अजोला औसतन 1.5 कि.ग्रा./वर्गमीटर की दर से प्रति सप्ताह उपज देती है।
- यह फर्न तीन दिन में दुगनी हो जाती है।
- यह पशुओं का आदर्श आहार, जानवरों के लिये प्रतिजैविक तथा भूमि उर्वरता शक्ति को बढ़ाने का कार्य करती है। तथा इसकी उत्पादन लागत काफी कम है।

## अजोला इकाई तैयार करने की विधि

- किसी छायादार स्थान पर 6.0×1.0×2.0 मीटर आकार की क्यारी खोदें।
- क्यारी में 120 गेज की सिलपुलिन शीट को बिछाकर ऊपर के किनारों पर मिट्टी का लेप कर दें।
- 80–100 किग्रा. मिट्टी की परत क्यारी में बिछा दें।
- 5–7 किलो गोबर (2–3 दिन पुराना) 10–15 लीटर पानी में घोल बनाकर मिट्टी पर फैला दें।
- क्यारी में 400–500 लीटर पानी भरें जिससे क्यारी में पानी की गहराई लगभग 10–15 सेमी तक हो जावे।
- उपजाऊ मिट्टी व गोबर खाद को जल में अच्छी तरह मिश्रित करें।
- इस मिश्रण पर दो किलो ताजा अजोला को फैला दें, इसके पश्चात से 1 लीटर पानी को अच्छी तरह से अजोला पर छिड़कें जिससे अजोला अपनी सही स्थिति में आ सकें।
- क्यारी को अब 50 प्रतिशत नायलोन, जाली से ढक कर 15–20 दिन तक अजोला को वृद्धि करने दें.
- 21वें दिन से 1.5–2.0 कि.ग्रा. अजोला की उपज प्राप्त करने हेतु 20 ग्राम एसएसपी तथा 5.0 किलोग्राम गोबर खाद का घोल बनाकर प्रतिमाह क्यारी में मिलावें।
- मुर्गियों को 30–50 ग्राम अजोला प्रतिदिन खिलाने से उनके वजन व अंडा उत्पादन क्षमता में 10–15 प्रतिशत की वृद्धि होती है।
- भेड़ व बकरियों को 150–200 ग्राम ताजा अजोला खिलाने से शारीरिक वृद्धि एवं दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी होती है।



# लगाएं गेंदा



भिन्न–भिन्न ऊंचाई एवं भिन्न–भिन्न रंगों के कारण लेण्ड स्केप की खूबसूरती बढ़ाने के भी काम आता है। यह क्यारियों में तथा हरबेसियस बॉर्डर के रूप में आसानी से उगाया जाने वाला पौधा है। इसके साथ सबसे महत्वपूर्ण एवं फायदेमंद बात यह है कि इसकी खेती वर्ष पर्यन्त आसानी से की जा सकती है तथा इसमें कम पानी की आवश्यकता होती है। साथ ही इसके पुष्प लंबे समय तक खिलते हैं और संग्रहण क्षमता भी अच्छी होती है। इन सभी फायदों के चलते इसकी खेती आर्थिक दृष्टि से फायदे का सौदा सिद्ध होगी।

इसके अतिरिक्त यह बेहतर ट्रेप क्रॉप के रूप में भी उगाई जाती है। सूत्रकृमि या निमेटोड्स प्रभावित क्षेत्र में इसकी फसल लेने से सूत्रकृमियों का प्रभाव कम अथवा पूर्णत: समाप्त हो जाता है।

जलवायु वैसे तो गेंदे की खेती वर्ष भर की जा सकती है तथा सभी प्रकार की जलवायु में उगाया जा सकने वाला पौधा है। परंतु शीतोष्ण एवं समशीतोष्ण जलवायु उपयुक्त रहती है। पौधे की अच्छी बढ़वार एवं अधिक पुष्पन के लिये मुख्यतया नम जलवायु की आवश्यकता होती है। इसकी खेती सर्दी/गर्मी वर्षा तीनों मौसम में आसानी से की जा सकती है।

## भूमि

सामान्यतया गेंदे की खेती सभी प्रकार की मिट्टी में की जा सकती है। परंतु अधिक उपज के लिए अच्छी जल निकास वाली गहरी दोमट तथा बलुई दोमट मिट्टी जिसका पीएचमान 6.5 से 7.5 के मध्य हो।

## खाद एवं उर्वरक

खेत तैयार करते समय 15–20 टन/है. सड़ी हुई गोबर खाद, एफबायएम 200 कि.ग्रा./हे. यूरिया, 1000 कि.ग्रा. एसएसपी 200 किग्रा. एमओपी अच्छी तरह मिलाएं।

## पिचिंग (शीर्ष कर्तन)

पौध रोपाई के 35 से 40 दिन पश्चात पौधे की ऊपरी शीर्ष शाखा 3 से 5 सेमी तक की ऊंचाई हो को हाथ से चुटक कर तोड़ दें जिससे पीछे की शाखाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी होती है। और अधिक मात्रा में फूल प्राप्त किये जा सकते हैं।

खरपतवार नियंत्रण 3 से 4 बार अच्छी निराई गुड़ाई करके खरपतवारों को खेत से उखाड़े खरपतवारनाशी का भी प्रयोग किया जा सकता है।

## बुवाई समय

गेंदे की बुवाई वर्ष में तीन बार की जा सकती है। वर्षा ऋतु में पुष्प प्राप्त करने के लिए मध्य जून में बीजों की बुवाई की जाती है तथा रोपाई मध्य जुलाई तक करते हैं। सर्दी की ऋतु में पुष्प प्राप्त करने के लिये मध्य सितम्बर तक बीजों की बुवाई करने के पश्चात मध्य अक्टूबर तक पौध की रोपाई की जाती है इसी प्रकार ग्रीष्मकालीन फसल प्राप्त करने के लिए जनवरी–फरवरी माह में बीजों की बुवाई की जाती है तथा फरवरी–मार्च माह में पौध रोपण का कार्य किया जाता है।

## पौध तैयार करना



गेंदे की पौध तैयार करने के लिए भूमि की सतह से 15 सेमी.ऊंची बीज शैया तैयार करे जिससे आवश्यकता से अधिक जल का निकास संभव हो सके। बीज शैया की चौड़ाई 1 मी. तथा लंबाई आवश्यकतानुसार रखें। बीज बुवाई से पूर्व बीजोपचार आवश्यक रूप से करे जिससे पौध को कम अवस्था में होने वाले रोगों जैसे आर्द्रगलन, जड़ गलन से बचाव किया जा सके। बीजोपचार के लिये 0.2 प्रतिशत केप्टान अथवा बाविस्टीन का उपयोग करें।

## पौध रोपण

जब पौधे की लंबाई 15 सेमी. के लगभग के हो जाये तथा उसे 4 पत्तियां निकल आये तब पूर्व में तैयार क्यारियों में स्वस्थ पौध की रोपाई कर दें। रोपाई के पश्चात हल्की सिंचाई अवश्य करें।

## तुड़ाई

पूर्ण रूप से खिले पुष्पों की सुबह जल्दी अथवा शाम के समय तुड़ाई करें जिससे पुष्प अधिक समय तक खिले हुए ताजा एवं स्वस्थ रहे।

## उपज

अफ्रीकन गेंदे से औसतन 20 से 22 टन तथा फ्रेंच गंदे से 10 से 12 टन प्रति हैक्टेयर उपज प्राप्त होती है।



## गेंदे की प्रजातियां

### अफ्रीकन गेंदा :

इस किस्म के फूलों को मुख्यतया कट फ्लावर्स के तौर पर काम में लिया जाता है। इसके तने और शाखाओं में सीधी बढ़वार होती है। पौधों की लंबाई अन्य प्रजातियों के मुकाबले अधिक होती है। पुष्पों का रंग मुख्यतया पीला एवं नारंगी होता है तथा पुष्पों का आकार बड़ा एवं आकर्षक होता है।

### मुख्य किस्में-

क्यूपिड क्राउन ऑफ गोल्ड/जायन्ट सनसेट/ गोल्डन एज, हैप्पीनेस, हनी कॉम्ब, प्रिमरोज, गोल्डन येलो, रिवरसाइड, जायन्ट डबल अफ्रीकन ऑरेन्ज, जायन्ट डबल अफ्रीकन येलो, पूसा नारंगी गेंदा, पूसा बसन्ती गेंदा, फर्स्ट लेडी, टेक्सास, गोल्डन जुबली, फायर ग्लो, अलास्का, क्रेकर जेक इत्यादि

### फ्रेंच गेंदा -

इस किस्म के पौधे झाड़ीनुमा तथा फैलने वाले होते हैं। मुख्यतया पौधे अफ्रीकन प्रजाति की अपेक्षा लंबाई में छोटे होते हैं। पुष्प आकार में अपेक्षाकृत छोटे धारीदार एवं धब्बे युक्त अत्यंत आकर्षक होते हैं। पुष्पों का रंग लाल होता है। जिसमें पीला एवं नारंगी सुनहरा रंग मिश्रित होता है। मुख्य किस्में - बोलेरो, बोनिटा, रस्टी रेड, बटर स्कॉच, पेटाइट गोल्ड, पेटाइट हारमनी, स्पन गोल्ड, येलो पिग्मी, लेमन ड्रॉप, स्पेनिश ब्रोकेड, ओरेन्ज फलेम, फॉस्टा, गोल्डी, जिप्सी, स्कॉरलेट सोफिया इत्यादि।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# हाथरस के सबक

उत्तर प्रदेश के हाथरस में मची भगदड़ के कारण इतनी बड़ी संख्या में हुई श्रद्धालुओं की मौत तकलीफदेह तो है ही, हमारे तंत्र पर एक बड़ा सवाल भी है। ऐसे हादसे अपने देश के लिए नए नहीं हैं, समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्रों से ऐसी खबरें आती रहती हैं। इन घटनाओं का दोहराव बताता है कि इनसे जरूरी सबक लेकर कारगर कदम उठाने का काम ठीक से नहीं हो रहा। जहां तक हाथरस में हुई घटना की बात है तो शुरू में इसे लापरवाही का नतीजा ही माना जा रहा था। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का दौरा करने और पीड़ितों से बातचीत समेत सभी संभव स्रोतों से ब्यौरा लेने के बाद कहा है कि इसके पीछे साजिश हो सकती है। उन्होंने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच टीम मामले की तह तक जाकर इससे जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल करेगी और इसके वास्तविक कारणों का पता लगाने के साथ ही बचाव के कारगर उपाय भी सुझाएगी। जो शुरुआती तथ्य अब तक सामने आए हैं वे भी कई अहम सवाल खड़े करते हैं। मिसाल के तौर पर बकौल खुद मुख्यमंत्री, सेवादारों की भूमिका संदेह के दायरे में है। कहा जाता है कि कुछ सेवादारों ने भक्तों को धक्के दिए। इससे भगदड़ के हालात बने। कुछ हलकों में भक्तों पर पानी छोड़ने की बात कही जा रही है जिससे कीचड़ बनी और कई महिलाएं उसमें गिरीं। प्रशासन के स्तर पर पर्याप्त इंतजाम न होने की शिकायतें भी हैं। निश्चित रूप से प्रशासनिक व्यवस्था की कमियां दूर करने, एसओपी तैयार करने और उस पर अमल सुनिश्चित करने का काम तत्काल प्रभाव से शुरू होना चाहिए, लेकिन जिन वजहों से और जितनी बड़ी संख्या में लोग इस सत्संग के लिए इकट्ठा हो गए, उन्हें भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। मसलन, सत्संग के लिए आए कुछ लोगों ने बताया कि वे यह देखने आए थे कि ये बाबा इंसान हैं या भगवान। किन-किन तरीकों से ऐसे बाबाओं का समाज में क्रेज बनाया जाता है, उसे समझना भी समस्या को हल करने की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। भारत जैसे देश में आस्था की बड़ी जगह है। हर व्यक्ति की आस्था का सम्मान हर हाल में होना भी चाहिए। लेकिन यह याद रखना भी जरूरी है कि आस्था और अंधविश्वास में बड़ा बारीक लेकिन महत्वपूर्ण अंतर होता है। आस्था के नाम पर समाज में अंधविश्वास फैलाने और लोगों के विश्वास का बेजा फायदा उठाने की इजाजत किसी को नहीं होनी चाहिए।

## मेहरबान मानसून

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की यह घोषणा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून समय से छह दिन पहले ही पूरे देश में सक्रिय हो गया है, एक सुखद सूचना है। खासकर हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के बाकी हिस्सों में भी इसकी सक्रियता किसानों के साथ-साथ देश के नीति-नियंताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। केरल में यह अपेक्षित समय से दो दिन पहले ही 30 मई को झमाझम बरसने लगा था, मगर महाराष्ट्र के आगे इसकी रफ्तार के मद्धम पड़ जाने से उत्तर भारत के तमाम राज्यों में तापमान ने नए रिकॉर्ड बना डाले और लू के थपेड़ों ने लोगों को काफी परेशान किया। कई लोग इसकी वजह से अकाल ही मौत के शिकार बन गए। ऐसे में, मानसूनी बारिश ने लोगों को कुदरती दाहकता से निजात दिलाई है। अच्छा मानसून अर्थव्यवस्था के लिए किसी नेमत से कम नहीं होता, क्योंकि खास तौर पर ग्रामीण आर्थिकी पर इसका सकारात्मक असर देखा जाता है और नई फसल के कटने के साथ आने वाले त्योहारी मौसम में वहां से मांग में वृद्धि दर्ज की जाती है। मगर आईएमडी की इस सुकूनदेह घोषणा में एक ऐसा पहलू भी है, जो केंद्र व राज्य सरकारों को चिंता में डालने वाला है, बल्कि पूर्वोत्तर में हम उसका असर देख भी रहे हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि इस महीने पूर्वी और मध्य भारत में भारी बारिश बाढ़ की स्थिति पैदा कर सकती है। असम में अब तक छह लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं और 30 से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। राज्य के 35 में से 19 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। यह संतोष की बात है कि राज्य का आपदा प्रबंधन महकमा युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है और प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने व फंसे हुए लोगों तक भोजन-पानी पहुंचाने का काम कर रहा है। परेशानी की बात यह है कि मौसम विभाग ने अरुणाचल और असम के कुछ इलाकों में आगे भी भारी बारिश की आशंका जताई है। ऐसे में, वहां हालात के और गंभीर होने का अंदेशा है। असम, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे राज्यों का एक बड़ा इलाका लगभग हरेक साल ही बाढ़ की त्रासदी झेलता है।

# आगामी पांच वर्षों में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है दुगना

(प्रह्लाद सबनानी)

*भारत शेयर बाजार पूंजीकरण की दृष्टि से विश्व में आज अमेरिका, चीन, जापान, हांगकांग के बाद 5वें स्थान पर है। तीसरे स्थान पर शीघ्र ही आ सकता है। आगामी 10 वर्षों में बहुत सम्भव है कि भारत दूसरे स्थान पर भी आ जाए क्योंकि चीन और जापान के आर्थिक क्षेत्र में जिस प्रकार की समस्याएं दिखाई देने लगी हैं।*

भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। पूरे विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के सम्बंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत सम्भव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्षों में दुगना हो जाए। आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपए के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है। अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे। वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401च योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है। भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा। पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपए की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने का कार्य अभी भी जारी है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस सबका यह परिणाम भी हुआ है कि देश में पिछले 10 वर्षों में गरीबी आधी रह गई है और इसे शून्य पर लाने के लिए कार्य जारी है। भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से सबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। नए नए रोड बने हैं, रेल्वे का विकास हुआ है (रेल्वे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है), पोर्ट का विकास हो रहा है, नए एयर पोर्ट का निर्माण हुआ है, परंतु अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष हैं। वर्ष 2015 ने भारत में मालगड़ियां औसतन लगभग 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती थीं। अब वह औसतन लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं और आगे आने वाले 5 वर्षों में यह और आगे बढ़कर औसतन लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने लगेगी। इससे सबसे बड़ा लाभ उद्योग जगत को हुआ है, क्योंकि अब उन्हें कच्चे माल का स्टॉक कम मात्रा में रखना पड़ता है और इससे अंततः उनके द्वारा निर्मित उत्पाद की लागत कम हुई है। पिछले कई वर्षों से विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी लगातार कम होती रही थे अथवा स्थिर हो गई थी। परंतु, अब यह स्थिति भी बदलती जा रही है और आने वाले 5 वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ने जा रही है।

# पुस्तक समीक्षा




डॉ. सूरज मृदुल का रचना संसार भाव और भाषा के धनी डा. सूरज मृदुल जी से मेरा कोई प्रत्यक्ष परिचय तो नहीं पर, डा. सूरज मृदुल का रचना संसार पुस्तक पढ़ते हुए उनसे मेरा अप्रत्यक्ष रूप से परिचय हो गया। डा. सूरज मृदुल जी बहुत ही सरलता और सहजता से भाव की गहराई में ले जाते हैं और अपनी कविता, कहानी, लघुकथा, गजल, साक्षात्कार, निबंध पढ़ने को मन को उद्वेलित कर देते हैं। निरंजन कुमार निर्भय द्वारा संपादित उनके पुस्तकों पर लिखी समीक्षात्मक पुस्तक निश्चय ही युवा शब्त शिल्पियों के लिए उत्प्रेरक का कार्य करती है। इकतीस शीर्षकों में उन पर और अन्य साहित्यकारों यथा जानकीवल्लभशास्त्री, महाराज कृष्ण जैन, भगवान चौरसिया, डा. सुरेन्द्र मोहन, डा. ब्रजनन्दन वर्मा डा. रोहिताश्व अस्मान्य पर लिखे लेख उनकी रचनाओं को पढ़ने को उत्सुक कर देता है। एक ओर जहां इस पुस्तक में नोबेल पुरस्कार प्राप्त कैलाश सत्यार्थी जी का बाल श्रम उन्मुलन के लिए चलाए गए उनके निरंतर आंदोलन की जानकारी मिलती है। किस प्रकार उन्नीस सौ अस्सी (1980) कैलाश सत्यार्थी ने बचपन बचाओं आंदोलन की नींव रखी और बच्चों को होटलों, ढाबों, कारखानों से मुक्त करा, विद्यालय भेजने का कठिन कार्य किया। इस दिशा में उहें कई बार धमकी भी मिली वे इस कार्य को बंद कर दें। इस साक्षात्कार के साथ आज बच्चे पढ़ाई में क्यों नहीं रूचि ले रहे विषय पर कई साहित्यकारों के विचार साक्षात्कार रूप में इस पुस्तक में समाहित है। दुनिया भर की खुशियां, कार्य की प्राथमिकता, मां मुझे सेवा करने का मौका दो नाम से कहानियां भी शामिल हैं। वहीं इसी पुस्तक में बच्चे राष्ट्र के भविष्य होते हैं, बच्चों में शिक्षा की अरूचि क्यों, बच्चे बड़ों का अनुकरण करते है नाम से लेख भी हैं। वहीं गांधी जी, गांधी की लाठी न टूटी, गाएं वन्दे मातरम, वतन के हित में जिमो दीपों का त्यौहार नाम से बाल कविताएं भी, डा. सूरज मृदुल जी को विभिन्न साहित्यिक संस्थानों ने सम्मानित भी किया है जिसमें भारतीय बाल कलयाण संस्थान कानपुर, अखिल भारतीय साहित्य संगम उदयपुर, रंजन कलश मध्य प्रदेश, साहित्यकार संसद, समस्तीपुर बिहार ने इनकी साहित्यिक कृतियों के लिए सम्मानित कर स्तुत्य कार्य किया है। अंत में इस पुस्तक के संपादक निरंजन कुमार निर्भय ने जिस मनोयोग से कई शीर्षकों में विभाजित कर रचना और रचनाकारों के चयन के साथ इनके साहित्य को एक पुस्तक में सार रूप में समेटने का कठिन और श्लाधनीय कार्य है, वह भी स्मरणीय है।

**– साकेत कुमार–**
**उप संपादक**
**सोन वर्षा वाणी**

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5424

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5423

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 5424

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | 10 |
| 11 | ■ | 12 | | | ■ | 14 | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | |
| 19 | | | | ■ | 20 | 21 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 22 | | ■ |
| 23 | | | ■ | 24 | ■ | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1979 के दिन इस तत्कालीन राष्ट्रपति ने लोकसभा भंग की थी (8)
6. राज्याभिषेक, सिंहासनारूढ़ हो जाने के समय युवराज के मस्तक पर लगाया लाने वाला टीका (3)
7. स्वीकार करना, मानना (3)
9. अस्वजन, अपरिचित, अनजान, पराया (3)
12. गीत गाने या बोलने का ढंग, शब्दों को उच्चारण करने का खासा ढंग (3)
14. यह मध्यप्रदेश के प्रांत का नगर एवं संभाग है जो प्रदेश प्रांत के विंध्य पठार के एक हिस्से का निर्माण करता है (2)
15. फायदा, मुनाफा, प्राप्ति (2)
17. दौड़ने वाला, धावक (3)
19. दादा का पिता, प्रतितामह (4)
20. विरूद्ध, प्रतिकूल, उलटा (3)
22. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
23. जिसके पार अपार संपत्ति हो, धनपति, मालामाल, धनाढ्य (3)
24. पृथ्वी, जमीन, सीता की एक सहेली का नाम (1)

**ऊपर से नीचे**

1. लोक व्यवहार हेतु नियत किया गया आचार, बर्ताव का ढंग (2)
2. प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (3)
3. मान्य और सर्वप्रिय, पसंद किया हुआ (4)
4. सजीव रहना, जिंदा रहना, जीवित होना (2)
5. रूपए के मूल्य के छोटे-छोटे सिक्के (4)
8. जो सीधा न जाकर बल खाता हुआ गया हो (5)
10. अनजान, अपरिचित, अज्ञात (4)
11. तानयुक्त स्वरों में आरंभिक धुन प्रदर्शन (3)
13. प्राणतत्व, जीवन, जानकारी, पहचान (2)
16. ऋण मोचन, क्षतिपूर्ति, भुगतान, आवक पत्र (4)
18. पहरेदार या रक्षक को यह भी कहा जाता है (3)
21. उर्दू का एक अक्षर, अलक, जुल्फ, फौज का दस्ता, दूर, दूरी पर, समूह (2)

### वर्ग पहेली 5423 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रो | मा | नि | या | ■ | कु | श | ल |
| ज | न | ■ | द | ह | श | त | ■ |
| ना | ना | ना | ■ | ल | व | ■ | था |
| म | ■ | पा | स | ■ | ती | त | र |
| चा | बु | क | ■ | व्यो | ■ | बा | ■ |
| ■ | डा | ■ | ना | म | ज | द | गी |
| ■ | पे | प | र | ■ | म | ला | ■ |
| ड | स्ट | र | ■ | मी | ना | ■ | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ का दिन है और आज आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने से मन को प्रसन्नता होगी और योजनाएं पूर्ण होंगी। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी। स्थान परिवर्तन के योग हैं और उसमें आपको लाभ और तरक्की होगी। आपके पराक्रम की वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष का आयोजन होगा और आपको खुशी होगी।

### वृष
आज आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। भौतिक विकास का योग अच्छा है और आपको करियर में सफलता मिलने के योग हैं। कारोबार में कोई खास डील फाइनल हो सकती है। शुभ योग के निर्माण से आज आपको व्यवसाय में अचछा मुनाफा होगा। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी और लाभ होगा।

### मिथुन
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

### तुला
आज दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपको खुशी होगी और आपकी तरक्की होगी। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वहीं करने को मिलेगा। आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आयेंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

### वृश्चिक
आज दिन लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपके घर में सुख समृद्धि के योग हैं। कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### धनु
आज का दिन हर काम को सावधानी से करने का है। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

### कर्क
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। धर्म और आध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। आपको इनको इग्नोर करना है। रात का समय मंगल कार्यों में बीतेगा।

### सिंह
आज का दिन सामान्य है। साझे में किया व्यापार आपको काफी लाभ देगा। घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। आपको अपने संतान के करियर के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। हाथ में एक साथ कई काम लेने से आपकी परेशानी बढ़ सकती है। सावधान रहें।

### कन्या
आज बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नये कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आस-पास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

### मकर
आज लाभ होगा। जो भी कार्य अपने हाथ में लेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें। परिवार के मामले में कोई ऐसा फैसला न करें कि आपको लेने के देने पड़ जाएं।

### कुंभ
आज आर्थिक मामलों में आज का दिन बहुत लाभ होगा। आज का दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें और अपने काम पर फोकस करें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी।

### मीन
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सही करें तो आपको लाभ होगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### रवि के गोल से यूनाइटेड को मिली जीत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर स्पोर्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आर्मरी ग्राउंड पर खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में रवि गागराई के शानदार प्रदर्शन की बदौलत यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी ने बरहा दिसोम फुटबाल क्लब को 1-0 से पराजित कर दिया।मैच के शुरुआती मिनटों से ही दोनों टीमें आक्रामक तेवर में दिखीं। बरहा दिसोम ने जहां अपनी मजबूत रक्षा पंक्ति के दम पर यूनाइटेड के आक्रमणों को विफल करने का प्रयास किया, वहीं यूनाइटेड के खिलाड़ी लगातार गोल करने के अवसर तलाशते रहे। मैच का पहला और निर्णायक गोल 13वें मिनट में आया। रवि गागराई ने बरहा दिसोम के डिफेंस को चकमा देते हुए गेंद को नेट में पहुँचा दिया। उनका यह गोल मैच का एकमात्र गोल साबित हुआ।

### भागीदारी पार्टी (पी) के महिला मोर्चा ने पतरातू प्रखंड मुख्यालय में किया प्रदर्शन

**पतरातू, एजेंसी।** अपने विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को भागीदारी पार्टी (पी) के महिला मोर्चा ने पतरातू प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम प्रखंड कर्मी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में अधिकतर स्थानीय समस्याओं का निदान करने की मांग की गई है। जिसमें कुरबीज गांव में पीएससी सड़क और गार्ड वाल का निर्माण करने। इसी गांव के महुडर टोला में जल मीनार का निर्माण करने, स्ट्रीट लाइट लगाने, ओसाम गांव में सड़क निर्माण, हरया टोला में जल मीनार का निर्माण करने की मांग की गई है। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में अबुआ आवास, सड़क, शौचालय आदि निर्माण कराने की मांग की है। मौके पर किरण देवी, चरकी देवी, सोमारी देवी, मोहिनी देवी, कौशल्या देवी, निराशु देवी, सुनीता देवी, सरस्वती देवी, सरिता देवी, कविता देवी आदि दर्जनों महिलाएं शामिल थे।

### अगले आदेश तक डॉ कौशल कुमार रजिस्ट्रार कार्यालय का रूटीन कामकाज संभालेंगे

**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार के प्रभार को लेकर शनिवार की शाम संशय खत्म हो गया है. वर्तमान रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार ही अगले आदेश तक रजिस्ट्रार रहेंगे. शनिवार को इस संबंध में प्रभारी कुलपति प्रो पवन कुमार पोद्दार के निर्देश पर नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है. नोटिफिकेशन की प्रति राजभवन और मानव संसाधन विभाग को भेज दी गयी है. बतौर रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार का कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो रहा था. वहीं राजभवन से रजिस्ट्रार के प्रभार को लेकर कोई निर्देश नहीं आया था. ऐसे में प्रभारी कुलपति प्रो पोद्दार द्वारा डॉ कौशल कुमार को अगले आदेश तक के लिए कार्य विस्तार दे दिया गया है.डॉ कौशल कुमार सोमवार से बतौर रजिस्ट्रार केवल रूटीन कामकाज देखेंगे. इस दौरान वह नीतिगत फैसला नहीं ले सकेंगे. नये प्रभारी रजिस्ट्रार पद पर अब नये कुलपति राजभवन की अनुमति से निर्णय लेंगे. नये कुलपति प्रो राम कुमार सिंह आठ या नौ जुलाई को पदभार संभाल लेंगे.इधर शनिवार को दिन विवि और कॉलेजों में इस बात की चर्चा होती रही कि रजिस्ट्रार का प्रभार किसे मिलेगा अगर रजिस्ट्रार को लेकर रविवार तक कोई नोटिफिकेशन नहीं आता तो सोमवार से विवि रूटीन कामकाज भी बुरी तरह प्रभावित हो जाता.

### जंगल में मिली मासूम सगे भाई-बहन की लाश, 10 माह के बच्चे के साथ मां लापता

**पीरटांड़ (गिरिडीह), एजेंसी।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के धावाटांड़ में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां दो सगे भाई-बहन का शव गांव के पास के जंगल से बरामद हुए हैं। वहीं, 10 माह के तीसरे बच्चे के साथ उनकी मां लापता है। इन दोनों के साथ भी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। घटना शनिवार की है। शनिवार शाम को दोनों शवों को जंगल से बरामद किया गया है। इधर, घटना के सामने आने के बाद दोनों बच्चों के पिता सुखलाल सोरेन व उनके मामा व मौसा को फिलहाल थाने में रखा गया है। इन तीनों से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं की जा रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मां ने ही दोनों बच्चों को जहर देकर जंगल मे छोड़ दिया और खुद फरार हो गई।

# हेमंत सोरेन आज चौथी बार लाएंगे विश्वास प्रस्ताव, अब तक तीन बार साबित कर चुके हैं बहुमत

**रांची, एजेंसी।** सीएम हेमंत सोरेन चौथी बार सोमवार को झारखंड विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव हासिल करेंगे। वे अब तक कुल तीन बार यानी दो बार उपमुख्यमंत्री और एक बार मुख्यमंत्री के रूप में विश्वास प्रस्ताव ला चुके हैं।

सभी बार उस समय की उनकी सरकार ने बहुमत साबित किया। इससे पहले सियासी उथल-पुथल के बीच उन्होंने पिछले वर्ष पांच सितंबर 2022 को मुख्यमंत्री रहते विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास मत हासिल किया था।

इसमें उन्हें 81 विधायकों में 48 का समर्थन प्राप्त हुआ था जबकि, भाजपा के सदन के बहिष्कार करने के कारण विपक्ष में शून्य वोट पड़ा था।

इस तरह, झारखंड विधानसभा में सबसे अधिक बार विश्वास प्रस्ताव लाने का श्रेय उनके नाम है। झारखंड विधानसभा में अब तक लाए गए विश्वास प्रस्ताव की बात करें, तो अब तक यहां 12 बार अविश्वास प्रस्ताव आ चुका है। इस वर्ष की बात करें तो सोमवार को इस वर्ष का दूसरा विश्वास प्रस्ताव आएगा।



इससे पहले चंपई सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उन्होंने पांच फरवरी को बहुमत हासिल किया था। झारखंड विधानसभा में अबतक 12 बार तत्कालीन सरकारों द्वारा लाए गए विश्वास प्रस्ताव में नौ बार सरकारों ने अपना बहुमत साबित किया।

दो बार प्रस्ताव आने के बाद वोटिंग से पहले ही तत्कालीन मुख्यमंत्रियों ने अपना इस्तीफा दे दिया था। एक बार वोटिंग की अनुमति ही नहीं दी गई थी। बताते चलें कि झारखंड विधानसभा में अबतक दो ही बार अविश्वास प्रस्ताव आया है।

सबसे पहले तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष स्टीफन मरांडी तथा विधायक फुरकान अंसारी ने 17 मार्च को 2003 को तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की सूचना विधानसभा सचिवालय को दी थी। लेकिन अविश्वास प्रस्ताव आने से पहले ही बाबूलाल मरांडी ने उसी दिन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

दूसरी बार नेता प्रतिपक्ष के रूप में अर्जुन मुंडा, विधायक सीपी सिंह तथा राधाकृष्ण किशोर ने 18 दिसंबर 2007 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया थे, जो अस्वीकृत हो गया था। इसमें मधु कोड़ा सरकार ने अपना बहुमत साबित कर दिया था।

**रांची में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल होंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन :** रांची, एजेंसी। ओड़िशा के पुरी की तर्ज पर रांची के धुर्वा में हर साल आयोजित होने वाले भव्य रथ मेला का आयोजन इस बार भी बड़े धूमधाम से हो रहा है. आज रविवार (7 जुलाई) को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकलेगी. इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे.

# देर से बनाया बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र तो देना होगा विलंब शुल्क

**धनबाद, एजेंसी।** जुलाई महीने के अंत तक जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने में विलंब करने पर अलग से शुल्क देना होगा। जन्म के 21 दिनों के बाद आवेदन देने पर यह नियम लागू होगा। राज्य सरकार ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। जुलाई महीने से जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने के नियमों में बहुत बदलाव हो रहा है। इसे लेकर सॉफ्टवेयर अपडेट का काम चल रहा है। सॉफ्टवेयर अपडेट को लेकर सात जुलाई तक निगम में जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने का काम बंद रहेगा। निगम ने इसकी सार्वजनिक सूचना अपने सूचना पट पर जारी कर दी है।

एक जुलाई से सॉफ्टवेयर अपडेट का काम चल रहा है। सरकार द्वारा बनाए गए नए नियम के अनुसार अब जन्म प्रमाणपत्र की डुपलेसी नहीं होगी। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त सह रजिस्ट्रार प्रसून कौशिक ने बताया कि सरकार ने आधार कार्ड से इसे लिंक करने का निर्णय लिया है। अब आधार नंबर डालते ही उसका पुराना जन्मप्रमाणपत्र दिख जाएगा। कई बार लोग बच्चे का उम्र कम करने के लिए दोबारा घर पर जन्म दिखाकर प्रमाणपत्र बनवाते हैं। अब ऐसा नहीं हो पाएगा। साथ ही अब ऑनलाइन आवेदन के दौरान जितने भी जरूरी कागजात हैं, उन्हें अपलोड करने के बाद ही इसका प्रोसेस हो पाएगा।

### 21 दिनों के अंदर खुद से ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा

सरकार ने नए नियम के अनुसार अब बच्चे का जन्म होने के 21 दिनों के अंदर आवेदन करते हैं तो आवेदक खुद से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रजिस्ट्रार द्वारा इसकी जांच की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद उसे ऑनलाइन बनाकर भेज दिया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में आवेदक को निगम कार्यालय नहीं आना होगा।

रजिस्ट्रार के लिए सरकार ने किया ऐप विकसित

कई बार रजिस्ट्रार के बाहर रहने पर जन्म-मृत्यु का काम प्रभावित हो जाता है, लेकिन अब सरकार ने एक एप तैयार किया है, जिसका एक्ससे रजिस्ट्रार के पास होगा। बाहर या छुट्टी में रहने की स्थिति में वह ऑनलाइन एप के माध्यम से आवेदन का वैरीफिकेशन करके उसे एप्रूव कर देंगे।

### हरिओम टावर से कूदकर युवक ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में बड़ी बहन से मां-बाप का ध्यान रखने को कहा

**रांची, एजेंसी।** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित हरिओम टावर से शनिवार की रात एक युवक ने कुदकर खुदकुशी कर ली। युवक की पहचान अंकित के रूप में हुई है। घटना के बाद अंकित को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लालपुर थानेदार ने बताया कि अंकित ने सुसाइड नोट छोड़ा है। अंकित ने सुसाइड नोट में लिखा है कि इसमें किसी की गलती नहीं है। अपने स्वजनों को लिखा है कि वह काफी दर्द में है। इस दर्द को वह झेल नहीं पा रहा है। इस वजह से वह जान दे रहा है। पूरे परिवार को ठीक से रहने की बात लिखी है। अंकित ने अपनी बड़ी बहन को लिखा है कि वह पिता और माता का ख्याल रखे।सुसाइड नोट में अंकित ने अपने घरवालों के मोबाइल नंबर लिखे थे। सुसाइड नोट में अंकित ने लिखा है कि उसकी मौत के बाद घरवालों को सूचना दे दी जाए। अंकित ने अपने घरवालों के तीन मोबाइल नंबर दिया है। पुलिस का कहना है कि इसकी जांच की जा रही है कि हरिओम टावर में गार्ड था या नहीं। गार्ड नहीं था तो यह लापरवाही है।इस संबंध में भी कार्रवाई होगी। इससे पहले भी हरिओम टावर से लोगों ने कूदकर अपनी जान दी है। हरिओम टावर में किस स्तर से लापरवाही हो रही है इसकी भी जांच की जाएगी।पुलिस का कहना है कि रविवार को अंकित के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनों के हवाले किया जाएगा। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

# देवघर में पुरानी बिल्डिंग ढहने से तीन लोगों की मौत, चार घायल अस्पताल में भर्ती

**देवघर, एजेंसी।** देवघर शहर के शिवगंगा तट से सटे सीता होटल के पास सीताकांत झा का पुराना तीन मंजिला मकान के ऊपरी दो तल सुबह तेज आवाज के साथ ढह गए। मकान में किराएदार रह रहे थे। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम राहत और बचाव में जुट गई।

मलबे में 9 लोग दबे थे, जिनमें से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 लोगों जीवित हैं, जिनमें से चार लोगों का इलाज जारी है। मृतकों में दो पुरुष हैं व एक महिला शामिल है। बिहार से सटे दर्दमारा के रहने वाले सुनील कुमार यादव, उनकी पत्नी सोनी देवी और पुत्र सत्यम कुमार और चाय दुकान चलाने वाली पूनम देवी मलबे में दबे थे। रेस्क्यू के दौरान दो पुरुषों को निकाला गया, लेकिन दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक महिला की भी मृत्यु हो गई है।रेस्क्यू टीम को पहली सफलता मिल गई है। सबसे अनुपमा देवी को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है।



घटना में गंभीर रूप से घायल अनुपमा देवी का इलाज किया जा रहा है।

दूसरे नंबर पर अनुपमा के पति मनीष दत्त द्वारी को निकाला गया, लेकिन अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। रेस्क्यू में निकाले गए सुनील यादव की मौत हो गयी है। घटना में अब तक दूसरी मौत है, जबकि उनका बेटा सत्यम अचेत है, जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।सुनील की पत्नी 28 वर्षीय सोनी देवी को जांच के उपरांत चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है।

सुनील कुमार यादव निजी चालक था, जो किसी बैंक के अधिकारी की गाड़ी चलाता था। पूनम के दो बच्चों सुहानी और पीहू को लोगों ने पहले ही सुरक्षित निकाल लिया था। घटनास्थल पर डीसी, एसपी और सांसद भी काफी देर तक मौजूद रहे।

उपायुक्त विशाल सागर ने पुष्टि की है कि सीता होटल के समीप बहुमंजिला बिल्डिंग के गिरने की घटना को संज्ञान में लेते हुए एनडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम को घटना स्थल पर प्रतिनियुक्त किया गया। बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है।

इसके अलावा दंडाधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस टीम, दमकल की टीम, और पुलिस द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही इमारत के गिरने के कारण कुछ लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम स्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है।

जिला प्रशासन द्वारा मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए राहत व बचाव का कार्य किया जा रहा है, ताकि हर संभव सहयोग व सहायता प्रदान की जा सके।

# गिरिडीह में एक ही परिवार के दो लोगों का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के पीरटांड़ थाना क्षेत्र में स्थित धावाटांड़ के एक नाले से रविवार सुबह एक ही परिवार के दो लोगों शव बरामद हुआ है. बताया जाता है कि वे दोनों रिश्ते में भाई-बहन हैं. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी. लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गयी. मृतकों की पहचान बिशनपुर पंचायत के धावाटांड़ निवासी राधिका कुमारी (10 वर्ष) और सचिन सोरेन (7 वर्ष) के रूप में हुई है. मामले की जानकारी पुलिस की दी गयी. सूचना मिलने के बाद वह तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी.

ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद से मृतक की मां और एक दस माह का बच्चा गायब है. इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पीरटांड़ थाना पुलिस की घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मौके पर मौजूद भीड़ हत्या की आशंका जता रहे हैं. गांव में इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही है. पुलिस भी आस पास के लोगों से जानकारी इकट्ठा कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है.



गिरिडीह जेल में बंद महिला नक्सली दुला बास्की की तबीयत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. शुक्रवार की रात अचानक पेट में दर्द उठने के बाद उसे पहले गिरिडीह के सदर अस्पताल ले जाया गया. वहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया. महिला नक्सली को एसएनएमएमसीएच के गायनी विभाग में भर्ती किया गया है. चिकित्सकों के अनुसार, शुरुआती जांच में उसकी पेट में गांठ बनने की बात सामने आ रही है. अस्पताल में कड़ी सुरक्षा के बीच महिला नक्सली को रखा गया है. उसके साथ दो महिला, तीन पुरुष जवान व एक प्रभारी मौजूद हैं. दुला बास्की ने बताया कि वह गिरिडीह के निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत चेचेरिया गांव की रहने वाली है. 2022 में हजारीबाग से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था. इसके बाद से वह गिरिडीह जेल में बंद है.

# सीयूजे में पहले चरण की काउंसिलिंग में स्नातकोत्तर की 70 प्रतिशत सीटें भरीं

**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। पहले चरण के लिए हुई काउंसिलिंग में शामिल अभ्यार्थियों को एनटीए की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी पीजी-2024) के अंकों के आधार पर मेरिट के अनुसार सीट आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चार चरणों के सीट आवंटन प्रक्रिया के तहत स्नातकोत्तर की लगभग 70 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं।

पहले चरण की काउसिंलिंग के बाद शुरू हुई आवंटन प्रक्रिया के बाद एमबीए, बीएड (लाइफ साइंस), बीएड (लैंग्वेज), बीएड (फिजिकल साइंस एंड मैथेमेटिक्स) की सभी सीटों पर नामांकन हो चुका है। वहीं, एमएससी जियोइंफॉमेटिक्स, सांख्यिकी, जूलॉजी, एमए लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान, एमकॉम में अनारक्षित श्रेणी की अधिकतर सीटों पर नामांकन हो चुका है।

### दूसरे चरण की काउंसिलिंग जल्द

स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों को मिलाकर रिक्त सीटों की संख्या- 143 है। इन रिक्त सीटों पर नामांकन दूसरे चरण की काउंसिलिंग से होगा। दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू होने की संभावना है। रिक्त 143 सीट में से 24 सीटें अनुसूचित जाति के लिए, 9 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए, 45 सीटें ओबीसी के लिए, 24 सीऐं ईडब्ल्यूएस और 41 सीटें अनारक्षित श्रेणी के लिए हैं।

रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए विश्वविद्यालय की नामांकन समिति की सोमवार को बैठक होगी। इसमें कई निर्णय लिये जाने की संभावना है। विश्वविद्यालय के नामांकन प्रभाग की ओर से नामांकन सीमित की बैठक से संबंधित सूचना सदस्यों की दी जा चुकी है। विश्वविद्यालय के नामांकन समिति के सदस्यों में- प्रो जीपी सिंह- अध्यक्ष, डॉ बैरागी चरण मल्लिक- संयुक्त समन्वयक, डॉ प्रवीण शर्मा- समन्वयक हैं। समिति के सदस्य- डॉ एच महतो, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ सीमा ममता मिंज और डॉ शमशेर आलम हैं।

### विषयवार खाली सीटें

एससी जियोइंफॉर्मेटिक्स में- 5, सांख्यिकी में- 12, जूलॉजी में- 2, अंग्रेजी में- 18, लोक प्रशासन में- 24, राजनीति विज्ञान में- 10, तिब्बती भाषा में- 7, थिएटर आर्ट में- 13, वोकल म्यूजिक में- 14, एमकॉम में- 36, बीएड (सोशल साइंस) में-2 है।

# कोल्हान में नक्सली बंद को लेकर रेलवे प्रशासन हाई अलर्ट पर, ट्रेनों की आवाजाही पर रखी जा रही नजर

**जमशेदपुर, एजेंसी।** माओवादी और नक्सली नेताओं के एनकाउंटर के विरोध में नक्सलियों के विभिन्न संगठनों ने नौ को रात 12 बजे से लेकर 10 जुलाई की रात 12 बजे तक कोल्हान प्रमंडल बंद बुलाया है. यहां सबसे ज्यादा नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की ओर से कार्रवाई की गयी है. यही वजह है कि नक्सलियों के रेड जोन से गुजरने वाली ट्रेनों की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है.

9 से 10 जुलाई की रात तक नक्सलियों के इस एलान से ट्रेनों की रफ्तार कम करने को कहा गया है. मुंबई, दिल्ली, कोलकाता समेत अन्य स्थानों की ओर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेंगे. ट्रेनों को स्कॉट कर चलाने को कहा गया है. चक्रधरपुर रेल मंडल के उग्रवाद प्रभावित माने जाने वाले सेक्शन में भी ट्रेनों की स्पीड कम कर दी गई है.

**मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के आगे चलेंगे पायलट इंजन :** गौरतलब है कि पिछले बंदी में नक्सलियों ने रेल पटरी उड़ा दी थी. आरपीएफ डीआइजी ने नक्सली बंदी को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है. बंद के दौरान किसी खास गतिविधि की खुफिया सूचना अब तक नहीं मिली है. बंद के दौरान नक्सली रेलवे ट्रैक और रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकते हैं. इसको लेकर महत्वपूर्ण मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के आगे पायलट इंजन चलाने का निर्णय लिया गया है. ट्रैक मैन कीमैन अलर्ट रहेंगे. ब्रिज और रेलवे ट्रैक पर नियमित पेट्रोलिंग करेंगे. स्टेशन मास्टर, केबिन मैन, ड्राइवर गार्ड समेत सभी स्टेशन कर्मचारी अलर्ट रहेंगे. चक्रधरपुर रेल मंडल के सरायकेला, खरसावां, चाईबासा, चक्रधरपुर, मनोहरपुर, पोसैता समेत अन्य स्थानों के सारे रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा बल रहेंगे.

# हजारीबाग एसपी और डीजीपी ने दिये गलत तथ्य, झारखंड हाईकोर्ट नाराज, मामला चीफ जस्टिस को रेफर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने एक क्रिमिनल क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य के डीजीपी और हजारीबाग एसपी की ओर से गलत तथ्य देकर गुमराह करने के मामले को गंभीरता से लिया है. डीजीपी व एसपी के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के पूर्व अदालत ने मामले को चीफ जस्टिस के समक्ष रखने का निर्देश दिया.

अदालत ने कहा कि मामले (क्रिमिनल संख्या-3/2021) में स्वत- संज्ञान से अवमानना की प्रक्रिया शुरू की थी. उस मामले में इस अदालत द्वारा अपनायी गयी प्रक्रिया को हाइकोर्ट की खंडपीठ ने स्वीकार नहीं किया था और यह अदालत इस मामले में जल्दबाजी में आगे बढ़ना नहीं चाहती है, क्योंकि खंडपीठ को प्रक्रियात्मक दोष पर संदेह है और वर्तमान मामले में आगे बढ़ने से पहले उस बिंदु पर स्पष्टीकरण आवश्यक है. यह अदालत इस उलझन में है कि राजीव रंजन व सचिन कुमार से संबंधित अवमानना मामले (क्रिमिनल) संख्या-3/2021 में खंडपीठ के निर्णय के मद्देनजर क्या प्रक्रिया अपनायी जाये.

अदालत ने 'महिपाल सिंह राणा अधिवक्ता, प्रीतम पाल और सहदेव उर्फ सहदेव सिंह और विनय चंद्र मिश्रा' के मामलों में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उदाहरण देते हुए कहा है कि अवमानना मामले (क्रिमिनल) संख्या-3/2021 में खंडपीठ के निर्णय पर बड़ी पीठ द्वारा विचार किये जाने की जरूरत है. इसलिए, यह अदालत रजिस्ट्री को अवमानना मामले में खंडपीठ के निर्णय को चीफ जस्टिस के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश देती है. डब्ल्यूपी क्रिमिनल संख्या-139/2021 के संपूर्ण अभिलेखों सहित कागजात तथा अवमानना मामला (क्रिमिनल) संख्या-3/2021 को उचित आदेश के लिए चीफ जस्टिस के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है. निर्णय की प्रतीक्षा में इस वर्तमान मामले को लंबित रखा जाता है तथा पूर्व में दिये गये अंतरिम आदेश (निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक) लागू रहेगा.

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रवीण शंकर दयाल ने पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि प्रार्थी के बारे में पहले हजारीबाग के एसपी ने गलत तथ्य दिये. उसके बाद डीजीपी अजय कुमार सिंह की ओर से भी गलत तथ्य देकर अदालत को गुमराह करने का प्रयास किया गया है. प्रार्थी को फरार बताया है. यह अदालत की अवमानना है. अधिवक्ता श्री दयाल ने कहा कि प्रार्थी फरार नहीं है. वह अदालत की शरण में है. स्वयं पुलिस ने मामले में चार्जशीट दायर किया है, जिसमें कहा गया है कि आरोपी जमानत पर है, तो वह फरार कैसे है अधिवक्ता ने अदालत को गुमराह करने के लिए डीजीपी व एसपी के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया. उल्लेखनीय है कि प्रार्थी मंसूर अंसारी ने क्रिमिनल क्वैशिंग याचिका दायर की है. उन्होंने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गयी है.

# 1.5 किमी लंबे नंद नगरी फ्लाईओवर की डेडलाइन 4 महीने और बढ़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली में नंद नगरी से गगन सिनेमा के बीच बन रहे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तय समय से पीछे चल रहा है। अब इसके पूरा होने की डेडलाइन अक्टूबर तय की गई है। यह सड़क दिल्ली को गाजियाबाद से जोड़ती है। दिल्ली का यह इलाका सघन आबादी वाला है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो अलग-अलग कारणों से फ्लाईओवर की नई डेडलाइन चार माह बढ़ाई जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि इस योजना का 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है।



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी से गगन सिनेमा (मंगल पांडे मार्ग) पर बन रहे 1.5 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर को सितंबर, 2022 में मंजूरी मिली थी। फरवरी, 2023 में काम शुरू हुआ था। इसे पूरा करने के लिए जुलाई 2024 तक की डेडलाइन रखी गई थी। अधिकारियों की मानें तो 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है, लेकिन वन विभाग समेत कई अन्य विभागों से जरूरी मंजूरी मिलने में देरी के कारण समय सीमा बढ़ाई गई है। योजना से जुड़े अधिकारी के मुताबिक, बिजली के तार शिफ्ट करने का काम अभी चल रहा है। इसकी मंजूरी में थोड़ी देरी हुई है। इसके अलावा सबसे बड़ा कारण पेड़ों की कटाई की मंजूरी को लेकर है। बताया जा रहा है कि इस योजना के लिए कुल 118 पेड़ों को काटा जाना था। अभी तक पेड़ काटने की मंजूरी नहीं मिल पाई है, क्योंकि वन विभाग ने इस क्षेत्र को डीम्ड फॉरेस्ट एरिया घोषित कर रखा है।

ज्ञात हो कि इस पुल के निर्माण के बाद पूर्वी दिल्ली से गाजियाबाद आने-जाने वालों को काफी सहूलियत होगी। अभी तक फ्लाईओवर का अधिकांश कार्य पूरा होने का दावा अधिकारी कर रहे हैं। ऐसे में अक्टूबर में पुल के खुलने की संभावना है।

मंगल पांडे मार्ग पर नंद नगरी से गगन सिनेमा तक बनने वाले इस फ्लाईओवर के बनने से घौंडा, मुस्तफाबाद, गोकलपुर, नंद नगरी, करावल नगर के अलावा आस-पास की दर्जनों घनी आबादी वाली कॉलोनियों को फायदा मिलेगा।

## 32 सूत्रीय मांग को लेकर पटवारियों का आंदोलन, 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरने पर संघ

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार छह जुलाई से राजस्व पखवाड़ा आयोजित करने जा रही है, दूसरी ओर राजस्व पटवारी संघ आठ जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। दरअसल, लोगों की खेती किसानी संबंधित नक्शा, खसरा समेत अन्य चीजों में होने वाली परेशानी को दूर करने राज्य सरकार राजस्व पखवाड़ा आयोजित करने जा रही है। वहीं पटवारी संघ ने मंत्री टंकराम वर्मा के नाम से जारी ज्ञापन में 32 सूत्रीय मांग रखी है। पटवारी संघ 32 सूत्रीय मांगों को लेकर आठ जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। ऑनलाइन काम के लिए कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट जैसी सुविधाओं की मांग की गई है। साथ ही ऑनलाइन एप भुइंया में नक्शा, बटांकन संशोधन को लेकर आने वाली तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए मांग की गई है। इसके लिए उन्होंने जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना की मांग की है। इस प्रकार राजस्व पटवारी संघ ने कुल 32 मांगें मंत्री टंकराम वर्मा के समक्ष रखी हैं। पटवारी संघ ने मंत्री टंकराम वर्मा के नाम से ज्ञापन जारी करते हुए दो दिनों के भीतर समाधान करने की मांग की है।

### संक्षिप्त समाचार

## पुलिस की रेड से डरकर तीसरी मंजिल से कूदने वाले युवक की मौत, महादेव सट्टा पैनल का करता था संचालन

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में ऑनलाइन महादेव सट्टा एप्प मामले बीते दिनों पुलिस कार्रवाई को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। पुलिस के कार्रवाई के दौरान पैनल संचालक युवक तीसरे मंजिल से छलांग दिया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। मामले में एक सप्ताह पहले भिलाई के कुछ युवक ऑनलाइन महादेव सट्टा एप्प का पैनल हैदराबाद के तेलंगाना में संचालित कर रहे थे। इसकी सूचना दुर्ग पुलिस को मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर किराए के मकान पर छापामारी कर नाबालिग समेत छह सटोरियों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं एक युवक तीसरे मंजिल से छलांग लगा दिया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। युवक का नाम सुजीत कुमार साव बताया जा रहा है जो कि भिलाई का रहने वाला था। मृतक सुजीत भिलाई के वैशालीनगर कैंप 1 का रहने वाला था, जो तेलंगाना में महादेव ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में बी चंदू, अभिषेक वर्मा ,हिमांशु चौहान, उदय, विनय समेत एक नाबालिग को गिरफ्तार किया था।

## तेज रफ्तार की बीएमडब्ल्यू कार ने फिर मारी बाइक में टक्कर, मछली पकड़ने निकली महिला की मौत

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र में तेज रफ्तार की कार ने एक और जान ले ली है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में रविवार की सुबह वर्ली में एक तेज रफ्तार की बीएमडब्ल्यू कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार कपल को जबरदस्त चोट लगी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला की मौत हो गई। घटना सुबह 5:30 बजे के करीब है। कहा जा रहा है कि वर्ली के कोलीवाड़ा इलाके में रहना वाली यह जोड़ी मछ्ली पकड़ने के लिए ससून डॉक गया था। वे पकड़ी हुई मछ्ली लेकर घर लौट रहे थे, तो उनके दोपहिया वाहन को पीछे से एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी बाइक पलट गई और पति-पत्नी दोनों कार के बोनट पर गिर गए। खुद को बचाने की कोशिश में पति बोनट से कूदने में कामयाब रहा। हालांकि, उसकी पत्नी इतनी भाग्यशाली नहीं थी। इसके बाद मची अफरा-तफरी में चार पहिया वाहन का चालक घायल महिला को छोड़कर मौके से भाग गया। घायल महिला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पति का फिलहाल इलाज चल रहा है। साथ ही हिट-एंड-रन मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## वन रक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में बड़ी कार्रवाई, 11 आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के 2022 वन रक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। एसओजी ने वन रक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में राजस्थान में ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है। राजस्थान पुलिस की ओर से शनिवार को जारी बयान में उक्त जानकारी दी गई है। राजस्थान पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 28 जून को पुलिस ने बांसवाड़ा में दो आरोपियों प्रवीण मालवीय और उनकी पत्नी सविता डोडियार को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ की गई तो सनसनसीखेज जानकारियां सामने आईं। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि साकन सिंह खड़िया नामक व्यक्ति ने उनसे ऐसे लोगों को खोजने के लिए कहा था जो लीक प्रश्नपत्र के लिए 8 लाख रुपये दे सकें। आधिकारिक बयान के अनुसार, मालवीय और डोडियार ने आठ उम्मीदवारों की व्यवस्था की जो पेपर के लिए भुगतान करने को तैयार थे। एसओजी ने मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। आगे की पूछताछ जारी है। हाल ही में एसओजी ने विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में कथित तौर पर शामिल एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। एसओजी ने एक महीने तक चले ऑपरेशन के बाद मंगलवार को तीन आरोपियों ओमप्रकाश ढाका, शम्मी बिश्नोई और सुनील बेनीवाल को गिरफ्तार किया गया है।

## हरियाणा में जाट वोट बैंक पर सबकी नजर! सतीश पूनिया लगा पाएंगे सेंध?

**जयपुर , एजेंसी।**
राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को बीजेपी आलाकमान ने हरियाणा का प्रभारी बनाया है। इसके सियासी मायने निकाले जा रहे है। क्या सतीश पूनिया कांग्रेस के जाट बैंक में सेंध लगा पाएंगे? सतीश पूनिया का राजस्थान में कद बढ़ा है? सियासी जानकारों का कहना है कि इन दोनों सवालों के जवाब आगामी दिनों में मिल सकते है। हरियाणा में तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव होने है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने वापसी करते हुए बीजेपी के वोट बैंक में जबर्दस्त सेंध लगाई थी। सियासी जानकारों का कहना है कि बीजेपी के हरियाणा में सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सतीश पूनिया की असली चुनौती हरियाणा में बीजेपी वापसी की है।

हरियाणा में भी चुनाव में जातिगत आंकड़ा काफी मायने रखता है। आंकड़ों पर नजर डालें तो हरियाणा में जाट वोट बैंक का दबदबा रहता है। प्रदेश में जाट वोट प्रतिशत करीब 22.2 फीसदी, अनुसूचित जाति करीब 21 फीसदी, पंजाबी करीब 8 फीसदी, ब्राह्मण करीब 7.5 फीसदी, अहीर करीब 5.14 फीसदी, वैश्य करीब 5 फीसदी, जाट सिख करीब 4 फीसदी, मेव और मुस्लिम करीब 3.8 फीसदी, राजपूत करीब 3.4 फीसदी, गुर्जर करीब 3.35 फीसदी, बिश्नोई करीब 0.7 फीसदी और अन्य करीब 15.91 फीसदी है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जाट बाहुल्य इलाकों में




शानदार प्रदर्शन किया था। 10 में से 5 सीटें जीतकर बीजेपी को करारी शिकस्त दी थी।

बीजेपी ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हैं। पूनिया राजस्थान में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पूनिया को संगठन का मजबूत नेता माना जाता है। पूनिया के पास लोकसभा चुनाव में भी पार्टी की जिम्मेदारी थी। इस बार माना जा रहा था कि हरियाणा में बीजेपी 2 से 3 सीट पर सिमट जाएगी लेकिन पूनिया ने पार्टी को 5 सीट जितवाने में अहम भूमिका अदा की है। पूनिया जाट बिरादरी से आते हैं ऐसे में उनका राज्य में फायदा मिल सकता है। विधानसभा चुनाव में हारने के बाद पूनिया को पार्टी ने हरियाणा का सह प्रभारी बनाया था, लेकिन करीब 6 महीने बाद ही पूनिया का प्रमोशन कर कर प्रभारी बना दिया गया है। इससे सतीश पूनिया की दिल्ली दरबार में गहरी पैठ के रूप में देखा जा रहा है।

## भाजपा को उसी के दांव से करेंगे चित? महाराष्ट्र में सरकार के खिलाफ एमवीए की तैयारी

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव तो अभी दूर हैं, लेकिन महिला वोटरों को रिझाने की कोशिशें शुरू हो चुकी हैं। जहां हाल ही में भाजपा नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने देने का वादा किया है। वहीं, अब महाविकास अघाड़ी ने इसको काउंटर करने की तैयारी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक अगर एमवीए सत्ता में आती है तो वह महिलाओं को हर महीने इससे अधिक पैसे देगी। गौरतलब है कि हालिया लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद महायुति गठबंधन सरकार ने महिलाओं को कैश पेमेंट की घोषणा की थी। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव कैंपेन के दौरान महिला वोटर कांग्रेस की 'महालक्ष्मी' योजना से प्रभावित हुईं। इसलिए महायुति गठबंधन को महिलाओं का वोट उतना नहीं मिला। अब इन वोटर्स को फिर से अपने पक्ष में लाने के लिए महायुति गठबंधन योजनाएं बनाने में जुट गया है।



असल में कांग्रेस को महाराष्ट्र में इस तरह का सबक मिल चुका है। यहां पर चुनाव से पहले कांग्रेस नेता कमलनाथ ने सत्ता में आने पर महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने देने का ऐलान किया। इसके तत्काल बाद मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं को मिलने वाली 1000 की रकम को बढ़ाकर 1250 कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी ऐलान कर दिया कि अगर भाजपा फिर से चुनाव जीतती है तो इस रकम को बढ़ाकर 1500 कर दिया जाएगा। बाद में भाजपा ने चुनाव जीत भी लिया और कांग्रेस को एक बड़ा सबक मिल गया।

अब महाराष्ट्र में सरकार द्वारा कैश पेमेंट योजना के ऐलान को कांग्रेस गलत दांव बता रही है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक कांग्रेस नेताओं का कहना है कि चुनाव करीब है और महायुति ने महिलाओं को मिलने वाली रकम फिक्स कर दी है। अब हम इसका फायदा उठाएंगे और आने वाले चुनाव में महिलाओं के लिए इससे ज्यादा रकम की घोषणा करेंगे। इसके अलावा कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव से जनता के मूड के बारे में बड़ा संकेत मिला है। इससे जाहिर होता है कि लोगों का झुकाव कांग्रेस की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को बिल्कुल भी फायदा नहीं मिलने वाला है। गौरतलब है कि हाल-फिलहाल हुए चुनावों में महिलाओं के लिए कैश पेमेंट संबंधी योजनाएं काफी कारगर रही हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा ने 'लाडली बहना' योजना के जरिए एक बड़ा उदाहरण पेश किया है। इसके बाद कांग्रेस ने भी इस ट्रेंड को फॉलो किया है। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के चुनावों में इस योजना के दम पर महिला वोटरों को अपने पक्ष में करने में सफलता पाई है। अब महाराष्ट्र में भी वह इसको दोहराने की योजना बना रही है।

## एनसीआर की कई इलाकों में घरों के ऊपर से गुजर रहीं हाईटेंशन लाइन हटेंगी, दर्जनों कॉलोनियों को मिलेगी राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
घरों के ऊपर से गुजर रहीं हाईटेंशन लाइनें हटाई जाएंगी। गुरुग्राम में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) ने पटौदी और फर्रुखनगर क्षेत्र में 11केवीए क्षमता की छह हाईटेंशन लाइन को स्थानांतरित करने की योजना बनाई है। इस लाइन के नीचे लोगों ने घर बना लिए हैं, जिसकी वजह से हादसा होने का डर बना रहता था।

डीएचबीवीएन के स्थानीय अधिकारियों ने इस मामले को प्रबंध निदेशक पीसी मीणा के समक्ष रखा था। मीणा ने आदेश जारी किए हैं कि इन हाईटेंशन लाइन को स्थानांतरित करवाया जाए। इस योजना पर करीब 62 लाख रुपये का खर्चा आएगा। पटौदी शहर में रामलीला ग्राउंड के पास 11केवीए हाईटेंशन लाइन के नीचे लोगों ने मकान बना लिए हैं। इसके अलावा फर्रुखनगर के गांव मुसैदपुर, वॉर्ड नंबर आठ स्थित



बलहाली बस्ती, शिव मंदिर के पास, सुल्तानपुर गांव के पास और नई गढ़ी में भंडारी ट्रांसफार्मर के पास लोगों ने हाईटेंशन लाइन के नीचे घर बना लिए हैं। घरों की छत पर बच्चे खेलते रहते हैं। लोग कपड़े सुखाने के लिए जाते हैं। ऐसे में हादसा होने का डर बना रहता है। इसको देखते हुए दो महीने पहले डीएचबीवीएन की तरफ से सर्वे किया था। इस दौरान जांच की गई थी कि इन तारों को स्थानांतरित किया जा सकता है या नहीं। तारों को स्थानांतरित करने की जगह मिलने के बाद डीएचबीवीएन ने इन्हें स्थानांतरित करने की योजना बनाई, जिसे प्रबंध निदेशक ने हरी झंडी दे दी है।

तेलपुरी फीडर से गांव नानूकलां के स्कूल तक हाईटेंशन केबल जा रही है। डीएचबीवीएन ने सर्वे में पाया है कि इस लाइन को स्थानांतरित करने के लिए जगह नहीं है। ऐसे में लाइन स्थानांतरित करने की योजना को रद्द कर दिया है।

डीएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता श्यामबीर सैनी ने कहा, हाईटेंशन लाइन के नीचे अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित हो गई हैं। इसके चलते इन लाइन को स्थानांतरित करने की योजना बनाई गई है। उपमंडल अभियंता और कार्यकारी अभियंता को आदेश जारी किए हैं कि इन लाइनों को अतिशीघ्र स्थानांतरित करवाएं।

## बालिका संप्रेषण गृह से तीन नाबालिग लड़कियां फरार, गार्ड को पहले बनाया बंधक, फिर स्कूली लेकर भागी

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले स्थित बालिका संप्रेषण गृह से तीन नाबालिग लड़कियां फरार हो गई है। तीनों किशोरियों में कई अपराधिक मामला दर्ज है। नाबालिग लड़कियों ने बालिका संप्रेषण गृह से वहां मौजूद कर्मचारियों को चमका देकर फरार हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, किशोरियों ने गार्ड और होम मेड को बंधक बनाकर स्कूटी लेकर फरार हो गई हैं। मामले में पुलिस जांच में जुट गई है। मामले में बसंतपुर थाना क्षेत्र के निलगिरी पार्क स्थित बालिका संप्रेषण गृह में निरूध्द तीन बालिकाएं जिनके ऊपर आपराधिक मामले दर्ज हैं। तीनों बालिका पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, इसमें से दो बालिकाओं पर धारा 302 का मामला दर्ज है। साथ ही एक अन्य बालिका पर 294,323 और अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध है। संप्रेषण गृह से फरार नाबालिगों की सूचना पुलिस को दी गई है। अब मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। तीनों की पता तलाश जारी है। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली पुलिस क्षेत्र में बालिकाओं की तलाश कर रही है। मामले में राजनांदगांव सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि रात्रि हमें सूचना मिली की बालिका संप्रेषण गृह में निरूध्द तीन अपचारी बालिकाएं वहां के गार्ड को और हाउस मेड को बंधक बनाकर स्कूटी लेकर फरार हो गई है। पुलिस को सूचना मिलने के बाद पता तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही तीनों को पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बता कि इस मामले में किसी भी कर्मचारी की संलिप्त अभी सामने नहीं आई है, हालांकि अभी जांच की जा रही है। वहां तैनात महिला होमगार्ड ने पकड़ने की बहुत कोशिश की लेकिन नाकाम रही और तीनों किसी भी तरीके से भागने में कामयाब हुए।

## शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार एरियर दें वर्ना...; हाईकोर्ट का दिल्ली के निजी स्कूलों को सख्त निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के निजी स्कूलों के शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली हाई कोर्ट ने निजी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के तहत एरियर का भुगतान करें। निजी स्कूलों के शिक्षकों को एरियर नहीं मिलने को लेकर दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने निजी स्कूलों के संचलकों को फटकार भी लगाई।

हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अगर निजी स्कूल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भी जमा करने में असमर्थ हैं तो इसका मतलब है कि स्कूल दयनीय स्थिति में है। उनके पास स्कूल के संचालन के लिए पर्याप्त धन नहीं है। कोर्ट



ने स्कूल संचालकों से पूछा कि वे कैसे, किस तरीके से और कब अपने शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन दे सकते हैं। जस्टिस सुरेश कुमार कैथल ने कहा कि अगर स्कूलों के पास इसे लागू करने का संसाधन नहीं है तो अदालत शिक्षा निदेशालय को ऐसे स्कूलों को अपने नियंत्रण में लेने का आदेश देने को बाध्य होगी। जस्टिस कैथल ने कहा कि कोर्ट शिक्षकों और छात्रों के हितों के साथ खिलवाड़ होता नहीं देख सकती है। कोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षों से अपनी-अपनी लिखित रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। इससे पहले मामले की सुनवाई के दौरान निजी स्कूलों की ओर पेश वकील ने कहा कि स्कूल याचिकाकर्ता शिक्षकों को देय राशि का 25 प्रतिशत भी देने की स्थिति में नहीं है। वकील ने दलील दी कि शिक्षा निदेशालय ने उन्हें फीस में बढ़ोतरी करने की इजाजत नहीं दी। इस मामले में अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने आप सरकार को निजी गैर सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों के वेतन से संबंधित वेतन आयोग की शिफारिशों के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए समिति गठित करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि यह खेदजनक है कि शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग की शिफारिशों के अनुसार अपने वेतन और अन्य लाभ के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है, जिसके वे हकदार हैं।

## दिल्ली में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ धड़ाधड़ एक्शन, 27 फीसदी ज्यादा चालान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। जनवरी से जून माह की अवधि में पिछले साल की तुलना में इस साल 27 फीसदी ज्यादा चालान शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में किए गए हैं। खास बात यह है कि यातायात पुलिस ने दिल्ली की उन दस जगहों की पहचान भी की है जहां पर शराब पीकर वाहन चलाने के मामले सबसे ज्यादा हैं। सड़क हादसों के प्रमुख कारणों में शराब पीकर वाहन चलाने को भी शामिल किया जाता है।

ऐसे चालक न सिर्फ अपनी बल्कि दूसरों की भी जान को जोखिम में डालते हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों से होने वाले खतरे को दूर करने के लिए यातायात पुलिस ने ऐसे चालकों के खिलाफ कार्रवाई को तेज कर दिया है। यातायात पुलिस के मुताबिक पिछले वर्ष जनवरी से जून माह में कुल नौ हजार 837 चालान किए गए थे। लेकिन, इस बार छह महीने की अवधि में 12 हजार 468 चालान किए गए हैं।

यानी पिछले साल की तुलना में इसमें 27 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यातायात पुलिस के मुताबिक शराब पीकर वाहन चलाने वालों के मामलों में हो रही बढ़ोतरी को एक चेतावनी की तरह देखा जाना चाहिए। कानून को लागू कराने वाली संस्थाओं के साथ-साथ इस पर आम लोगों को भी ध्यान देना चाहिए। यातायात पुलिस ने उन दस जगहों को भी चिह्नित किया है, जहां पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के सबसे ज्यादा चालान हुए हैं। यातायात पुलिस के मुताबिक इन छह महीनों में सबसे ज्यादा 770 चालान राजौरी गार्डन में हुए हैं। जबकि, दूसरे नंबर पर मौजूद समयपुर बादली में 514 चालान हुए हैं।




# डेब्यू में डक होने वाले अभिषेक शर्मा का तूफान

## 46 गेंदों पर ठोकी करियर की पहली सेंचुरी

**हरारे(एजेंसी)।** अभिषेक शर्मा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उनकी पारी 4 गेंदों पर खत्म हो गई थी। अभिषेक खाता भी नहीं खोल पाए थे। लेकिन एक दिन बाद ही अभिषेक ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक ठोक दिया है। अपने दूसरे ही इंटरनेशनल मैच में अभिषेक ने 46 गेंदों पर शतक ठोक दिया। फिफ्टी से शतक तक पहुंचने में उन्होंने सिर्फ 13 गेंदों का सामना किया।

**हैट्रिक छक्के से अभिषेक का शतक –** अभिषेक शर्मा ने लगातार तीन गेंदों पर तीन शतक लगाकर शतक पूरा किया। यह दिखाता है कि वह रिकॉर्ड के लिए नहीं खेलते हैं। 43 गेंदों पर वह 82 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद वेलिंगटन मसाकाद्जा को लगातार तीन छक्के मारे। हालांकि शतक बनाने के बाद अगली ही गेंद पर आउट भी हो गए। 47 गेंदों की अपनी 100 रनों की पारी में अभिषेक शर्मा ने 7 चौके और 8 छक्के मारे।

**जीवनदान मिलने के बाद हुए खतरनाक –** अभिषेक शर्मा ने इस मैच में सेट होने के लिए समय लिया। उन्हें जिम्बाब्वे के फील्डर्स ने जीवनदान भी दिया। उन्हें जीवनदान मिला तो 23 गेंद पर 27 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद पंजाब के इस बल्लेबाज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 33 गेंदों पर उन्होंने अपनी पहली फिफ्टी लगाई। अगले 13 गेंदों पर शतक लगा दिया। टी20 क्रिकेट में यह उनकी चौथी सेंचुरी है।

**टीम की शुरुआत थी खराब –** जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत की बैटिंग पूरी तरह फेल रही थी। 116 रनों के लक्ष्य के सामने भारतीय टीम 102 पर ऑलआउट हो गई। एक ही बाद ही सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में भी भारत की शुरुआत खराब रही। कप्तान शुभमन गिल दूसरे ही ओवर में आउट हो गए। इसके बाद अभिषेक शर्मा और रुतुराज गायकवाड़ ने संभलकर बैटिंग की। 6 ओवर के बाद भारत का स्कोर 36 रन ही था।

# दिग्गज रेसलर जॉन सीना ने WWE से संन्यास की घोषणा की




**न्यूयॉर्क,एजेंसी।** वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट के दिग्गज रेसलर जॉन सीना अपने लीजेंड्री करियर का जल्द ही अंत करने जा रहे हैं। WWE के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में जॉन सीना ने इन-रिंग प्रतियोगिता से संन्यास की घोषणा की है। वह 2025 में WWE को अलविदा कहेंगे। जॉन सीना कनाडा के टोरंटो में डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक शो में लौटे। उन्होंने सभी फैंस को चौंकाते हुए अचानक एंट्री की। इसके बाद उन्होंने कहा, आज रात मैं आधिकारिक तौर पर WWE से अपनी रिटायरमेंट की घोषणा कर रहा हूं। जॉन सीन की इस घोषणा ने उनके प्रशंसकों को दुखी कर दिया है।

एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट किया, आपको याद करेंगे चैंपियन। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा- सीना के बिना डब्ल्यूडब्ल्यूई देखना मुश्किल होगा। सीना ने खुलासा किया कि वह फिलहाल मंडे नाइट रॉ में बने रहने की योजना बना रहे हैं। दरअसल, मंडे नाइट रॉ शो जनवरी 2025 में नेटफ्लिक्स पर लॉन्च होने जा रहा है। सीना ने कहा- मैं आज संन्यास नहीं लूंगा। यह विदाई, यह आज रात खत्म नहीं होती है। उन्होंने कहा, हर कोई मंडे नाइट रॉ को अगले साल इतिहास बनाते देखना चाहता है। जब यह शो नेटफ्लिक्स पर आएगा तो इतिहास रचा जाएगा। मैं कभी भी नेटफ्लिक्स पर रॉ का हिस्सा नहीं रहा, यह इतिहास है। यह पहली बार है, और मैं वहां रहूंगा। उस इतिहास का गवाह बनूंगा। सीना ने कहा- 2025 रॉयल रंबल मेरा आखिरी होगा। 2025 एलिमिनेशन चैंबर मेरा आखिरी होगा। और मैं आज रात यहां यह घोषणा करने के लिए हूं कि लास वेगास में रेसलमेनिया 2025 मेरा आखिरी रेसलमेनिया होगा जिसमें मैं मुकाबला करूंगा। सीना ने 2001 में WWE के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और उसके बाद लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। शुरुआत में उनकी और कर्ट एंगल की फ्यूड काफी चर्चा में रही थी। कर्ट ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट हैं।

2018 में वह WWE से दूर हो गए और कभी कभी दिखते रहे। उन्होंने अपने अभिनय करियर को आगे बढ़ाने के लिए इससे किनारा कर लिया। वह रिकॉर्ड 16 बार के WWE विश्व चैंपियन हैं। हाल ही में जॉन सीना फास्ट एंड फ्यूरियस, बार्बी जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

# कपिल देव और एमएस धोनी की विरासत रोहित शर्मा ने आगे बढ़ाई: गावस्कर




**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि सलामी बल्लेबाज रोहित भी एमएस धोनी और कपिल देव की तरह ही लोगों के कप्तान हैं। रोहित टी20 विश्व कप 2007 और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारत की टीम के सदस्य थे। कप्तान के तौर पर वो वनडे विश्व कप 2023 और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उपविजेता रहे। लेकिन रोहित को आखिरकार किस्मत का साथ तब मिला जब भारत ने पिछले महीने केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर टी20 विश्व कप जीता।

टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद रोहित ने टी20 विश्व कप 2024 जीत को अपने खेल करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया, जिसे भारत ने प्रतियोगिता में अजेय टीम के रूप में जीता। गावस्कर ने रविवार को मिड-डे के लिए अपने कॉलम में लिखा, रोहित शर्मा उन दो अन्य क्रिकेट दिग्गजों, कपिल देव और धोनी के साथ शामिल हो गए हैं, जिन्होंने भारत को विश्व कप ट्रॉफी दिलाई है। इन दोनों की तरह, रोहित भी लोगों के कप्तान हैं। न केवल उनकी टीम के सदस्यों द्वारा, बल्कि पूरे भारतीय क्रिकेट समुदाय में उन्हें खूब पसंद किया जाता है। क्रिकेट प्रशंसकों को उनकी नेतृत्व शैली भी पसंद है और रणनीति के मामले में, वे खेल में सबसे तेज हैं। उनके कुछ कदम आपको आश्चर्यचकित कर सकते हैं, लेकिन अंतिम परिणाम अक्सर वही होता है जिसकी टीम को उस समय जरूरत होती है। गावस्कर ने रोहित और राहुल द्रविड़ की कप्तान-कोच जोड़ी की भी सराहना की, जिन्होंने भारत को ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई।

राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ ने भी जीत में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट में, रोहित ने 156.70 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए और भारत को बल्ले से तेज शुरुआत देने की जिम्मेदारी ली, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ उनके अर्धशतक महत्वपूर्ण थे।

## विम्बलडन :

# विम्बलडन का आनंद लेने पहुंचे क्रिकेट के भगवान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सचिन के अलावा इंग्लैंड के टेस्ट और सीमित ओवरों के कप्तान बेन स्टोक्स और जोस बटलर के साथ पूर्व कप्तान जो रूट भी विम्बलडन के मुकाबलों का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे।

क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर शनिवार को विम्बलडन सेंटर कोर्ट पहुंचे। इस दौरान दर्शकों ने भारतीय दिग्गज को स्टैंडिंग ओवेशन दिया और तालियां बजाईं। वहीं, पूर्व बल्लेबाज ने हाथ हिलाकर प्रशंसकों को धन्यवाद कहा। सचिन के अलावा इंग्लैंड के टेस्ट और सीमित ओवरों के कप्तान बेन स्टोक्स और जोस बटलर के साथ पूर्व कप्तान जो रूट भी विम्बलडन के मुकाबलों का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे। अब विम्बलडन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक खास वीडियो साझा करते हुए सचिन का स्वागत किया। विम्बलडन ने एक्स पर डाले वीडियो के साथ लिखा, सेंटर कोर्ट पर फिर आपका स्वागत है सचिन।

## बैडमिंटन

# प्रियांशु राजावत ने किया उलटफेर, डेनमार्क के इस खिलाड़ी को हराकर कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराया। राजावत ने एंटोनसेन को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। राजावत शानदार लय में दिख रहे हैं और उन्होंने अपना प्रदर्शन इस शीर्ष वरीय खिलाड़ी के खिलाफ भी जारी रखा और कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया। यह पहला अवसर है जब इस 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। राजावत दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना फ्रांस के अलेक्स लेनियर से होगा। राजावत ने अच्छी शुरुआत की तथा पहले गेम में एक समय वह 7-4 से आगे थे। एंटोनसेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर 9ङ्क9 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार पांच अंक बनाए। एंटोनसेन ने फिर वापसी की कोशिश की, लेकिन राजावत ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

## इंडिया वर्सेस जिम्बाब्वे

# काम खत्म नहीं हुआ है अभी सीरीज जीतनी है : सिकंदर रजा

**हरारे, एजेंसी।** जिमबाब्वे क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए हरारे के मैदान पर टीम इंडिया के खिलाफ पहला मुकाबला 13 रन से जीत लिया। सिंदर रजा की अगुवाई में जिमबाब्वे टीम ने पहले खेलते हुए महज 115 रन ही बनाए थे लेकिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को 102 रन पर ही ऑलआऊट कर दिया। मैच में सिकंदर ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। उन्होंने मैच खत्म होने के बाद कहा कि मैं जीत से बहुत खुश हूं। एक समय में एक खेल लेने की जरूरत है। काम खत्म नहीं हुआ, अभी सीरीज खत्म नहीं हुई है। विश्व चैंपियन विश्व चैंपियन की तरह खेलते हैं इसलिए हमें अगले गेम के लिए तैयार रहना होगा।



रजा ने कहा कि यह ऐसा विकेट नहीं है जहां आप 115 रन पर आउट हो जाएं। दोनों पक्षों के गेंदबाजों को श्रेय देना चाहिए। यह स्पष्ट रूप से एक संकेत है कि हमें अपने कौशल को बढ़ाने की जरूरत है। मैंने कहा कि जब तक हम भीड़ और चेंजिंग रूम के प्रति सच्चे रह सकते हैं, तब तक मुझे परिणाम की परवाह नहीं है। आज हम अपनी योजनाओं पर कायम रहे और हमने अपने लोगों का समर्थन किया। हमारी कैचिंग और ग्राउंड फील्डिंग अद्भुत थी लेकिन हमने कुछ गलतियां कीं, जिससे पता चलता है कि सुधार की गुंजाइश है। हम जानते थे कि प्रशंसक हमारा हौसला बढ़ाएंगे और हमें ऊर्जा देंगे, इसका श्रेय उन्हें जाता है, इससे हमें मदद मिली।

## हार्दिक पांड्या पर बोले ईशान किशन

# आपको कड़ी मेहनत, ईमानदारी का परिणाम मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के क्रिकेटर इशान किशन ने पिछले छह महीनों में सुस्त फॉर्म से जूझने के बावजूद अपने शांत और केंद्रि÷ दृष्टिकोण के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की सराहना की। चोट लगने के बाद भारत का यह ऑलराउंडर वनडे विश्व कप 2023 से बाहर हो गया।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में भी, 30 वर्षीय खिलाड़ी मुंबई इंडियंस (एमआई) को टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में ले जाने में असफल रहे। लेकिन हार्दिक ने टी20 विश्वकप में अपनी उपयोगिता साबित कर टीम इंडिया को खिताब दिला दिया। हार्दिक ने बल्ले से 8 मैचों की 6 पारियों में 151.57 की स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए। इस बीच उन्होंने गेंद से भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने टूर्नामेंट में 8 मैच खेलकर 7.64 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए। उन्होंने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टीम इंडिया को अपनी दूसरी टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीतने में मदद की।




बहरहाल, किशन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कहा कि हार्दिक को पिछले कुछ महीनों में कई चीजों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि ऑलराउंडर को उनकी कड़ी मेहनत का फल मिला। किशन ने लिखा- पिछले कुछ महीनों में आपने बहुत सी चीजों का सामना किया, फिर भी आप शांत और केंद्रित रहे। और आज भैया आपको अपनी कड़ी मेहनत, ईमानदारी और निष्ठा का परिणाम मिला।

मैं और भी बहुत कुछ महसूस करता हूं और कहना चाहता हूं लेकिन शब्द कम पड़ जाएंगे। किशन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आप एक चैंपियन हैं और आप दुर्लभ हैं। किशन ने टी20 विश्व कप जीत के बाद हार्दिक पंड्या से मुलाकात का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने ऑलराउंडर से मिलने के बाद उसे गले लगाया।

# महिला टी20 एशिया कप में हरमनप्रीत कप्तान, पहला मुकाबला होगा पाकिस्तान से

**मुंबई, एजेंसी।** हरमनप्रीत कौर 19 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले महिला टी20 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी।

हरमनप्रीत अभी चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला में खेल रही हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में शानदार फॉर्म में चल रही सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को उप-कप्तान बनाया गया है। मुख्य टीम की 15 खिलाड़ियों के अलावा श्वेता सहरावत, साइका इशाक, तनुजा कंवर और मेघना सिंह को रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर शामिल किया गया है। भारत को टूर्नामेंट के ग्रुप ए में रखा गया है जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (19 जुलाई), संयुक्त अरब अमीरात (21 जुलाई) और नेपाल (23 जुलाई) शामिल हैं। सभी मैच रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जायेंगे।

भारत गत विजेता है और उसने रिकॉर्ड सात बार प्रतियोगिता जीती है।



### भारतीय टीम:

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), पूजा वस्त्रकार, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल और सजना सजीवन।

**रिजर्व:** श्वेता सहरावत, साइका इशाक, तनुजा कंवर और मेघना सिंह।

# ओलंपिक से पहले विनेश फोगाट का दमदार प्रदर्शन, स्पेन ग्रां प्री के फाइनल में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार की विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तियुमेरेकोवा को 10-5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वलिफाई कर चुकी भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को स्पेन ग्रां प्री में महिलाओं के 50 किग्रा का स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तियुमेरेकोवा को 10-5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। विनेश को बुधवार को आखिरी समय में शेंगेन वीजा मिला था और उन्होंने बिना किसी परेशानी के तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई थी।

29 वर्षीय विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ने पहले क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को अंकों के आधार पर 12-4 से हराया।

इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता कनाडा की मैडिसन पार्क्स के खिलाफ जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में, विनेश ने एक अन्य कनाडाई केटी डचक को अंकों के आधार पर 9-4 से हराया।

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, सोमवार, 08 जुलाई 2024
बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


जमशेदपुर से डेहरी ले जाई जा रही थी गांजे की बड़ी खेप

# पुलिस ने तीन गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

- मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 जीटी रोड पर एक प्राईवेट बस से 12 पैकेट गांजा बरामद की।
- गांजा की कुल कीमत 1 लाख 20 हजार रुपये आंकी जा रही है।
- मोबाइल फोन भी बरामद किए गए।
- औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना द्वारा एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत मामले में कार्रवाई शुरू की गई है।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 जीटी रोड पर रविवार को सघन वाहन चेकिंग के दौरान औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने एक प्राईवेट बस से गांजा की बड़ी खेप बरामद की है। मामले में पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह औरंगाबाद मुफ्फसिल थानाध्यक्ष ने बताया कि औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना के पुलिस पदाधिकारी द्वारा सशस्त्र बल के सहयोग से थाना के सामने ही एनएच-19 पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस क्रम में एनएच के दोनों ओर से आने-जाने वाले छोटे एवं बड़े वाहनों को रोक कर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान जमशेदपुर से आरा जा रही प्राईवेट बस नंबर जेएच 22 ई 6711 को रोका गया। बस में प्रवेश करते ही पुलिस को देखते ही वाहन में सवार तीन लोग

घबरा कर बस से उतरने की कोशिश करने लगे। इसके बाद तीनों को पुलिस अधिकारी ने सशस्त्र बलों के सहयोग से तीनों को हिरासत में लेकर बस की तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान बस के खलासी से डिक्की खोलवाकर उसमें रखे बैग के बारे में पूछा गया। पूछने पर खलासी ने पुलिस को बताया कि डिक्की में रखे तीनो बैग हिरासत में लिए गए तीनों लोगों के है। इसके बाद तीनों ने मौके पर ही पूछताछ में स्वीकार किया कि तीनों बैग उनके ही है, जिसमें गांजा भरा है। इसे बेचने के लिए वे लोग रोहतास जिले के डिहरी ले जा रहे थे। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के प्रावधान के तहत हिरासत में लिए गए तीनों लोगों के समक्ष ही बैग की विधिवत तालाशी ली। तलाशी में काले

रंग के एक बैग से प्लास्टिक में बांधा हुआ 04 पैकेट गांजा, आसमानी रंग के दूसरे बैग से भी 04 पैकेट गांजा और उजले रंग के तीसरे झोले से भी 04 पैकेट गांजा यानी कुल 12 पैकेट गांजा बरामद किया गया। जांच में प्रत्येक पैकेट का वजन 01 किलो पाया गया।बरामद गांजे की कुल कीमत 1 लाख 20 हजार आंकी जा रही है। वही तलाशी के दौरान हिरासत में लिए गए तीनों में से एक के पॉकेट से ओप्पो कंपनी का एक मोबाईल, दूसरे के पैंट के दायें पॉकेट से नोकिया का कीपैड मोबाईल एवं तीसरे के पैंट के बायें पॉकेट से नोकिया का कीपैड मोबाईल बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान नाम-पता उगलवाने के बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार गांजा तस्करों में रोहतास जिले के नासरीगंज थाना के सुकहारा डिहरी निवासी राजेश भगत, करहगर थाना के करु निवासी शैलेंद्र सिंह एवं काराकाट थाना के धर्मागढ़ पड़ासी निवासी विनोद तिवारी शामिल है।

# वज्रपात से एक बच्चे की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कजपा गांव में रविवार को कजपा बधार में खेल खेलने के दौरान बच्चों को ऊपर व्रजपात गिर गई। जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई एवं एक घायल है। मृतक की पहचान कजपा गांव निवासी बुटानी पासवान के 14 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार एवं इसी गांव के घायल उपेंद्र पासवान के पुत्र सोम कुमार है। घटना के बाद परिजन ने औरंगाबाद सदर अस्पताल लेकर गया जहां अंकित को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया एवं घायल सोम का इलाज जारी है।

कजपा मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत यादव ने बताया कि गांव के बधार में बुटानी पासवान के पुत्र अंकित कुमार, उपेंद्र पासवान के पुत्र सोम कुमार, नंदू मालाकार के पुत्र रजनीकांत एवं अन्य बच्चे रविवार की दोपहर में खेल रहे थे तभी अचानक बारिश होने लगी सभी बच्चे इधर-उधर छिपने लगे की व्रजपात की चपेट में आने से अंकित की मौत हो गई एवं सोम कुमार घायल हो गया तथा अन्य बच्चे सुरक्षित हैं।

जानकारी के अनुसार अंकित कुमार कक्षा आठवीं का छात्र था। जो गांव के ही मध्य विद्यालय कजपा में पढ़ने जाता था। रविवार की छुट्टी रहने के कारण बच्चों के साथ दोपहर में घर से कुछ दूरी पर खेल रहा था। तभी बारिश शुरू हुई और यह घटना घटी। मृतक के पिता बुटानी पासवान सूरत में रहकर काम करते हैं। घटना के बाद बहन प्रियंका कुमारी, खुशबू कुमारी, गुड़िया कुमारी, मां अलकरिया देवी, छोटा भाई अभिषेक कुमार का रो रो कर बुरा हाल है।

# मनरेगा अंतर्गत मुखिया ने किया वन महोत्सव का शुभारंभ

**नवीनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रविवार को प्रखण्ड नबीनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत-रामपूर में मनरेगा अंतर्गत वन महोत्सव 2024 का शुभारंभ मुखिया राजकुमारी देवी द्वारा किया गय। इस अवसर पर आदरणीय जिला पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री एवं उप विकास आयुक्त औरंगाबाद अभ्येन्द्र मोहन सिंह उपस्थित रहें। इस अवसर पर फलदार वृक्ष एवं काष्टीय पौधा छोटकी पाढी स्थित पोखरा के चारों तरफ लगाया गया। इसके साथ ही प्रखण्ड परिसर में मनरेगा द्वारा निर्मित जीविका भवन का उद्घाटन मुखया राजकुमारी देवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं उप विकास आयुक्त अभ्येन्द्र मोहन सिंह उपस्थित रहें। उद्घाटन के उपरान्त जिला पदाधिकारी द्वारा जीविका दिदियों को संबोधित किया गया जिसमें जिला पदाधिकारी द्वारा महिला सस्शक्तीकरण के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा कि गयी। साथ ही उप विकास आयुक्त द्वारा मनरेगा एंव जीविका के अभिसरण से होनें वाले कार्यो की चर्चा की गयी। जीविका दीदियों के द्वारा किये जा रहें कार्यो से संबंधित अनुभव साक्षा किया गया। इस अवसर पर डीपीएम (जीविका) पवन कुमार, डीपीओ (मनरेगा) अखौरी मनीष, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार संह एवं अंचला अधिकारी निखत प्रवीण, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समीमा प्रवीण, कार्यक्रम पदाधिकारी विजय रंजनपरमार, बीपीएम (जीविका) नर्वचन गढ़वाल, कनीय अभियंता (मनरेगा) चन्द्रशेखरराय, पंचायत समिति सदस्या इंदु कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि रामपुर कौशल कुमार सिंह, पिपरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि, पिन्टु कुमार सिंह, धन्नजय कु. सिंह जीविका दीदियों सहित अन्य प्रखण्ड स्तरीय कर्मी उपसथित रहें।

35 वर्षों से निरंतर प्रकाशित नवबिहार टाइम्स की सकारात्मक पत्रकारिता की सराहना

# विकास, जन-जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका : मंत्री

- विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए कई हस्तियां सम्मानित

विशेष संवाददाता | पटना





बिहार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा है कि पर्यावरण को संरक्षित और सुरक्षित बनाए रखने का संदेश जन-जन तक पहुंचने में मीडिया को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जरूरत है। डॉ. कुमार ने शनिवार की शाम यहां एएन कॉलेज के सभागार में दैनिक नवबिहार टाइम्स के 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में कहा कि जिस प्रकार से जलवायु परिवर्तन के विभिन्न दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं, ऐसी स्थिति में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने की अत्यावश्यकता है और इसका संदेश जन-जन तक पहुंचाने तथा जनता को जागरूक करने में मीडिया से विशेष अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज को दिशा दिखाने का काम करता है और आज भी समाचार पत्रों पर आम जनता का सबसे अधिक भरोसा है, जुड़ाव है। डॉ कुमार ने कहा कि बिहार के किसी जिले से 35 वर्षों से दैनिक नवबिहार टाइम्स का प्रकाशन देश की पत्रकारिता जगत के लिए भी महत्वपूर्ण है और नये समाचार पत्रों के लिए प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास तथा विधि मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि बिहार में अब मीडिया सकारात्मक तथा विकासात्मक खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित-प्रसारित करें ताकि इस दिशा में अच्छा काम करने वाले लोगों को प्रोत्साहन एवं बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया को सकारात्मक रिपोर्टिंग कर विकसित राज्य बनाने में अपना विशिष्ट योगदान देने की जरूरत है। श्री नवीन ने कहा कि राज्य से प्रकाशित हो रहे पत्र-पत्रिकाओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा कि विभाग पत्र-पत्रिकाओं के साथ-साथ पत्रकारों के हित में काम करेगा। उन्होंने कहा कि किसी राज्य के विकास में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और बिहार की मीडिया इस दिशा में अच्छे ढंग से काम कर रही है। राज्य के सुदूरवर्ती इलाके औरंगाबाद से अनवरत 35 वर्षों से नवबिहार टाइम्स का प्रकाशन गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने विकास, जागरूकता और समाज को सही दिशा दिखाने में मीडिया की उपयोगिता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नवबिहार टाइम्स ने अपनी सकारात्मक खबरों के माध्यम से पाठकों तथा समाज में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। श्री सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन तथा देशव्यापी जल संकट को देखने के लिए नेशनल वाटर ग्रिड बनाने की जरूरत है और बाढ़ तथा नदियों के पानी की बर्बादी को रोककर उसका सदुपयोग करने का समय अब आ गया है । इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय के अपर महानिदेशक एसके मालवीय, आकाशवाणी के समाचार प्रमुख अजय कुमार , केंद्रीय संचार ब्यूरो के उपनिदेशक संजय कुमार , ए एन कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के औरंगाबाद के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार, कमलकांत सहाय, श्रीराम अम्बष्ट ने भी मीडिया के महत्व तथा उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा, बी डी कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेकानंद सिंह, बर्सर अमित कुमार , बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज के सचिव डॉ अजय प्रकाश, इंडस टावर के स्टेट हेड (ऑपरेशन) पंकज सिन्हा, यूपीएससी से सिविल सेवा के लिए चयनित मोनिका श्रीवास्तव, शिक्षा पुरुष सुरेश प्रसाद गुप्ता, डॉ निर्मल कुशवाहा, डॉ सोनाली गुप्ता, श्रेष्ठ एसआर इंजीनियरिंग प्रा. लिमिटेड के निदेशक सुरेंद्र श्रेष्ठ , समाजसेवी मुनेश जैन, लक्ष्मी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष अभिषेक कुमार आदि को सम्मानित किया गया। आगतों का स्वागत नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने किया और संचालन किया प्रेमेंद्र कुमार मिश्र एवं शंकर कैमूरी ने। इस मौके पर आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड से आये कवि - कवयित्रियों अर्चना अर्चन, नागेश्वर शांडिल्य, विभा सिंह, शिवकुमार व्यास, कस्तूरी सिन्हा एवं शंकर कैमूरी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

# भरभरा कर गिरा पुराना मकान, बाल-बाल बचा पूरा परिवार

**गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** पिछले दिनों से लगातार हर रोज हो रही क्षेत्र में बारिश के चलते कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है। रविवार की शाम बंदेया थाना क्षेत्र के रूकुंदी गांव में एक पुराना पक्का मकान उस वक्त गिर गया जब परिवार के सदस्य खाना बना रहे थे। गनीमत यह रही कि खाना बनाती महिला जैसे ही पानी लाने घर से बाहर निकली, वैसे ही मकान धाराशाई हो गया। इस दौरान पूरा परिवार बाल बाल बच गया।

शिक्षा परिशिष्ट की प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं



प्रो. राधेश्याम प्रसाद
प्राचार्य
उपेन्द्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज
ईटावाँ, बाके बाजार, जिला : गया
सह राष्ट्रीय अध्यक्ष
पिछड़ा प्रकोष्ठ, हम (से.)

शिक्षा परिशिष्ट की प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
के.वी.एम. क्लासेज
गया रोड, गोह (औरंगाबाद)
प्रत्येक वर्ष टॉपर्स देने वाले जिले का एकमात्र शिक्षण संस्थान केवीएम क्लासेस : हमारे यहां सैनिक नवोदय सिमुलतला की तैयारी करवाई जाती है।



कुंदन कुमार
संस्थापक

राहुल सिंह
निदेशक



# 39 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, पांच धंधेबाज गिरफ्तार

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत औरंगाबाद के ओबरा थाना की पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 पर दौलतपुर गंज के पास एक टेम्पो से 39 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। मामले में पुलिस ने पांच अवैध शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाजों में गया जिले के कोंच थाना के इताया निवासी रवींद्र कुमार, अरवल जिले के मेहंदिया थाना के करण बीघा निवासी मंतोष कुमार, कुंजी बीघा निवासी अमित कुमार, औरंगाबाद के दाउदनगर थाना के नवरतनचक निवासी पिंटू कुमार एवं अशोक कुमार शामिल है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।



शिक्षा परिशिष्ट की प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज
औरंगाबाद, बिहार
NAAC से मान्यता प्राप्त 'B' ग्रेड (CGPA 2.23)
एचआरडी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मॉडल कॉलेज में अपग्रेड | मगध विश्विद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई

COURSES
UG Courses
(B.A. / B.Sc. / B.Com)
Vocational UG Courses
(BCA / BBM / B.Sc. Biotech / B.Sc. IT / BLIS / BASP)
Professional Courses
(B. Pharmacy / B.Ed.)
PG Courses
(M.A. / M.Sc. / M.Com)
Vocational PG Courses
(MBA / MCA)



सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, जिसे एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के नाम से जाना जाता है, की स्थापना वर्ष 1943 में एक स्थानीय गणमान्य एवं प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता **श्री अखौरी कृष्ण प्रकाश सिन्हा उर्फ त्रिपुरारी बाबू** ने अपने मित्रों डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा और डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा के नैतिक समर्थन से की थी। इस कॉलेज का नाम पटना विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति **डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा** के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने 1944 में छोटे से उप-विभागीय शहर 'औरंगाबाद' में इस कॉलेज को सम्बद्धता प्रदान की थी। उस वक़्त औरंगाबाद समेत आस पास के जिलों में ऐसे किसी कॉलेज का कोई अस्तित्व नहीं था जहां उच्च शिक्षा ग्रहण की जा सके। यह कॉलेज शहर के मुख्य बाजार से 3 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है, इसके विशाल परिसर में हरे-भरे पेड़ों से फैली हरियाली राहगीरों का ध्यान आकर्षित करती है। सिन्हा कॉलेज का क्षेत्रफल 20 एकड़ से अधिक है। यह मगध विश्वविद्यालय, बोधगया (बिहार) के अंतर्गत सबसे पुराना कॉलेज है, जो वर्ष 1974 में इस विश्वविद्यालय की घटक इकाई में परिवर्तित हो गया। **यह कॉलेज प्रमुख 16 विषयों में ऑनर्स डिग्री, 14 पीजी डिग्री तथा 10 वोकेशनल डिग्री स्तर तक शिक्षण प्रदान करता है।** वर्तमान में इसके प्राचार्य शिक्षाविद डॉ. सुधीर कुमार मिश्र हैं जो सिन्हा कॉलेज को राष्ट्रीय फलक पर शिक्षा का अलख जगाने वाले मंदिर के रूप में स्थापित करने हेतु सतत प्रयत्नशील हैं।



डॉ. सुधीर कुमार मिश्र
(M.Sc. गोल्ड मेडलिस्ट, Ph.D, D.Sc.)
प्राचार्य
सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद

www.ssinhacollege.co.in
+91-6186-223133
principal@ssinhacollege.co.in